ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● रांची ● पौष शुक्ल पक्ष 12 ● विक्रम संवत 2079 ● मंगलवार, 03 जनवरी 2023 ● वर्ष-23 ● अंक-328 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 1.50

अजय ने शेयर की 'भोला' की झलक, तब्बू भी... पेज 12 पर



## NEWS इन ब्रीफ

### स्टेट बार काउंसिल का प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल से मिला

**रांची।** झारखंड स्टेट बार काउंसिल का एक प्रतिनिधिमंडल काउंसिल के अध्यक्ष राजेंद्र कृष्णा के नेतृत्व में भेंट कर नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। उक्त अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड में कोर्ट फी में बढ़ोतरी को वापस करने, बजट में अधिवक्ता कल्याण के लिए प्रावधान करने, एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने आदि विभिन्न मांगों के संबंध में ध्यान आकृष्ट किया। मौके पर राजेश कुमार शुक्ल एवं अन्य मौजूद थे।

### राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव में रिकॉर्ड भीड़

**रांची।** ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान में चल रहा राष्ट्रीय खादी एंव सरस महोत्सव लोगों को खूब पसंद आ रहा है। झारखंड खादी बोर्ड की तरफ से लगाया गया यह खादी मेला आठ जनवरी तक मेला आम लोगों के लिए खुला रहेगा। झारखंड खादी बोर्ड के सीईओ राखाल चंद्र बेसरा ने बताया है कि 31 दिसम्बर और एक जनवरी को लोगों ने राष्ट्रीय खादी एंव सरस महोत्सव में जमकर खरीदारी की है। एक जनवरी को एक लाख से अधिक लोग खादी मेला में आये और जमकर खरीदारी की।

### नये साल पर 45 करोड़ रुपये की बिकी शराब

**रांची।** नये साल के जश्न में झारखंड में लगभग 45 करोड़ रुपये के शराब बेचे गये हैं। वहीं, राजधानी रांची में 31 दिसम्बर को 4.53 करोड़ रुपये की शराब बेची गयी। रांची में शराब की बिक्री का यह रिकॉर्ड है। 31 दिसम्बर की बिक्री ने पहले के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। 1 जनवरी को भी रांची में खूब शराब की बिक्री हुई है। इसके आधिकारिक आंकड़े अब तक जारी नहीं किए गये हैं, लेकिन विभाग के सूत्रों के अनुसार रांची में 3 करोड़ से अधिक शराब की बिक्री हुई है।

### बिहार के मतदाताओं को जागरूक करेगी मैथिली

**पटना।** बिहार में मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से संचालित स्वीप गतिविधियों के लिए लोक गायिका मैथिली ठाकुर को राज्यस्तरीय स्वीप आईकॉन बनाया गया है। इस संबंध में चुनाव आयोग की तरफ से अधिसूचना जारी कर की गई है। वहीं, अब मैथिली ठाकुर 2024 लोकसभा चुनाव से पहले बिहार के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करेंगी। दरअसल, राज्य निर्वाचन आयोग ने मैथिली ठाकुर के नाम का प्रस्ताव चुनाव आयोग को भेजा था जिस पर चुनाव आयोग ने मुहर लगा दी है।



# नोटबंदी सही

## न्यायमूर्ति एस अब्दुल नजीर की अध्यक्षता वाली पीठ ने 4:1 से नोटबंदी को माना सही



### जस्टिस नागरत्ना ने जतायी असहमति, कहा : नोटों की पूरी श्रृंखला का विमुद्रीकरण एक गंभीर मामला

**- ब्यूरो/ एजेंसियां। नयी दिल्ली**

केंद्र के नवंबर 2016 के 1,000 रुपये और 500 रुपये के करेंसी नोटों पर प्रतिबंध लगाने के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं को रद्द कर सुप्रीम कोर्ट ने नोटबंदी को वैधानिक करार दिया है। अर्थात, नोटबंदी सही थी। सरकार के इस कदम ने रातों-रात 10 लाख करोड़ रुपये सममूल्य की करेंसी सर्कुलेशन से वापस ले लिए थे। न्यायमूर्ति एसए. नजीर की अध्यक्षता वाली पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने इस मामले पर सोमवार को अपना फैसला सुनाया।

सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले को केंद्र को बड़ी राहत मिली है। इसके साथ ही कोर्ट ने सभी 58 याचिकाओं को खारिज भी कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस फैसले को उलटा नहीं जा सकता। नोटबंदी के फैसले में कोई त्रुटि नहीं है। रिकॉर्ड की जांच के बाद हमने पाया कि निर्णय लेने की प्रक्रिया केवल इसलिए त्रुटिपूर्ण नहीं हो सकती, क्योंकि यह केंद्र सरकार से निकली है और हमने माना है कि टर्म सिफारिश को वैधानिक योजना से समझा जाना चाहिए। रिकॉर्ड से ऐसा प्रतीत होता है कि 6 महीने की अंतिम अवधि के भीतर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया और केंद्र के बीच परामर्श हुआ था। इस मामले में संविधान पीठ ने 4:1 के बहुमत से अपना फैसला सुनाया। बहुमत के फैसले को पढ़ते हुए न्यायमूर्ति बीआर गवई ने कहा कि विमुद्रीकरण का उद्देश्यों (कालाबाजारी, आतंक के वित्तपोषण को समाप्त करना, आदि) के साथ एक उचित संबंध था, जिसे प्राप्त करने की बात की गई थी। उन्होंने कहा कि यह प्रासंगिक नहीं है कि उद्देश्य हासिल किया गया था या नहीं। इसमें कहा गया है कि निर्णय लेने की प्रक्रिया को केवल इसलिए गलत नहीं ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### खास 5 बातें

- कोर्ट ने कहा कि आरबीआई अधिनियम की धारा-26 में उल्लिखित 'कोई भी' शब्द का प्रतिबंधात्मक अर्थ नहीं दिया जा सकता है (कोर्ट ने यह उन याचिकाकर्ताओं के संदर्भ में कहा जिनका यह कहना है कि किसी मूल्यवर्ग की सभी सीरीज का विमुद्रीकरण नहीं किया जा सकता है, क्योंकि आरबीआई अधिनियम की धारा-26 में किसी भी का उल्लेख है और सभी का नहीं)।
- कोर्ट ने महत्वपूर्ण नोट में लिखा कि निर्णय लेने की प्रक्रिया को केवल इसलिए गलत नहीं ठहाराया जा सकता है, क्योंकि यह प्रस्ताव केंद्र की ओर से लाया गया था।
- केंद्र सरकार को आरबीआई से चर्चा के बाद ये फैसला लेने का अधिकार है। न्यायमूर्तियों ने कहा कि केंद्र और आरबीआई के बीच छह महीने तक चर्चा की गई थी, इसलिए निर्णय प्रक्रिया को गलत नहीं का जा सकता।
- सुप्रीम कोर्ट ने कहा फैसला लेते समय अपनाई गई प्रक्रिया में कोई कमी नहीं थी, इसलिए फैसले को रद्द करने की कोई जरूरत नहीं है।
- इस सवाल पर कि इसके लिए लोगों को समय नहीं दिया गया, कोर्ट ने कहा, लोगों को नोट बदलने के लिए 52 दिन का समय दिया गया। हमें नहीं लगता कि यह कहीं से भी गलत है।

**सहमत**

### नोटबंदी का मकसद गरीबों का कल्याण था, सुप्रीम कोर्ट ने मुहर लगाई : प्रसाद



**भाजपा** नेता रविशंकर प्रसाद ने सोमवार को कोर्ट के इस फैसले का स्वागत किया और कहा कि कोर्ट ने नोटबंदी को सही माना, क्योंकि इसका मकसद गरीब कल्याण था। कांग्रेस ने देश भर में कितना हल्ला किया था, यह बताने की जरूरत नहीं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने तो विदेशों में भी विरोध करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी थी। भारत आज डिजिटल ट्रांजेक्शन में दुनिया का नेता बना हुआ है। नोटबंदी के बाद 2 लाख 38 हजार सेल कंपनिया पकड़ी गईं। इनफॉर्मल सेक्टर का दखल भारत की इकोनॉमी से 20 से 80 फीसदी तक बंद हुआ है।

**असहमत**

### नोटबंदी को सही ठहराना पूरी तरह गलत और भ्रामक : रमेश



**कांग्रेस** ने सोमवार को नोटबंदी पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अदालत ने केवल इस पर अपना फैसला सुनाया कि आरबीआई अधिनियम, 1934 की धारा 26(2) को घोषणा से पहले सही तरीके से लागू किया गया था या नहीं। यह कहना कि नोटबंदी का फैसला सही था, पूरी तरह से भ्रामक और गलत है। पार्टी नेता जयराम रमेश ने कहा : न कुछ अधिक, न कुछ कम। एक न्यायाधीश ने अपने असहमतिपूर्ण मत में कहा कि संसद की उपेक्षा नहीं की जानी चाहिए। नोटबंदी के प्रभाव पर कुछ भी नहीं कहा गया है, जो एक विनाशकारी निर्णय था। यह हकीकत है कि नोटबंदी ने विकास की गति को नुकसान पहुंचाया।

## 2016 में नोटबंदी के समय कैश इन सर्कुलेशन 17.74 लाख करोड़ था

### दिसम्बर 2022 तक बढ़कर 32.42 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया

**ब्यूरो। नयी दिल्ली**

- प्रधानमंत्री ने 8 नवम्बर 2016 को 500 और 1,000 रुपये के पुराने नोटों को चलन से बाहर करने की घोषणा की।
- रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार 4 नवम्बर 2016 को देश में चलन में मौजूद मुद्रा (सीआईसी) 17.74 लाख करोड़ रुपये थी।
- 23 दिसम्बर 2022 को बढ़कर लगभग दोगुनी यानी 32.42 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गई।
- नोटबंदी के ठीक बाद चलन में मौजूद करेंसी छह जनवरी 2017 को घटकर लगभग 9 लाख करोड़ रुपये पर आ गई।
- 6 जनवरी, 2017 की तुलना में अब तक सीआईसी (चलन में मौजूद मुद्रा) में लगभग तीन गुना या 260 प्रतिशत से ज्यादा का उछाल आया है।
- जून 2017 के अंत में नोटबंदी से पहले के अपने उच्चतम स्तर के लगभग 85 प्रतिशत पर पहुंच गया।
- सीआईसी 23 दिसम्बर 2022 को बढ़कर 32.42 लाख करोड़ रुपये हो गया, जो 31 मार्च, 2022 के अंत में 31.33 लाख करोड़ रुपये था।
- कैश इन सरकुलेशन मार्च 2016 के अंत में 20.18 प्रतिशत घटकर 13.10 लाख करोड़ रुपये रह गया जो 31 मार्च 2015 के अंत में 16.42 लाख करोड़ रुपये था।
- नोटबंदी के अगले साल यह 37.67 प्रतिशत बढ़कर 18.03 लाख करोड़ रुपये हो गया और मार्च 2019 के अंत में 17.03 प्रतिशत बढ़कर 21.10 लाख करोड़ रुपये और 2020 के अंत में 14.69 प्रतिशत बढ़कर 24.20 लाख करोड़ रुपये हो गया।
- पिछले दो साल में मूल्य के लिहाज से सीआईसी की वृद्धि की रफ्तार 31 मार्च 2021 को 16.77 प्रतिशत बढ़कर 28.26 लाख करोड़ रुपये और 31 मार्च 2022 के अंत में 9.86 प्रतिशत बढ़कर 31.05 लाख करोड़ रुपये रही।

**विश्लेषण - 01**

## नोटबंदी पर सटीक हुई थी मनमोहन की भविष्यवाणी!

### नोटबंदी की घोषणा के तुरंत बाद ही देश भर में मच गई थी अफरा-तफरी

**सत्यहिंदी.कॉम**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नोटबंदी के फैसले के बाद पूर्व प्रधानमंत्री और अर्थशास्त्री मनमोहन सिंह ने भविष्यवाणी की थी कि नोटबंदी से अर्थव्यवस्था की कमर टूट जायेगी और जीडीपी ग्रोथ में दो प्वाइंट की गिरावट आयेगी। मनमोहन सिंह की यह भविष्यवाणी कितनी सही साबित हुई, नोटबंदी का अर्थव्यवस्था पर असर कैसा रहा, यह जानने से पहले यह जान लें कि नोटबंदी की घोषणा के बाद क्या हुआ था। 8 नवम्बर 2016 को रात आठ बजे प्रधानमंत्री मोदी ने नोटबंदी की घोषणा की थी। नोटबंदी लागू होने से पहले ही घोषणा के तुरंत बाद देश में अफरा-तफरी मच गई थी। बैंकों के बाहर लंबी-लंबी कतारें लग गई थीं। सोने की दुकानों पर भीड़ लग गई। बैंकों के बाहर लाइनें लगाकर ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

**विश्लेषण - 02**

## डायरेक्ट टैक्स देने वालों की संख्या बढ़ी

### नोटबंदी से डिजिटल लेन-देन बढ़ा, लेकिन लोगों के पास नकद रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गया

**बीबीसीहिंदी.कॉम**

नोटबंदी से अघोषित संपत्तियों के सामने आने के सबूत नहीं के बराबर मिले, हालांकि इस कदम से टैक्स संग्रह की स्थिति बेहतर होने में मदद मिली है। नोटबंदी से डिजिटल लेन-देन भी बढ़ा है, लेकिन लोगों के पास नकद रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गया है। नोटबंदी के आलोचकों के मुताबिक इस फैसले से भारतीय अर्थव्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई। नकदी पर निर्भर रहने वाले गरीब और ग्रामीण लोगों का जन-जीवन सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ। सरकार ने कहा था कि वह अर्थव्यवस्था से बाहर गैर कानूनी ढंग से रखे धन को निशाना बना रही थी, क्योंकि इस धन से भ्रष्टाचार और ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## सपरिवार रजरप्पा पहुंचे सीएम देवी मां का लिया आशीर्वाद



### राज्यवासियों की सुख, समृद्धि एवं खुशहाली के लिए की प्रार्थना

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को सपरिवार शक्तिपीठ रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिका मंदिर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने अपने परिजनों के साथ मां छिन्नमस्तिका की विधिवत पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के पिता पूर्व मुख्यमंत्री तथा वर्तमान राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन, माता रूपी सोरेन, धर्मपत्नी कल्पना सोरेन, विधायक सीता सोरेन सहित अन्य परिजनों ने भी मां छिन्नमस्तिका की विधिवत आराधना की। मौके पर मीडिया के प्रतिनिधियों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि सिद्धपीठ रजरप्पा की पावन भूमि हमारे गृह जिला रामगढ़ में स्थित है। यह मेरा जन्मस्थली भी है। आज मैं यहां ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## अब देश में कहीं से भी अपने निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान करना होगा संभव

### चुनाव आयोग ने प्रोटोटाइप आरवीएम की है विकसित

### 16 जनवरी को नयी दिल्ली में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के लिए मशीन का होगा प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारत निर्वाचन आयोग 16 जनवरी को पूर्वाह्न 11 बजे से विज्ञान भवन, नयी दिल्ली में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के लिए बहु-निर्वाचन क्षेत्र प्रोटोटाईप रिमोट इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की कार्यप्रणाली का प्रदर्शन करेगा। इस अवसर पर आयोग की तकनीकी विशेषज्ञ समिति के सदस्य भी उपस्थित रहेंगे। भारत निर्वाचन आयोग ने रोजगार, शिक्षा या अन्य कारणों से गृह नगर से देश में अन्यत्र रह रहे नागरिकों को रिमोट वोटिंग की सुविधा देने पर काम शुरू किया है। इससे देश में कहीं से भी अपने गृह/मूल निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान करना संभव होगा। प्रवासी मतदाताओं को मतदान के लिए वापस अपने गृह राज्य/नगर जाने के झंझट से मुक्ति मिलेगी। आयोग ने प्रोटोटाइप रिमोट इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (आरवीएम) विकसित की है। एक रिमोट पोलिंग बूथ से ही 72 निर्वाचन क्षेत्रों तक का मतदान संभव होगा। भारत निर्वाचन आयोग ने प्रोटोटाइप आरवीएम के प्रदर्शन के लिए राजनीतिक दलों को आमंत्रित किया है।

## 33 पुलिसकर्मियों को मिला पदक

### साल 2022 में पुलिस पदकों के लिए डीजीपी के द्वारा भेजा गया था प्रस्ताव

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




झारखंड स्थापना दिवस के दौरान पुलिस अलंकरण समारोह में विशिष्ट सेवा के लिए झारखंड राज्यपाल पदक, वीरता के लिए झारखंड पुलिस पदक और सराहनीय सेवा के लिए झारखंड पुलिस पदक दिए जाते हैं। साल 2022 में पुलिस पदकों के लिए प्रस्ताव डीजीपी के द्वारा भेजा गया था। जिसपर विचार करते हुए अब पदकों का ऐलान किया गया है। सोमवार को गृह विभाग ने पदक देने संबंधी आदेश निकाला। अपराध अनुसंधान विभाग के आईजी असीम विक्रांत मिंज, दक्षिणी छोटानागपुर रेंज के डीआईजी अनीश गुप्ता और चार डीएसपी सहित 33 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को तीन अहम पदक मिला है। इन्हें 26 जनवरी को पदक से नवाजा जाएगा। झारखंड जगुआर के दरोगा गणेशचंद्र पान को विशिष्ट सेवा का झारखंड राज्यपाल पदक दिया गया है। वहीं, लातेहार जिला बल के एसआई राजीव कुमार भगत और दिव्य प्रकाश को वीरता के लिए झारखंड मुख्यमंत्री पदक से नवाजा गया है। सराहनीय सेवा के लिए झारखंड पुलिस पदक सीआईडी आईजी असीम ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## अमित शाह का चाईबासा दौरा 7 को, संताल पर है भाजपा की नजर

### 2024 की तैयारी को लेकर चुनावी मोड में भाजपा

### आज से भाजपा नेता चाईबासा में करेंगे कैंप

### प्रदेश अध्यक्ष समेत कई बड़े नेता जमायेंगे डेरा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सात जनवरी को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह चाईबासा दौरे पर रहेंगे। शाह के दौर से भाजपा उन सीटों पर चुनावी बिगुल फुंक रही है, जहां उन्हें बीते लोकसभा चुनावों में शिकस्त मिली थी। अमित शाह के दौरे को लेकर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, महामंत्री आदित्य साहू, बालमुकुंद सहाय समेत कई नेता तीन जनवरी से चाईबासा में कैंप करेंगे। वहीं, भाजपा विधायक दल के नेता सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी पांच जनवरी से चाईबासा में रहेंगे। बता दें कि लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर भाजपा अभी से ही चुनावी मोड में आ गई है। चाईबासा में सात जनवरी के कार्यक्रम के बाद भाजपा अलग कार्यक्रम राजमहल लोकसभा को केंद्र में रखकर साहिबगंज में आयोजित करेगी। इसके लिए भी संगठन के स्तर पर तैयारी शुरू हो गई है।

जानकारी के मुताबिक, भाजपा ने 140 सीटों की सूची तैयार की है, जहां बीते लोकसभा चुनाव में पार्टी को हार का सामना करना पड़ा था। उन सीटों को पाले में लाने को लेकर केंद्रीय मंत्री के कार्यक्रम रखे गए हैं। लोकसभा चुनाव में भाजपा के तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद लक्ष्मण गिलुआ चुनाव हार गए थे। साल 2019 में कांग्रेस की गीता कोड़ा ने उन्हें हराया था। वहीं, विधानसभा चुनाव 2019 में भी पश्चिमी सिंहभूम व पूर्वी सिंहभूम जिले की सारी सीटें भाजपा ने गवां दी थी। विस चुनाव में संताल परगना के सभी आदिवासी आरक्षित सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों को हार का सामना करना पड़ा था।

**लक्ष्य** उत्तर प्रदेश को जैविक खेती के लिहाज से देश का हब बनाना सीएम योगी की मंशा

## योगी सरकार कर रही है शाश्वत हरित क्रांति

**गिरीश पांडेय। लखनऊ**



यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ किसानों एवं कृषि वैज्ञानिकों से जब भी रूबरू होते हैं तब प्राकृतिक, जैविक, गो आधारित जीरो बजट खेती की बात जरूर करते हैं। उनके कहने का लब्बोलुआब यह होता है कि अब हम हरित क्रांति से आगे की सोचें। ऐसी हरित क्रांति, जो शाश्वत एवं इकोफ्रेंडली हो। जिसमें जन, जल, जमीन को कोई क्षति न पहुंचे। ऐसा दुनिया के वजूद के लिए जरूरी है। इसका एकमात्र विकल्प है विषमुक्त जैविक खेती। ऐसी खेती जो गो आधरित हो और जिसमें किसी तरह के रासायनिक उर्वरकों एवं जहरीले कीटनाशकों की जरूरत न हो।

दरअसल, ऐसा करना संभव है। जापान के प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक मासानोव फुकुओका 100 साल पहले इसे साबित कर चुके हैं। उनके मुताबिक, लंबे समय के प्रयोग की वजह से हमारे खेतों को उर्वरकों की आदत पड़ गई है। कीटनाशक डालने से कीटों में उनके प्रति प्रतिरोधी क्षमता विकसित हो गई है। आप उर्वरक न डालें। खेत कुछ समय के लिए रूठेंगे, पर फिर मान जाएंगे। फसलें धीरे-धीरे कीटों एवं रोगों के प्रति प्रतिरोधी क्षमता विकसित कर लेंगी। यह स्थाई एवं शाश्वत हरित क्रांति होगी। अभी हाल ही में एक कार्यक्रम में योगी ने प्राकृतिक खेती का जिक्र करते हुए कहा था : राज्य सरकार प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए नियोजित प्रयास कर रही है। अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप जैविक और प्राकृतिक उत्पादों के सत्यापन के लिए सभी मंडल मुख्यालयों पर टेस्टिंग लैब स्थापित कराए जाएं। चरणबद्ध रूप से कृषि विज्ञान केंद्रों पर टेस्टिंग लैब स्थापित किए जाएं। इस कार्य को शीर्ष प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाए।

दरअसल, योगी उत्तर प्रदेश को जैविक खेती के लिहाज से भारत का हब बनाना चाहते हैं। इसकी खासी संभावना भी है। दरअसल, जिस इंडो गंगेटिक बेल्ट का शुमार दुनिया ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### यूपी में जैविक खेती की संभावनाएं

**उत्तर** प्रदेश जैविक खेती के लिए भरपूर बुनियादी सुविधाएं पहले से मौजूद हैं। सरकार इन सुविधाओं में लगातार विस्तार भी कर रही है। मसलन जैविक खेती का मुख्यालय नेशनल सेंटर फॉर ऑर्गेनिक फॉर्मिंग गाजियाबाद में स्थित है। देश की सबसे बड़ी जैविक उत्पादन कंपनी उत्तर प्रदेश की ही है। यहां प्रदेश के एक बड़े हिस्से में अब भी परंपरागत खेती की परंपरा है। गंगा को प्रदूषण मुक्त करने के लिए इसके किनारों पर जैविक खेती की संभावनाओं को और बढ़ा देती है। 2017 के जैविक खेती के कुंभ के दौरान भी एक्सपर्ट्स ने गंगा के मैदानी इलाकों को जैविक खेती के लिए आरक्षित करने की संस्तुति की गई थी।

## NEWS इन ब्रीफ

### अंचलाधिकारी जमीन से जुड़े एक मामले में निलंबित

**चान्हो।** चान्हो अंचल के अंचलाधिकारी जफर हसनत को जमीन से जुड़े एक मामले में निलंबित कर दिया गया है। वहीं चान्हो अंचल में कार्यरत अमीन के खिलाफ भी घूसखोरी का आरोप लगा है और इसकी शिकायत विभागीय मंत्री के अलावा उपायुक्त रांची से की गई है। आवेदनकर्ता के अनुसार जल्द ही अमीन के विरुद्ध भी कारवाई होगी। सरकारी जमीन पर रास्ता दिलाने के नाम पर अमीन द्वारा मोटी रकम की वसूली आवेदनकर्ता द्वारा की गई है। पिछले 6 माह बीत जाने पर भी आवेदनकर्ता को अभी तक सड़क नहीं दिलाया गया है।बताते चलें कि अंचल कार्यालय चान्हो में व्याप्त भ्रष्टाचार अपने चरम पर है जनता का कोई भी कार्य बिना पैसे के लेन-देन का नहीं होता है।

### मुख्य सचिव और जेपीएससी अध्यक्ष ने राज्यपाल से मिल दी बधाई

**रांची।** राज्यपाल रमेश बैस से सोमवार को राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह और जेपीएससी अध्यक्ष डॉ. मेरी नीलिमा केरकेट्टा ने राजभवन में भेंट कर नववर्ष की शुभकामनाएं दी। राज्यपाल ने भी उन्हें नव वर्ष की बधाई दी।

### थाना प्रभारी ने गरीब आदिवासी व अभिवंचित वर्ग के बच्चों को दी शुभकामनाएं

**बेड़ो।** नव वर्ष के मौके पर घरों में सिमटे गरीब आदिवासी और अभिवंचित वर्ग के बच्चों के पास बेड़ो थाना प्रभारी मनीष कुमार गुप्ता खुद पहुंचे, उनके साथ खुशियां बांटी। थाना प्रभारी ने बेड़ो थाना क्षेत्र के जरिया पंचायत अंतर्गत हुलसी सहित हरिहरपुर जामटोली पंचायत के बंजारा टोली, चिनिया टोली और सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों के ग्रामीण बच्चों के बीच नववर्ष के मौके पर उन्होंने मिठाईयां टॉफी और बिस्कुट का वितरण किया उन्होंने नववर्ष के मौके पर लोगों को शुभकामनाएं दी। इस दौरान थाना प्रभारी मनीष कुमार गुप्ता ने ग्रामीणों से मुलाकात करते हुए क्षेत्र में शांति माहौल बनाए रखने को लेकर नशापान से दूर रहने की ग्रामीणों को हिदायत दी। वहीं ग्रामीणों को अपने अपने बच्चों को स्कूल भेजने को लेकर भी ग्रामीणों को जागरूक किया।

### रेलिंग से टकराने से एक युवक की मौत

**सिल्ली।** रांची पुलिया मार्ग पर बुडाम बांका पुल के पास हुई सड़क दुर्घटना में सिल्ली प्रखंड के लोटा निवासी मनोज कुमार महतो उम्र 28 वर्ष की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मनोज महतो सिल्ली से अपने पल्सर मोटरसाइकिल से रविवार की सुबह घर जा रहा था इसी क्रम में बाइक असंतुलित हो गई और वह बुडाम बांका पुल के समीप रेलिंग से टकरा गया जहां उसकी मौत घटनास्थल पर हो गई ग्रामीणों ने इसकी सूचना सिल्ली थाना को दिया सिल्ली थाना के सहायक अवर निरीक्षक राजीव ओझा अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मृतक मनोज को समुदायिक अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर के द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। पोस्टमार्टम के लिए शव को रिम्स भेज दिया गया। इस संबंध में सिल्ली थाना में एक युडी मामला दर्ज किया गया है।

### हैदरनगर के वयोवृद्ध रिटायर फौजी का निधन

**रांची।** पलामू जिले के हैदरनगर बाजार क्षेत्र के मूल निवासी वयोवृद्ध सेनानी हजारी तिवारी (82) का निधन बोकारो स्थित उनके ही आवास पर ही रविवार की शाम हो गया है। वे सेना में सेवा देने के बाद सेवानिवृति उपरांत बीसीसीएल बोकारो में भी नौकरी की। इधर वे बिगत दो वर्षों से बीमार चल रहे थे। इनके निधन पर बाजार क्षेत्र में शोक का माहौल कायम है। रविवार की देर शाम सूचना मिलते ही मृतक के अनुज स्वामी गोविदाचार्य जी महाराज सहित कई परिजन व स्थानीय शुभचिंतक अंत्येष्टि में शामिल होने बोकारो रवाना हो गये हैं। समाजसेवी व भाजपा नेता रविन्द्र कुमार सिंह, कुंडल तिवारी सहित सैकड़ों लोगों ने संत्वाना दी।

# हाथियों का झुंड ग्रामीणों को पहुंचा रहा नुकसान



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिल्ली।** सिल्ली आस पास क्षेत्र में इन दिनों जंगली हाथियों का उत्पात जारी है। आए दिन हाथियों का दल जंगलों के आसपास की गाँव में पहुंचकर फसलों के साथ मकानों क्षतिग्रस्त कर नुकसान पहुंचा रहे हैं। इससे वनों के आसपास के गांवों के लोग दहशत के साए में जीवन यापन करने पर मजबूर हैं। पिछले 2 माह के अंदर लगभग सैकड़ों एकड़ भूमि पर लगी फसलों को हाथियों का झुंड बर्बाद कर चुका है। महीनों बाद भी वन विभाग स्थायी समाधान नहीं खोज पा रहा है। सबसे ज्यादा हाथियों ने नुकसान पहुंचाया है। खेतों में हरी सब्जियां, धान का बीज, घरों में रखे धान तथा अन्य सामानों को हाथी तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचा रहे हैं। हाथियों को काबू में करने के लिए विभाग ने अब तक ठोस पहल शुरू नहीं किया है।किसानों को फसलों की चिंता हमेशा सताती रहती है। खरीफ सीजन में सैकड़ों हेक्टेयर क्षेत्र में किसानों ने धान की फसल के अलावा सब्जी आदि की खेती किए हैं। इसके साथ ही खेतों में एक बार फिर से हाथियों के दल ने दस्तक देने के साथ नुकसान पहुंचाना शुरू कर दिया है।रविवार देर रात सिल्ली के कोचों गांव में जंगली हाथियों का झुंड जमकर उत्पात मचाते हुए गांव के ही रवनी देवी गिरिधारी महतो श्री हरि महतो भुक्तभोगी ने लगभग 1 लाख से अधिक के नुकसान बताया है। उधर ग्रामीणों के साथ-साथ विधायक प्रतिनिधि सुनील सिंह विभाग के अधिकारियों से उचित मुआवजा की मांग की है एवं हाथियों से निजात के लिए हाथी भगाओ दल के साथ-साथ विभाग के अधिकारी भी क्षेत्र में लगातार भ्रमण करें।

## अवैध हड्डी मिलने से गांव वालों ने थाना का किया घेराव

**बुढ़मू।** बुढ़मू प्रखंड अंतर्गत चकमे गांव के देवी मंडप मंदिर में अवैध हड्डी फेंके जाने की सूचना पूरे क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। सूचना मिलते ही गांव में काफी भीड़ जमा हो गई। इस विषय को काफी गंभीरता और संवेदनशीलता से लेते हुए हिंदू बंधुओं ने बुढ़मू थाने का घेराव भी किया। सभी ने थाना प्रशासन के सामने अपनी बात रखते हुए दोषियों को यथाशीघ्र पकड़ कर कड़ी कार्रवाई करने का आग्रह किया। इसी दौरान मामले की सूचना पाकर विश्व हिंदू परिषद रांची जिला ग्रामीण के जिला मंत्री रोबिन कुमार एवं जिला सह मंत्री रोशन कुमार चौधरी भी बुढ़मू थाना पहुंचे। उसके बाद घटनास्थल पर पहुंचकर सारे विषयों की जानकारी प्राप्त की। वहां उपस्थित कार्यकर्ताओं और हिंदू बंधुओं के साथ बातचीत और विचार-विमर्श के बात यह तय किया गया कि जल्द से जल्द मंदिर की साफ-सफाई का कार्य करके पूजा पाठ के साथ मंदिर का शुद्धिकरण कर अखंड कीर्तन किया जाएगा।

## दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में दो लोग गंभीर, अस्पताल रेफर



**नवीन मेल संवाददाता**

मांडर। मांडर थाना अंतर्गत नारो पेट्रोल के समीप आज सुबह 10:30 बजे दो मोटरसाइकिलों की आमने सामने जोरदार टक्कर में दोनों बाईक सवार गंभीर रुप से घायल हो गये। घायल कनभिट्ठा निवासी 60 वर्षीय साबीर अंसारी और नारो निवासी 30 वर्षीय महादेव उरांव घायल अवस्था में ईलाज के लिए रेफरल अस्पताल लाया गया। महादेव उरांव मांडर की ओर से अपने घर नारो लौट रहे थे, और साबीर अंसारी टांगरबसली से मांडर की ओर आ रहे थे। अचानक नारो पेट्रोल टंकी के पास दोनों का मोटरसाइकिल में आमने सामने भिड़ंत हो गया, और वही दोनों गिरकर घायल हो गए।घायलों को ग्रामीणों द्वारा मांडर रेफरल अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया है।

## अनियंत्रित होकर एक पिकअप वाहन गड्ढे में गिरा



**नवीन मेल संवाददाता**

**बुढ़मू।** बीते रात बुढ़मू थाना क्षेत्र के मुरगी गांव के मोड़ के पास अनियंत्रित होकर एक पिकअप वाहन (जेएच 02 बीएच 8597) गड्ढे में जा गिरा। ग्रामीणों ने बताया कि बीते रात को गाड़ी के ड्राइवर नशे में था ,और नशे का सेवन करके गाड़ी चला रहा था। और मुरगी गांव की तरफ से होकर जा रहे थे। इसी दौरान मुरगी गांव के मोड़ के पास गड्ढे में अनियंत्रित होकर पिकअप (जेएच 02 बीएच 8597) के चक्का घुसा दिया। घटना में ड्राइवर को मामूली चोटे आई है। वही गाड़ी में खलासी के साथ बच्चे बैठे थे । घटना में गाड़ी के खलासी और बच्चे सुरक्षित है,और घटना मे बच्चे बाल - बाल बच्चे है। वहीं सोमवार की सुबह ग्रामीणों की मदद से गड्ढे से पिकअप वाहन को सुरक्षित निकाल लिया गया।

## हावड़ा पुलिस टीम हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने के लिए रांची विभिन्न इलाकों में गयी

**रांची।** हावड़ा पुलिस की टीम ईशा आलिया उर्फ रिया हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने के लिए सोमवार को भी रांची के विभिन्न इलाकों में गयी। इस दौरान पुलिस की टीम ने आलिया और आरोपी प्रकाश के दोस्तों से भी मिली। टीम आलिया और प्रकाश के रिश्तों की जानकारी ली। बताया जा रहा है कि प्रकाश और आलिया के दोस्तों ने भी दोनों के बीच झगड़े होने की बात बतायी है। अब पुलिस टैगोल हिल और आलिया के फ्लैट में लगे सीसीटीवी से फुटेज निकाल रही है। पुलिस यह पता कर रही कि आलिया और प्रकाश से मिलने के लिए कौन-कौन लोग पहुंचते थे। गौरतलब हो कि रांची की रहने वाली फिल्म अभिनेत्री आलिया की पश्चिम बंगाल के बागनान थाना क्षेत्र के महिषारेखा पुलिस के पास बीते 28 दिसंबर को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

# रांची के उषा मार्टिन की बिल्डिंग में लगी भीषण आग, 5 दमकल की गाड़ियों ने मिलकर पाया काबू

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के टाटीसिलवे स्थित उषा मार्टिन की बिल्डिंग में आग लग गई। सूचना मिलते ही मौके पर दमकल की गाड़ी पहुंच गई और आग बुझाने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद दमकल की 5 गाड़ियों ने मिलकर आग पर काबू पाया। दरअसल, वहां एक नया प्लांट बनाने का काम चल रहा था। इसी दौरान यह हादसा हुआ। बताया जा रहा है कि वेल्डिंग के दौरान निकली चिंगारी से आग लग गई। इस आगलगी में काफी नुकसान की भी बात सामने आ रही है।



4 दिन पहले लालपुर थाना में लगी थी भीषण आग : इससे पहले बीते 29 दिसंबर को रांची के लालपुर थाना परिसर में आग लग गई थी। यह आग थाना द्वारा जब्त किए गए वाहनों में लगी थी। गाड़ी में लगी आग काफी तेजी के साथ थाना परिसर में फैल गयी। इससे पूरे परिसर में थाना के कर्मियों के बीच अफरातफरी मच गयी थी। जिसके बाद आग पर काबू पाने के लिए अग्निशमन विभाग के दस्ते को बुलाया गया। दमकल की टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस अगलगी में जब्त किए गए 40 से ज्यादा दोपहिये वाहन जलकर राख हो गए।

कैसे लगी थी आगः प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार लालपुर थाना परिसर में बड़ी संख्या में जब्त की गई बाइक रखी हुई थी। गुरुवार शाम छह बजे अचानक एक बाइक धू-धूकर जलने लगी। आग की लपटें एक से दूसरी गाड़ी में पकड़ती गयी और धीरे धीरे आसपास की कई गाड़ियों में आग पूरी तरह फैल गयी। उस वक्त थाना में प्रभारी समेत तीन लोग ही मौजूद थे। कुछ ही देर में आग की लपटें परिसर में रखे सभी बाइक और दो कारों में फैल गई। आग की लपटों को देखकर आसपास मौजूद लोग मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास करने लगे। इस दौरान स्थानीय लोगों ने करीब दस-बारह छोटी गाड़ियों को खींचकर निकाला। शाम साढ़े छह बजे दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे और आधे घंटे के प्रयास के बाद आग पर काबू पा लिया।

# शहीद सुनील कुमार शाही के शहादत दिवस पर कंबल का हुआ वितरण



**नवीन मेल संवाददपाता**

**चान्हो।** चान्हो प्रखंड अंतर्गत सिलागाई पंचायत के ग्राम हुरहूरी मे शहीद सुनील कुमार शाही के शहादत दिवस पर सैकड़ों लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया गया। मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने भी पहुंचकर शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अमर शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित किया। श्रद्धासुमन अर्पित करनेआये तमाम लोगो को विधायक ने कहा कि देश के लिए शहीद होने का सौभाग्य बहुत किस्मत वालों को नसीब होती है।उस वीर शहीद की वीरता पर हम आप नहीं पूरे देश को गर्व हमेशा रहता है। हमें गर्व है कि मेरे विधानसभा क्षेत्र में देशभक्तों की और देशभक्ति की कोई कमी नहीं रही है ना रहेगी। किसी भी शहीद देशभक्त का देश की हर जनता सर्वदा आज जिस तरह अश्रुपूर्ण नेत्रों से श्रद्धासुमन अर्पित करने स्वतः जुटी है ये हर शहीद के लिए हम सब करते आए हैं करते रहेंगे। साथ ही विधायक ने शहीद के माता-पिता एवं उनके परिवार से भी मुलाकात किया और उनसे मिलकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त किया। विधायक ने ग्रामीणों की समस्या सुनने और उसके समाधान की जानकारी का गाँव में घूम-घूमकर प्रयास किया और उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं से भी अवगत कराया, साथ ही विधायक ने इस शहीद के शहादत दिवस पर गरीब, जरूरतमंद एवं बुजुर्गो के बीच कम्बल का वितरण भी किया। इस दौरान प्रज्ञा सेवा संस्थान एनजीओ के द्वारा बन रहे बायो गैंस प्लांट का निरीक्षण किया।।इस से कितने घर को इसका लाभ मिलेगा। और कब तक यह बन जायेगा इसकी जानकारी लिया। विधायक, सामाजिक कार्यकर्ता स्व० शिव उरांव की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। विधायक क्षेत्र के भ्रमण के दौरान एक कार्यकर्ता इलिसाबा केरकेट्टा, उम्र-60 वर्ष के आवास पहुंचीं जो लम्बे समय से विभिन्न बीमारियों से ग्रषित थीं जो उनका देहांत हो गया।

## पैसेंजर ऑटो अनियंत्रित होकर पलटी, चालक समेत बच्चा घायल



मांडर। मांडर-बुढ़मू मुख्य मार्ग पर चटवल मोड़ के ईट भट्ठा के समीप शाम लगभग 6:15 बजे बुढ़मु की ओर से आ रहे पैसेंजर ऑटो अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई जिसमें सवार ड्राइवर समेत 10 वर्षीय अनुज उरांव मांडर चटवल निवासी घायल हो गए । ग्रामीणों द्वारा उसे मांडर रेफरल हॉस्पिटल लाया गया। जहां डॉक्टर ने इलाज के क्रम में बताया कि बच्चा का एक पैर टूट चुका है । प्राथमिक उपचार के बाद बच्चे को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया है।

# श्री श्याम मन्दिर में पौष शुक्ल पक्ष की पुत्रदा एकादशी उत्सव भक्तिमय वातावरण में आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** नये वर्ष की प्रथम एकादशी होने के कारण प्रातः काल से ही भक्तगण श्याम दर्शन के लिए उमड़ पड़े । प्रातः श्री श्याम प्रभु को नवीन वस्त्र ( बागा) पहनाकर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत कर विभिन्न प्रकार के फूलों से जैसे गुलाब, गैंदा, जूही, जरबेरा, गुलदऊदी, रजनीगंधा, बेला से श्याम प्रभु का मनमोहक मनभावन श्रृंगार किया गया, साथ ही मन्दिर में विराजमान बजरंगबली एवम शिव परिवार का भी इस अवसर पर विषेश श्रृंगार किया गया। रात्रि 9 बजे पावन ज्योत प्रज्वलित की गई जिसमें आये हुए भक्तगण कतारर्ब्ध हो कर पावन ज्योत में आहुति प्रदान कर रहे थे ।इस अवसर पर श्री श्याम मण्डल के सदस्यों द्वारा सर्व प्रथम गणेश वंदना के साथ संगीतमय संकीर्तन का कार्यक्रम प्रारम्भ किया। मेरी लाज बचाने वाला, मेरी किस्मत को सजाने वाला एक तू है एक तू ही तो है, कीर्तन की है रात है बाबा आज थान आणो है, मोर छड़ी लहराई , रसिया ओ सांवरे, अनोखा जो भी हुआ श्याम तेरे द्वारा ही हुआ, क्यों गरीबों का साथी बना, बन गया तो निभाना पड़ेगा, इत्यादि भजनों की लय पर भक्तगण झूमते रहे साथ ही इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु को घेवर , गौंद के लड्डू, तिलकुट, बर्फी, विभिन्न प्रकार के मेवा-फल का भोग अर्पित किया गया।



रात्रि 12 बजे महाआरती व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। आज के इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रमेश सारस्वत, गोपी किशन ढांढनीयां, ओम जोशी, चन्द्र प्रकाश बागला, सुदर्शन चितलांगिया, राकेश सारस्वत, नितेश अग्रवाल, विकाश पाडिया, बालकिशन परसरामपुरिया, अजय साबू, अरुण धनुका का सहयोग रहा।

**असुविधा** | **यात्रियों का कहना है कि रांची एयरपोर्ट में सुविधा की कमी**

# रांची एयर पोर्ट से असंतुष्ट ग्राहकों ने गिनाई समस्याएं



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची का बिरसा मुंडा एयरपोर्ट देश के बेहतरीन एयरपोर्ट में शुमार है, लेकिन पिछले दिनों एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के सर्वे में बिरसा मुंडा एयरपोर्ट चौथे नंबर पर पहुंच गया। इसे लेकर एयरपोर्ट पर आने वाले यात्रियों ने बताया कि वर्तमान में कई ऐसे संसाधन हैं, जो बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर उपलब्ध नहीं हैं। लोगों ने बताया कि आज भी यदि थोड़ा बहुत कोहरा ठंड के मौसम में राजधानी में देखने को मिलता है, तो कई विमान डायवर्ट कर दिए जाते हैं या फिर लैंडिंग करने से रोक दिया जाता है। ऐसे में यात्रियों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यात्रियों ने की पार्किंग व्यवस्था की शिकायतः वहीं कई यात्रियों ने बताया कि एयरपोर्ट पर पार्किंग की व्यवस्था ना के बराबर है, जिस वजह से यात्रियों को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यात्री बताते हैं कि झारखंड के विभिन्न जिलों में रहने वाले लोग रांची एयरपोर्ट से ही सफर करते हैं। एयरपोर्ट पर यात्रियों की भीड़ अत्यधिक होती है और यात्रियों के साथ-साथ वाहनों की भीड़ भी देखने को मिलती है। ऐसे में पार्किंग की उचित व्यवस्था होना काफी जरूरी है। वाहन के लिए यात्रियों को चलना पड़ता है एक किलोमीटरः कई बार पार्किंग की समस्या की वजह से एयरपोर्ट पर यात्रियों को काफी परेशानी होती है, क्योंकी पार्किंग करने के लिए लोगों को डिपार्चर गेट से पहले ही उतरना पड़ता है। जिस वजह से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, एयरपोर्ट से उतरने वाले यात्रियों ने बताया कि कई बार सही पार्किंग सिस्टम नहीं होने के कारण लोगों की सुरक्षा भी खतरे में रहती है क्योंकि पार्किंग चार्ज अत्यधिक होने की वजह से कमर्शियल वाहन वाले अपनी गाड़ी एयरपोर्ट के अंदर प्रवेश नहीं करते। वह एयरपोर्ट परिसर के बाहर ही खड़े रहते हैं और यात्रियों को वाहन के लिए लगभग एक किलोमीटर तक पैदल चलकर जाना पड़ता है।कस्टमर सटिस्फैक्शन में पीछे हुआ रांची एयरपोर्ट मालूम हो कि पिछले वर्ष राजधानी रांची का बिरसा मुंडा एयरपोर्ट कस्टमर सटिस्फैक्शन में प्रथम नंबर पर आया था, लेकिन इस बार कस्टमर सटिस्फैक्शन के मामले में उदयपुर का महाराणा प्रताप एयरपोर्ट रांची एयरपोर्ट को पीछे कर पहले स्थान पर पहुंच गया है। पार्किंग की समस्या को लेकर हमने जब राजधानी के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के निदेशक के अग्रवाल से बात की तो उन्होंने कहा पार्किंग की समस्या निश्चित रूप से बनी हुई है। इसका मुख्य कारण यह है कि उनके पास पार्किंग के लिए जमीन अलॉट नहीं हो पाया है।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार तीन युवक घायल तीनों रिम्स रेफर

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के बेड़ो नरकोपी सड़क खत्री खटंगा मोड़ के समीप अज्ञात चार चक्का वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार तीन युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सड़क दुर्घटना सोमवार की संध्या करीब 5:30 बजे की है। इधर घटना के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने सड़क दुर्घटना की सूचना बेड़ो पुलिस और एंबुलेंस 108 को दिया। जिसके बाद घटनास्थल पहुंचे बेड़ो थाना के एएसआई राजेंद्र यादव ने एंबुलेंस 108 की मदद से सड़क दुर्घटना में घायल बाइक सवार युवकों को इलाज के लिए उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो में घायल युवकों की पहचान चेटो कैरो गांव निवासी टाइल्स मिस्त्री 17 वर्षीय संदीप उरांव पिता सुकरा उरांव, 14 वर्षीय खद्दी उरांव पिता बिरसा उरांव व बेड़ो निवासी 25 वर्षीय वीरेंद्र गोप पिता परमेश्वर गोप के रूप में हुई।

झारखण्ड सरकार
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, हजारीबाग

ई-प्रोक्योरमेंट सूचना

ई–निविदा प्रसंग सं० :– RCD/HAZARIBAG/1202/2022-23
दिनांक :– 31.12.2022

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | पथ प्रमण्डल, हजारीबाग अन्तर्गत ईचाक (करियातपुर) से झुमरा पथ कि.मी. 0.00 से कि.मी. 9.30 (कुल लम्बाई 9.30 कि.मी) तक का राइडिंग क्वालिटी में सुधार कार्य। वर्ष 2022–23 |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | रू. 7,12,69,900.00 (सात करोड़ बारह लाख उनहत्तर हजार नौ सौ रूपये) मात्र |
| 3. | कार्य समाप्ति की अवधि | 03 (तीन) माह |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | 24.01.2023 10:30 बजे पूर्वहन |
| 5. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 31.01.2023 12:00 बजे दिन तक |
| 6. | निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 7. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क नं० | 9431326172 |
| 8. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्प लाईन नं० | 0651–2446007 |

अतिरिक्त जानकारी के लिए वेबसाईट पर देखें :– http://jharkhandtenders.gov.in
E-mail ID : eercdhazari-jhr@nic.in
Tel. No. – 06546-225818

कार्यपालक अभियंता
PR 286464 Road (22-23)_D पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, हजारीबाग

## NEWS इन ब्रीफ

### महामहिम राजपाल को ज्ञापन सह मौन पदयात्रा में मारवाड़ी सम्मेलन भाग लेगा

**रांची।** पावन व पवित्र तीर्थस्थल सम्मेद शिखर को पर्यटन स्थल घोषणा के विरोध में मंगलवार प्रातः 9 बजे दिगंबर जैन मंदिर, अपर बाजार, रांची से राजभवन तक, महामहिम राज्यपाल महोदय को ज्ञापन सह मौन पदयात्रा जैन समाज के द्वारा रचित किया गया है। ये धार्मिक व पुनीत राष्ट्रीय धरोहर की रक्षा के लिए संपूर्ण मारवाड़ी समाज संगठात्मक व संकेतिक रूप से इस सामाजिक अनुष्ठान में अपनी सहभागिता दर्ज कर ज्ञापन सह मौन पदयात्रा में शामिल हों। यह मार्मिक अपील झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष बसंत कुमार मित्तल समस्त समाज बंधुओं से करता है। उक्त जानकारी प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने दी।

### केयू की प्रतिकुलपति राज्यपाल से मिलीं

**रांची।** कोल्हान विश्वविद्यालय (केयू) की प्रतिकुलपति डॉ कामिनी कुमार ने सोमवार को राज्यपाल रमेश बैस से शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने राज्यपाल को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। साथ ही, कोल्हान विश्वविद्यालय में 21-23 जनवरी तक नैक टीम के दौरे के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा विश्वविद्यालय की अन्य गतिविधियों से भी उन्हें अवगत कराया।

### श्रद्धालुओं का जत्था शिरडी धाम के लिए रवाना

**रांची।** रांची से श्रद्धालुओं का एक जत्था सोमवार को शिरडी धाम के लिए ट्रेन से रवाना हुआ। हटिया रेलवे स्टेशन पर रांची के सांसद संजय सेठ समेत कई धार्मिक संगठनों की ओर से जत्थे में शामिल श्रद्धालुओं को शुभकामना देते हुए रवाना किया गया। इस दौरान मुकेश काबरा, प्रमोद सारस्वत, शिव शंकर साबू, नरेंद्र लखोटिया, किशन साबू, मनोज कल्याणी, श्यामसुंदर पेडीवाल, उमाशंकर पेडीवाल, विभोर डागा, राज वर्मा और नीरज चौधरी मौजूद थे।

### श्री सम्मेद शिखरजी की पवित्रता को बनाए रखें : सांसद

**रांची ।** रांची के सांसद संजय सेठ ने जैन समाज के जन भावनाओं को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पारसनाथ को पर्यटन स्थल नहीं तीर्थ स्थल ही रहने देने की मांग की है। सांसद सेठ ने कहा कि परासनाथ जैन समुदाय के करोड़ों लोगों के आस्था का केंद्र रहा है, यहां दर्जनों जैन मुनियों तीर्थकारो ने तपस्या की और मोक्ष की प्राप्ति की है। श्री सम्मेद शिखरजी की पवित्रता को बनाए रखने के लिए झारखंड सरकार को अपना फैसला वापस लेना चाहिए। राज्य सरकार द्वारा पर्यटन क्षेत्र घोषित किए जाने के बाद से ही जैन समाज में रोष है। पूरे देश भर के जैन समाज सड़कों पर विरोध प्रदर्शन कर रहे है।

## आलमगीर आलम से मिले प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष

# मॉब लिंचिंग विधेयक दोबारा पारित हो

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** संसदीय कार्यमंत्री आलमगीर आलम से प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर ने कहा है कि मॉब लिंचिंग विधेयक को फिर से विधानसभा में पारित करा कर राज्यपाल के पास स्वीकृति के लिए भेजा जाए। राज्य में इस कानून की जरूरत है।



सोमवार को कांग्रेस विधायक दल के नेता और संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम से झारखंड प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर ने मुलाकात की। उनके साथ राज्य के 15 जिलों के कांग्रेस प्रतिनिधि शामिल थे। कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा कि सरकार ने साल 2021 में मॉब लिंचिंग पर विधानसभा से विधेयक पारित कर राज्यपाल के पास स्वीकृति के लिये भेजा था। यह एक स्वागतयोग्य कदम था। लेकिन राज्यपाल ने उस विधेयक को कुछ आपत्ति दर्ज कर उसे वापस कर दिया। एक साल से अधिक समय बीत जाने के बाद भी महागठबंधन की सरकार दोबारा विधेयक को पारित करने के दिशा में कोई सकारात्मक पहल नहीं कर रही है। ऐसे गंभीर विषय में महागठबंधन की चुप्पी चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय का भी स्पष्ट निर्देश है कि राज्य सरकार मॉब लिंचिंग के विरुद्ध कानून बनाने को स्वतंत्र है। शहजादा अनवर ने मंत्री आलमगीर आलम और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर से मुलाकात के दौरान कहा कि मुख्यमंत्री से समन्वय स्थापित कर विधेयक को दोबारा राज्यपाल के पास स्वीकृति के लिये भेजा जाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि राज्य में अब तक 50 से अधिक लोगों की हत्या हुई है। इस तरह की घटना में सभी समुदाय के लोग शामिल हैं। मुलाकात करने वालों में राज्य के 15 जिलों के प्रतिनिधि शामिल थे। प्रदेश कांग्रेस कमिटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की व जलेश्वर महतो विशेष रूप से शामिल थे। साथ ही शमशेर आलम, मोहम्मद इसराफिल, शमशेर आलम अंसारी, जमील अहमद अंसारी, जावेद रजा, ऐनुल हक अंसारी, जहीर अंसारी, इम्तियाज अहमद, आसिफ रजा, मोहम्मद नूर, मो. दिलदार अंसारी, साजिद अली, तस्लीम अंसारी, मोहन, ओबेदउल्लाह हक अंसारी, तनवीर आलम, मो. अख्तर कासमी, मो. वासिद आवेश अख्तर, फिरोज आलम, जका उल्लाह, मो हबीब उल्लाह, कयामुद्दीन अंसारी, इनामुल हक, जाकिर अख्तर, शहजाद खान, सईद अन्सारी, हशमत उल्लाह, मोहम्मद साजिद, सलमान अंसारी शामिल थे।

## रांची से हावड़ा दौड़ेगी वंदे भारत ट्रेन

रांची। झारखंड के लोगों को बड़ी सौगात मिलने वाली है। रांची से हावड़ा के बीच वंदे भारत ट्रेन चलेगी। रांची से हावड़ा के बीच यह ट्रेन चलेगी। लंबे समय से इस रास्ते पर वंदे भारत ट्रेन चलाने की तैयारी है। रेल मंत्रालय ने दक्षिण पूर्व रेलवे मुख्यालय को प्रस्ताव भेजा था। इस प्रस्ताव पर रांची रेल डिवीजन और रेल मंत्रालय तैयारी कर रहे हैं। रेल मंत्रालय देश के 40 रूट पर ट्रेन 18 चलाने की तैयारी है। इसमें ची-हावड़ा ट्रेन को भी शामिल किया गया है। वंदे भारत ट्रेन चलने से हावड़ा से रांची आने में समय की बचत होगी। इस ट्रेन के परिचालन से यात्रियों को ढेर सारी सुविधाएं मिलेगी। रांची-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस की अधिकतम रफ्तार 130- 150 किमी प्रति घंटे की होगी। रांची से हावड़ा के बीच 419 किमी की दूरी चार घंटे 55 मिनट में तय करेगी। वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन में यात्रियों को अन्य ट्रेनों की अपेक्षा अतिरिक्त सुविधाएं मिलेंगी। हर सीट के नीचे चार्जिंग प्वाइंट है जिसमें आसानी से लोग अपने गैजेट्स चार्ज कर सकेंगे।

## इसकु कराटे बेल्ट टेस्ट में 25 खिलाड़ियों का बेहतर प्रदर्शन



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** इंस्टिट्यूट ऑफ शोतोकान कराटे यूनाइटेड झारखण्ड की ओर से एयरपोर्ट कराटे शाखा के 25 कराटे खिलाडियों का बेल्ट टेस्ट लिया गया, जिसमें सभी खिलाड़ी सफल घोषित हुए। प्रमोशन पाने वाले इन खिलाड़ियों का नाम इस प्रकार है।अयमन अंसारी, निर्भय आनंद, एहिमे सिंदे, सचित रॉउत, श्रेयस गौरव, अर्चिता झा, आदिया झा, पी. अनुराग, गौरव प्रियांशु कृष हिमांशु चौधरी, नित्या आनंद वाइट से येलो बेल्ट से सम्मानित किया गया। राशि कुमारी व सनी कुमार येलो से ऑरेंज बेल्ट से सम्मानित किया गया। आस्था व आकांक्षा ऑरेंज से ग्रीन बेल्ट के लिए सम्मानित किया गया। सभी खिलाड़ी पिछले कई महीनों से कराटे का प्रशिक्षण प्रशिक्षक सेंसेई इबरार कुरैशी से ले रहे है। यह बेल्ट टेस्ट प्रशिक्षक सेंसेई कुरैशी की देख रेख हुई। यह बेल्ट टेस्ट लेने में शेखर झा व कंचन सिंह का बहुत बड़ा सहयोग रहा है। इस प्रोग्राम में मुख्य रूप से संघ अध्यक्ष मो. इरफान अंसारी मौजूद थे। यह जानकारी मोहम्मद इबरार कुरैशी ने दी।

# 13 महीने बाद भी पुलिस नहीं जानती कि विवेक और पूजा को किसने मारा

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** रांची के तुपुदाना ओपी क्षेत्र के शांतिनगर मैदान में विवेक और पूजा को टांगी से काटकर हत्या कर दी गई थी। 13 महीने पहले हुई इस वारदात के कातिल का अब तक पता नहीं चला है। दोनों मृतक तुपुदाना के शांतिनगर के ही रहने वाले थे। इतने अरसे में पुलिस यह भी जानकारी जुटा नहीं पायी है कि दोनों को कातिल ने क्यों मार डाला। हालांकि कातिल को पकड़ने के लिए रांची पुलिस ने हर कानूनी हथकंडे अपनाए। मौके पर डॉग स्क्वायड और एफएसएल से पूरे घटनास्थल की जांच करवाई गई। यहां तक की कॉल डंप तक निकाला गया। कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। मगर नतीजा कुछ नहीं निकला। पुलिस को अब तक यह भी जानकारी नहीं हो पायी है कि दोनों मृतक घटना से एक दिन पहले कहां पर थे। इस सनसनी खेज मामले को अब पुलिस ब्लाइंड केस मानकर फाइल बंद करने की तैयारी में है।

### बेरहमी से हुई थी हत्या

पूजा और विवेक की हत्या बड़े ही बेरहमी के साथ की गई थी। दोनों पर धारदार हथियार से कई बार वार किया था। जिसकी वजह से दोनों के चेहरे और शरीर के कई अंगों में गंभीर चोट के निशान मिले थे। यहां तक कि हत्यारे विवेक के अंगूठे को काट कर अपने साथ ले गए थे। पुलिस को आशंका है कि कोई तो ऐसा था जो पूजा और विवेक से हद से ज्यादा नफरत करता था और उसी नफरत में इस वारदात को अंजाम दिया गया है।

**प्रेम के खिलाफ दर्ज करायी थी प्राथमिकी :** मृतका की मां मिनी देवी ने पूजा के पुराने प्रेमी शांतिनगर के ही प्रेम टोप्पो पर हत्या का आरोप लगाया था। तुपुदाना ओपी में दिये बयान में मिनी देवी ने बताया कि पूजा और प्रेम का पहले अफेयर था। दोनों लीव इन रिलेशनशिप में रहते थे। दोनों का तीन साल का बेटा भी है जो कि पूजा के साथ ही रहता था। बेटे के जन्म के बाद से दोनों में मनमुटाव हो गया और बातचीत तक बंद हो गई। इसके बाद पूजा मायके में ही रहती थी। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस ने प्रेम को गिरफ्तार कर पुराने मामले में जेल भेज दिया। लेकिन उसने पुलिस की तफ्तीश में पूजा के हत्या में अपना हाथ होने से इनकार किया था।

## डीएसपीएमयू में एक करोड़ की लागत से बनेगी सेंट्रल लाइब्रेरी

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में इस साल तीन नए कोर्स बायोटेक, नर्सिंग और सेफ्टी मैनेजमेंट शुरू करने के साथ ही लाइब्रेरी और साइंस रिसर्च सेंटर खोला जाएगा। कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने सोमवार को यह जानकारी दी। बताया कि विश्वविद्यालय में इस वर्ष कई नए काम किये जाने हैं। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय के लिए सेंट्रल लाइब्रेरी जरूरी है। कई सारे जर्नल, मैगजीन, अखबार और किताब उपलब्ध कराए जाने हैं, जो विद्यार्थियों के लिए उपयोगी साबित होंगे। डीएसपीएमयू में सेंट्रल लाइब्रेरी की स्थापना करना मेरी प्राथमिकता है। इसके लिए सरकार को प्रपोजल भेज दिया गया है। विश्वविद्यालय में एक साइंस रिसर्च लैब बनाना है, जहां विद्यार्थी अपना शोध कार्य कर पाएंगे।

# श्री सम्मेद शिखर की धार्मिक गरिमा कायम रहे : बसंत मित्तल

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन ने मधुबन स्थित सम्मेद शिखरजी की धार्मिक गरिमा कायम रखने का अनुरोध किया है। प्रांतीय अध्यक्ष बसंत मित्तल ने कहा कि राज्य सरकार को इस पर पुनर्विचार करना चाहिए। जैन धर्मावलंबियों के पवित्र तीर्थ स्थल सम्मेद शिखरजी मधुबन को पर्यटन स्थल घोषित करने से दुनिया भर में जैन समाज को आहत है। श्री मित्तल ने कहा कि जैन समाज भी अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन का अभिन्न हिस्सा है। जैन समाज के बंधुओं से जानकारी मिली है कि राज्य सरकार के निर्णय से उन्हें काफी पीड़ा हुई है। विश्व प्रसिद्ध श्री सम्मेद शिखर जी जैन धर्मावलंबियों का सबसे बड़ा पवित्र तीर्थस्थल है। इसे पर्यटन स्थल बनाने से पवित्रता भंग होगी। उस



क्षेत्र में मांसाहार और शराब सेवन जैसी अनैतिक गतिविधियां प्रारंभ होने की संभावना होगी। इससे अहिंसक जैन समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचेगी। श्री मित्तल ने कहा कि गिरिडीह पारसनाथ पहाड़ी क्षेत्र को पर्यटन स्थल घोषित करने से जैन समाज में निराशा का माहौल है। इसलिए जैन धर्मावलंबियों की वास्तविक मांग पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए श्री सम्मेद शिखरजी को पर्यटन स्थल बनाने पर रोक लगे। इस पवित्र तीर्थ स्थल को धार्मिक तीर्थस्थल घोषित करने किया जाए। इससे दुनिया भर के जैन समाज के लोगों में सकारात्मक संदेश जायेगा। श्री मित्तल ने कहा कि अगर राज्य सरकार अपने निर्णय को वापस नहीं लेगी तो यह दुर्भाग्यपूर्ण होगा। ऐसे में जैन समाज के आंदोलन में झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा हर कदम पर भागीदारी निभाई जाएगी। उक्त जानकारी प्रांतीय झारखंड मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने दी।

**वश्व प्रसिद्ध श्री सम्मेद शिखर जी जैन धर्मावलंबियों का सबसे बड़ा पवित्र तीर्थस्थल है**

**पारसनाथ पहाड़ी क्षेत्र को पर्यटन स्थल घोषित करने से जैन समाज में निराशा का माहौल है**

# एक्सप्रेस कुरियर के माध्यम से वन्य जीव की तस्करी

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** इंटरपोल ने राज्य में वन्य जीवों की तस्करी व विदेशी व जंगली जानवरों की तस्करी को लेकर राज्य को आगाह किया है। इंटरपोल के पत्र पर मिलने के बाद इस संबंध में सीआईडी मुख्यालय ने सभी जिलों के एसपी को पत्र लिखकर कार्रवाई का निर्देश दिया है। जिसके बाद सभी थानों को भी इस संबंध में कार्रवाई व मॉनिटरिंग का आदेश जिलों के एसपी ने दिया है।

**कैसे हो रही तस्करी :** इंटरपोल ने इस संबंध में सीबीआई को एक इंटेलीजेंस इनपुट दी थी। इस इनपुट में बताया गया था कि एक्सप्रेस और कुरियर के माध्यम से वन जीवों की तस्करी हो रही है। साथ ही विदेशी व जंगली जानवरों के खाल से बने हैंडबैग्स, पर्स, वॉलेट्स, बेल्ट और चमड़े की तस्करी हो रही है। इस मामले में इंटरपोल के भेजे गए इनपुट पर सीबीआई के डिप्टी डायरेक्टर विजयेंद्र बिदारी ने राज्य को पत्र लिखा। जिसपर कार्रवाई के लिए अब सभी जिलों को सीआईडी ने पत्र भेजा है। एक्सप्रेस कुरियर के लिए किसी भी पार्सल की डिलिवरी सबसे तेजी से होती है। इसके लिए कस्टमर को कुछ अतिरिक्त राशि शिपिंग कोस्ट के तौर पर देनी पड़ती है। इस सर्विस के जरिए 24 से 27 घंटे के भीतर पार्सल की डिलिवरी संबंधित जगह पर हो जाती है। एक्सप्रेस कुरियर को सबसे तेज पार्सल डिलिवरी सिस्टम के तौर पर जाना जाता है। अंदेशा जताया जा रहा है कि तस्कर इस सिस्टम का उपयोग अपने फायदे के लिए करते हैं, साथ ही इसके लिए तस्करी को अंजाम दिया जा रहा है।

**इंटरपोल ने राज्य सरकार को भेजा है पत्र**

**सीआईडी ने सभी जिलों के एसपी को कार्रवाई के लिए भेजा पत्र**

## आज झारखंड आंदोलनकारी दिवस मनाया जाएगा

# राज्य में झारखंड आंदोलनकारी स्मारक का होगा शिलान्यास : पुष्कर

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि वर्ष 1925 ईस्वी में ऑक्सफोर्ड ब्लू का खिताब एवं देश को 1928 में प्रथम गोल्ड (हॉकी में) दिलाने वाले संविधान सभा के सदस्य तथा 1939 ईस्वी में रांची , हिंदपीडी के आदिवासी मैदान से झारखंड आंदोलन का आगाज करने वाले महान झारखंड आंदोलनकारी अमर पुरोधा मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती 3 जनवरी 2023 को झारखंड आंदोलनकारी दिवस के रूप में विगत वर्षों की भांति मनाया जाएगा। इस अवसर पर अल्बर्ट एक्का चौक से लेकर जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम परिसर में जुलूस



के रूप में पहुंचेंगे। इसके बाद मारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जीवनी पर चर्चा किया जाएग। यह कार्यक्रम पूर्वाहन 11:00 बजे से लेकर अपराहन 2:00 बजे तक किए जाएंगे। उक्त जानकारी देते हुए आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि राज्य के प्रत्येक जिले में मारंग गोम्के के जयपाल सिंह मुंडा की जयंती को झारखंड आंदोलनकारी दिवस के रूप में मनाया जाएगा साथ ही साथ बोकारो जिला के चलकरी बाघा टोंगरी व बोकारो स्टील सिटी में, पूर्वी सिंहभूम के बोडाम, गुमला जिला के रायडीह एवं बिशुनपुर दुमका प्रमंडल के जरमुन्डी रामगढ़, लातेहार के बरवाडीह, लोहरदगा के कुडु, गढ़वा के रमना, सिमडेगा-कोलेबीरा, रांची के चिरौंदी मे झारखंड आंदोलनकारी स्मारक निर्माण हेतु शिलान्यास का कार्यक्रम किया जाएगा। इस स्मारक में सभी झारखंड आंदोलनकारियों का नाम क्रमवार अंकित किए जाएंगे।

# झारखंड राज्य बाल संरक्षण संस्था में नियमों को दरकिनार कर नियुक्ति

**रांची।** महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के अंतर्गत झारखंड राज्य बाल संरक्षण संस्था में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। यहां के काम को करने के लिए 17 पद सृजित हैं। जिसमें केवल पांच लोग ही कार्यरत हैं। यहां नियम विरूद्ध नियुक्ति का मामला प्रकाश में आया है। यह नियुक्ति डेटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर के पद पर हुआ है। बताया जा रहा है कि यह नियुक्ति अवर सेक्रेटरी ने अपने स्तर पर कर ली है। जिनकी नियुक्ति हुई है उनका नाम मुस्ताक अनवर अंसारी है। वर्तमान में वे झारखंड राज्य बाल संरक्षण संस्था में काम भी कर रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार झारखंड राज्य बाल संरक्षण संस्था में डेटा एडमिनिस्ट्रेटर के पद पर नियुक्ति के लिए पद सृजित है। इस पद पर जिसकी भी नियुक्ति की जाएगी, उसका वेतन 30 हजार रुपये प्रतिमाह होगा। इस पद पर दो लोग कार्यरत थे, जो 28 हजार रुपये प्रतिमाह में काम कर रहे थे। इसमे से एक ने नौकरी छोड़ दी। जिसके बाद अवर सचिव अरशद जमाल की ओर से मानव संसाधन उपलब्ध कराने वाली कंपनी एम4 शॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड से मुस्ताक अनवर अंसारी की नियुक्ति की गयी। इनकी नियुक्ति 53900 रुपये में की गयी है जो नियम के विरूद्ध है। इस पद नियुक्ति जैप आइटी के माध्यम से होनी चाहिए थी, जबकि ऐसा नहीं किया गया। बताते चलें कि अवर सचिव अरशद जमाल की ओर से मुस्ताक अनवर अंसारी की नियुक्ति के लिए एम4 कंपनी को पत्र भेजा गया था। जिसमें उन्हें आउट सोर्स से नियुक्ति करने को कहा गया था। यह चिट्ठी 16.08.2022 को लिखी गयी।

## शिकंजा : शराब पीकर गाड़ी चलाना अब चालकों को पड़ेगा महंगा

# 25 चालक पकड़ाए, वाहन जब्त कर भेजा गया कोर्ट

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** नया साल आते ही शराब पीकर गाड़ी चालने वाले चालकों पर आफत आ गयी है। पुलिस प्रशासन ने इस शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि शराब पी जो लोग गाड़ी चलाते हैं वह उन्हें कुछ भी पता नहीं चलता है वह अपने वाहन को अनियंत्रित कर देते हैं जिससे गाड़ी खाई गिरती है या फिर किसी पेड़ या डिवाईडर से जा टकरती है और वह अपनी जान गवां देते हैं। इस कारण इस पर अंकुश लगाना अनिवार्य हो गया है। पुलिस की टीम ने निर्धारित से अधिक मात्रा में शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले 25 चालकों पर कार्रवाई भी की है। उनके वाहनों को पुलिस ने जब्त किया है, साथ ही उनके मामलों को अभियोजन के लिए कोर्ट में भेज



दिया गया है। इसमें वैसे वाहन चालक भी शामिल हैं जो 31 दिसंबर को देर रात नए साल के स्वागत में जश्न मनाकर गाड़ी से लौट रहे थे। पुलिस विभाग से मिली जानकारी के अनुसार ट्रैफिक एसपी के आदेश पर शहरभर में पुलिस की टीम की ओर से शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ एक सप्ताह से लगातार ड्रंक एंड ड्राइव अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान पुलिस की टीम हर दिन पांच से छह वैसे वाहन चालकों को पकड़ी, जो निर्धारित से अधिक मात्रा में शराब पीकर गाड़ी चला रहे थे। डॉक्टर्स ने भी अत्याधिक मात्रा में शराब पीने की दी रिपोर्टः ट्रैफिक पुलिस के अनुसार जिन वाहन चालकों को अत्याधिक शराब पीकर गाड़ी चलाते हुए पकड़े गए, उन्हें पहले ट्रैफिक पुलिस ने ब्रेथ एनैलाइजर से चेक की और मात्रा अधिक होने पर उनके वाहन को जब्त किया। इसके बाद रिम्स और सदर अस्पताल के चिकित्सक से भी जांच करायी गई। डॉक्टरों ने भी अपनी रिपोर्ट में अत्याधिक शराब पीने की बात बतायी है। इसी आधार पर ट्रैफिक पुलिस ने पकड़े गए वाहन चालकों के मामले को कोर्ट में भेजा है। पुलिस के अनुसार 30-100 एमएल या इससे कम मात्रा में शराब पीकर गाड़ी चलाना अपराध नहीं है। लेकिन 30 एमएल या इससे अधिक मात्रा में शराब पीकर गाड़ी चलाना अपराध के दायरे में आता है। जिन चालकों को पकड़ा गया है, वे सभी मानक से अधिक मात्रा में शराब पीकर गाड़ी चला रहे थे।

## ईसाई शादियों में गाउन का क्रेज घटा, साड़ियों का बढ़ा प्रचलन

**रांची।** क्रिसमस महोत्सव के बाद मसीही समुदाय में विवाह संस्कार का दौर शुरू हो गया है। यह 21 फरवरी तक चलेगा। इसके बाद 22 फरवरी से 40 दिनों का महाउपवास काल शुरू हो जाएगा। इस अवधि में समाज में किसी प्रकार के समारोह व उत्सव का आयोजन नहीं होता है। इधर, पिछले कुछ समय से ईसाई शादियों में दुल्हन द्वारा पहने जाने वाली शादी जोड़ा (गाउन) का प्रचलन काफी कम हो गया है। इसकी जगह विवाह समारोह में सफेद रंग के विवाह जोड़े का प्रचलन आ गया है। इसमें साड़ियों का प्रचलन बढ़ा है। ईसाई शादियों के लिए कपड़े तैयार करने वाली फेरी ब्राइडल की संचालित संगिता एक्का ने बताया कि शादी के इस सीजन में गाउन की बिक्री में काफी गिरावट आयी है। पूर्व में विवाह के इस मौसम में अबतक 10 से 12 गाउन की बिक्री हो जाती थी।

# जयपाल सिंह मुंडा अवार्ड आज मौके पर कई खिलाड़ी होंगे सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** उम्मीद फाउंडेशन की ओर से मंगलवार को मंराग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की 120वीं जयंती पर जयपाल सिंह मुंडा अवार्ड 2022 का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम कांके रोड स्थित सीएमपीडीआइ के मयूरी सभागर में शाम दो बजे से शुरू होगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव, विशिष्ट अतिथि मंराग गोमके जयपाल सिंह के पुत्र जंयत जयपाल सिंह मुंडा, हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह, झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष किशोर कुमार मंत्री, लोक कलाकार नंदलाल नायक समेत अन्य अतिथियों की गरीमामयी उपस्थिति रहेगी। यह जानकारी उम्मीद फाउंडेशन रितेश उरांव और प्रदीप मिर्धा ने स्थानीय होटल में



आयोजित प्रेसवार्ता में दी। उन्होंने बताया कि इस अवार्ड शो में खेल, साहित्य, सिनेमा, पत्रकारिता, समाजिक समेत अन्य क्षेत्र के विभूतियों को सम्मानित किया जायेगा। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन होगा। साथ ही मंराग गोमके जयपाल सिंह के जीवन पर प्रकाश डाला जायेगा और उनके विचारों को भी बताया जायेगा। सम्मानित होने वाले में खिलाड़ियों में मनोहर टोप्पनो, सुजीत मुंडा, मोनालिसा पहाड़िया, नीतू लिंडा, अंजली मुंडा, गीता खलको, सुबालक्ष्मी शर्मा, अंसुता लकड़ा, फरीद खान, महेश तिर्की, लवली चौबे, मनोज यादव, विनोद सिंह, प्रियंका केरेकेट्टा, हरेंद्र सिंह, मंगल मिंज समेत अन्य शामिल है। इस आयोजन को सफल बनाने में उम्मीद फाउंडेशन रितेश उरांव, संदीप मुंडा, प्रदीप मिर्धा, सोनू खलको, राजेश टोप्पो आदि सहयोग कर रहे हैं।

**इस अवार्ड शो में खेल साहित्य, सिनेमा, पत्रकारिता, समाजिक समेत अन्य क्षेत्र के विभूतियों को सम्मानित किया जायेगा**

NEWS इन ब्रीफ

## मोटरसाइकिल लूट का खुलासा , तीन आरोपी गिरफ्तार

**देवघर ।** देवघर के जसीडीह थाना क्षेत्र में मोटरसाइकिल लूट की घटना को अंजाम दिया गया था जिसका खुलासा देवघर पुलिस ने कर दिया है । इस लूट कांड के तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि लूटी गई मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली गई है । देवघर एसडीपीओ पवन कुमार ने एक प्रेस वार्ता करते हुए जानकारी दी है कि 14 दिसंबर को जसीडीह थाना क्षेत्र में संतोष कुमार यादव की मोटरसाइकिल की लूट कर ली गई थी जिसके बाद जसीडीह थाने में मामला दर्ज कराया गया था । पुलिस ने लगातार छापेमारी अभियान चलाया जिसके बाद तीन आरोपियों को लूटी गई मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर लिया है ।

## सभी प्रखंडों में आधार सुधार कैंप आयोजित

**चाईबासा।** पश्चिम सिंहभूम जिले के सभी प्रखंड मुख्यालय में सोमवार को आधार सुधार कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में ऐसे बुजुर्ग जिनकी वास्तविक उम्र 60 वर्ष से अधिक है, परंतु आधार में उनकी उम्र 60 वर्ष से कम अंकित हैं, उनकी शारीरिक जांच एमओआईसी तथा संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा आयोजित कैंप में की गई। आवश्यक प्रक्रिया के बाद इसमें सुधार किया जा सकेगा। आधार में सही उम्र अंकित होने के उपरांत ही बुजुर्गों को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सकता है। संबंधित कैंप जिले के सभी प्रखंड मुख्यालय में हफ्ते के प्रत्येक सोमवार को आयोजित किये जाएंगे।

## 30 बच्चों को जिला प्रशासन के सहयोग से बांटे गए टैबलेट

**चाईबासा ।** पश्चिमी सिंहभूम में जिला प्रशासन के सहयोग से जे ई ई की तैयारी कर रहे 30 बच्चों को बायजूज के द्वारा टेबलेट का वितरण किया गया ' मौके पर सहायक समाहर्ता ओम प्रकाश गुप्ता ने कहा कि छात्रों को शिक्षा के क्षेत्र में प्रेरित किया जा रहा है साथ ही उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र को और आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि लाभार्थी टेबलेट का उपयोग कर टेक्नोलॉजी एवं पठन-पाठन की अधिक जानकारी प्राप्त कर सकेंगे और अपनी कौशल क्षमता को विकसित भी कर सकेंगे।

## मांगों के समर्थन में सड़क पर उतरे ट्रांसपोर्टर, दिया धरना

**पाकुड ।** पन्चुवाड़ा सेंट्रल कॉल ब्लॉक में कोयला उत्खनन एवं परिवहन करने वाली कम्पनी दिलीप बिल्डकॉन लिमिटेड के खिलाफ सैकड़ो ट्रांसपोर्टरों ,स्थानीय बेरोजगारों ने प्रदर्शन किया एवं समाहरणालय के सामने धरना दिया।धरना प्रदर्शन में शामिल ट्रांसपोर्टर रैयत एवं विस्थापितों ने दिलीप बिल्डकॉन के वादाखिलाफी एवं शोषणपूर्ण कार्रवाई पर रोक लगाने,सिंगल वेंडर सिस्टम बंद करने,बकायेदारों को बकाया राशि का भुगतान करने,स्थानीय बेरोजगार युवकों को रोजगार देने की मांग से सम्बन्धी ज्ञापन उपायुक्त को सोंपा।

## टाटा स्टील 1000 करोड़ से अधिक का निवेश करेगी

**जमशेदपुर ।** टाटा स्टील के प्रबंध निदेशक टी वी नरेंद्रन ने सोमवार को सेंटर फॉर एक्सीलेंस में नव वर्ष का केक काटने के बाद कहा कि टाटा स्टील हमेशा सामाजिक सरोकार रखती है। टाटा स्टील के लिए 2023 चैलेंजिंग है ,लेकिन टाटा स्टील 1000 करोड़ से अधिक निवेश जमशेदपुर में अपने अनुषंगी इकाई वाली कंपनी में करेंगे। गौरतलब है कि अभी टाटा स्टील की जितनी सिस्टर कंपनियां है या जिन कंपनियों को टाटा स्टील ने अधिग्रहण किया है, सभी में उत्पादन बढ़ाने आधारभूत संरचना तैयार करने में काम कर रही है। टीवी नरेंद्रन ने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि टाटा स्टील प्रतिवर्ष 5000 से अधिक लोगों को रोजगार दे रही है।

### देवघर : टॉक टू डीसी ऑनलाईन कार्यक्रम का आयोजन

# योग्य लाभुकों को मिले योजनाओं का लाभ

**नवीन मेल संवाददाता**

**देवघर ।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में टॉक टू डीसी ऑनलाईन कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान डीसी ने जिले के सभी दसों प्रखंड के बीडीओ, सीओ व 162 से अधिक सीएससी केंद्रों के माध्यम से जिले के विभिन्न पंचायत के लोगों ने उपायुक्त से ऑनलाइन मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान ऑन द स्पॉट कई लोगों की समस्याओं का समाधान उपायुक्त द्वारा किया गया। आगे कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने जिला व प्रखण्ड स्तर के अधिकारियों को निदेशित करते हुए



कहा कि सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ योग्य लाभुकों को मिले। इसका विशेष रूप से ध्यान रखें, ताकि योजनाओं को धरातल पर उतारा जा सके। इसके अलावे टॉक टू डीसी कार्यक्रम के दौरान पालोजोरी प्रखण्ड के खागा पंचायत के नरसिंह महतो द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्माननिधि योजना का एक किस्त लाभ मिलने के बाद न मिलने की शिकायत संज्ञान लेते हुए उपायुक्त द्वारा जानकारी दी गयी कि लाभुकों का फिर से सत्यापन जल्द ही पूर्ण कर लिया जायेगा, जिसके पश्चात किश्त की राशि सभी लाभुकों को भेजी जायेगी। साथ ही उपायुक्त ने सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के माध्यम से सभी प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी को निदेशित करते हुए कहा कि अपने-अपने प्रखण्डों में लाभुकों की सूची सत्यापित कराते हुए जल्द से जल्द समर्पित करें, ताकि लाभुकों के खाते में किस्त की राशि भेजी जा सके। आगे कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रखण्डों से मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत के लाभुकों द्वारा किस्त की राशि न मिलने की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए उपायुक्त द्वारा जानकारी दी गयी कि मुख्यमंत्री सुखाड़ योजना के तहत देवघर जिले के 73,783 कृषकों को डीबीटी के माध्यम से योजना का लाभ दिया गया है। साथ ही शेष बचे लाभुकों को जल्द ही किस्त की राशि डीबीटी के माध्यम से भेज दिया जायेगा।

### पदाधिकारियों को उपायुक्त ने दिये दिशा-निर्देश

कार्यक्रम के दौरान मारगोमुण्डा प्रखण्ड के महजोरी पंचायत के ग्रामीणों द्वारा जानकारी दी गयी कि नैयाडीह के समीप हो रहे खादान में विस्फोट की वजह से घरों में दरार व जानमाल की क्षति हम ग्रामीणों को हो रही है, जिस पर मामले को संज्ञान में लेते हुए उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी व संबंधित बीडीओ को मामले की जांच करते हुए पुर्नसत्यापित प्रगति प्रतिवेदन उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करने का निदेश दिया । आगे कार्यक्रम के दौरान सारठ प्रखण्ड के सिमला पंचायत के आवेदक द्वारा जानकारी दी गयी कि उनके माता के नाम पर प्रधानमंत्री आवास का आवंटन आया हुआ था, जिसे 5 एकड़ जमीन दिखाकर रद्द कर दिया गया, जिसपर मामले को संज्ञान में लेते हुए उपायुक्त ने संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को मामले की निष्पक्षतापूर्वक जांच कराते संबंधित पंचायत सचिव को शॉकॉज करने का निर्देश उपायुक्त ने दिया।

# मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती आज

**नवीन मेल संवाददाता**

**खूंटी ।** मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती 3 जनवरी को मनायी जाती है। प्रत्येक वर्ष जयंती के मौके पर सांसद विधायकों का जमावड़ा होता है। इस वर्ष हॉकी मैच का भी आयोजन किया गया है। 3 जनवरी को केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा कई योजनाओं की सौगात भी देंगे। साथ ही पूर्व में शुरू की गई योजनाओं को जल्द पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। आज टकरा में मरांग गोमके जयपाल सिंह की आदमकद प्रतिमा का केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा अनावरण भी करेंगे। उपायुक्त शशि रंजन ने बताया कि मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती को लेकर जिला प्रशासन ने सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। आने वाले वर्षों में स्टेडियम निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद बड़े पैमाने पर स्पोर्ट्स का आयोजन किया जाएगा। साथ ही डुम्बारी बुरु से उलिहातू तक मैराथन का भी आयोजन किया जाएगा मैराथन में आम लोगों की सहभागिता होगी। लगातार खूंटी के वीर शहीदों और क्रांतिकारी सपूतों की स्मृति में कई योजनाएं आरम्भ की जा रही है। खूंटी के टकरा गांव में स्टेडियम निर्माण के बाद विभिन्न खेलों को बढ़ावा मिलेगा और लगातार टूनामेंट का आयोजन करने से स्थानीय खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा।

### टकरा में आदमकद प्रतिमा का होगा अनावरण

# बेरोजगारों के आंदोलन को कुचल रही सरकार : अनंत

**नवीन मेल संवाददाता**

**देवघर ।** राजमहल के विधायक अनंत ओझा ने देवघर के एक निजी सभागार में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया। जिसमें विधायक ने कहा कि पार्टी के द्वारा बीजेपी के सभी विधायक को अपने-अपने क्षेत्र में प्रभारी बनाया गया है। जिसके तहत हेमंत सोरेन सरकार के 3 साल के कार्यकाल का लेखा-जोखा पेश करते हुए सरकार की पोल खोलने का काम किया जा रहा है । विधायक अनंत ओझा ने कहा कि सरकार का 3 साल लूट की छूट और भ्रष्टाचार और बेरोजगारी के नाम रहा है। आज युवा बेरोजगार हैं और जब हक मांगने जाते हैं तो रांची में अपनी दमनकारी नीतियों के बदौलत है इनके आंदोलन को कुचला जाता है । अनंत ओझा ने सरकार के कार्यकाल के दौरान हत्या लूट बलात्कार अपहरण जैसे मामलों का लेखा-जोखा भी पेश किया । अनंत ओझा ने कहा कि सरकार दूसरा मधु कोड़ा बनाने जा रही है दूसरी तरफ से उन्होंने कहा कि सरकार हर मामले में विफल रही है और अपनी कमियां छुपाने के लिए हमेशा यह कहते नजर आती है कि झारखंड में सबसे ज्यादा शासन बीजेपी का रहा है। जिन नीतियों को रघुवर सरकार के समय लागू किया गया उसे इस सरकार ने निरस्त कर दिया। आज कृषि पिछड़ता जा रहा है और किसानों के ऋण माफ नहीं हो रहे हैं किसानों को मिलने वाली राशि भी अब समाप्त कर दी गई है और खैरात में 3000 बांटे जा रहे हैं।

# डीसी ने की भू-अर्जन से संबंधित परियोजनाओं को लेकर बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में भू-अर्जन से संबंधित परियोजनाओं के संबंध में बैठक हुई। बैठक में कुडू बाईपास पथ परियोजना एच-75 अंतर्गत कुडू से उदयपुरा तक बाईपास परियोजना, कुडू से घाघरा पथ का चौड़ीकरण अंतर्गत रैयतों के भुगतान की स्थिति, चट्टी कुडु भाया कैरो पथ में चेटर नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण अंतर्गत अधिग्रहित भूमि के रैयतो के भुगतान, खूंटी-लोहरदगा टू लेन पथ परियोजना अंतर्गत भूमि अधिग्रहण, लोहरदगा जिला अंतर्गत भण्डरा-सेन्हा पथ में 23.518 किमी का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण और ललित नारायण स्टेडियम के मुख्य द्वारा के सामने पहुंच पथ एवं पार्किंग हेतु रैयती



भूमि का अधिग्रहण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई और आवश्यक निदेश पदाधिकारियों को दिये गये। साथ ही, भूमि अधिग्रहण से संबंधित सभी समस्याओं का निराकरण कराने का निदेश अंचल अधिकारियों को दिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता समीरा एस, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल और सेन्हा, भण्डरा, कुडू एवं किस्को के अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

### भंडरा थाना प्रभारी को एसपी ने किया सम्मानित

# माआवादियों का डटकर किया मुकाबला



**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरा/लोहरदगा।** जिले के भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार यादव के द्वारा बीते दिनों बगडू थाना व पेशरार थाना क्षेत्र के सीमावर्ती क्षेत्र अंतर्गत कोरगो जंगल में प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादियों के विरुद्ध जिला पुलिस बल और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के द्वारा संयुक्त रूप से चलाये गये नक्सल विरोधी अभियान में अहम किरदार निभाने को लेकर पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के द्वारा प्रशस्ति पत्र, मेडल व नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### पुलिस पदाधिकारी ने सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

बताते चलें कि सुदूरवर्ती एवं घोर उग्रवाद प्रभावित कोरगो जंगल में सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में पांच लाख का इनामी नक्सली को मार गिराया गया था। साथ ही जिला पुलिस बल और सीआरपीएफ 158 बटालियन के द्वारा एक अन्य इनामी नक्सली को गिरफ्तार किया गया था। इस दौरान पुलिस की ओर से चलाये गये नक्सल विरोधी अभियान में बड़ी उपलब्धि मिली थी। बगडू थाना क्षेत्र अंतर्गत कोरगो जंगल में पुलिस को छति पहुंचाने के उद्देश्य से नक्सलियों के द्वारा छिपाई गई आईईडी बम, भारी मात्रा में हथियार,कारतूस व अन्य सामग्री बरबाद किया गया था। इधर भाकपा माओवादियों के साथ हुई पुलिस की मुठभेड़ में भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार अदम साहस एवं दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ नक्सलियों से लोहा लेने का काम कर दिखाया इसे लेकर एसपी आर रामकुमार ने अपने कार्यकाल कक्ष में भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार को पुरस्कृत कर हौसला बढ़ाने का कार्य किया गया। इधर एसपी के हाथों सम्मानित होने पर थाना प्रभारी गौतम कुमार ने कहा कि पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार चलाये गये कोरगो अभियान में हुई पुलिस और उग्रवादियों के साथ मुठभेड़ में अपनी जिम्मेवारी का निर्वाह करने का प्रयास मेरे द्वारा किया गया है।

# खुलेआम बिक रही मांस-मछली संक्रमण का मंडरा रहा है खतरा

**नवीन मेल संवाददाता**

**ठेठईटांगर।** प्रखंड में लगने वाले सप्ताहिक बाजार परिसर में इन दिनों धड़ल्ले से सरकार के नियमों को दरकिनार कर मांस मछली का खुलेआम बिक्री की जा रही है। जिससे कि लोगों के अंदर एक बार चिंता सता रहा है। चीन से फैले कोरोना वायरस से भारत चिंतित है, इसके बचाव के लिए सरकार के द्वारा एडवाइजरी जारी की जा रही है लेकिन ठेठईटांगर सप्ताहिक लगने वाले खस्सी मटन का मांस बेचने वाले दुकानदार पर इसका कोई असर पड़ता दिखाई नहीं दे रहा है और ना ही मांस बेचने के सरकारी प्रावधानों का पालन किया जा रहा है।

### तीन दिन लगता है साप्ताहिक बाजार

बताते चलें ठेठईटांगर प्रखंड में सप्ताह में 3 दिन सप्ताहिक बाजार लगते हैं और तीनों ही दिन मटन मांस खुले में टांग कर बेचा जा रहा है, खुले में मटन बेचने से उस में संक्रमण की आशंका अधिक बनी होती है। दुकान के आसपास साफ-सफाई पर भी ध्यान नहीं रखा जा रहा है इससे मांस खाने का शौकीन लोगों को सेहत बिगड़ने का अंदेशा हर समय बना रहता है। पिछले दिनों खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से छापेमारी अभियान चलाते हुए मटन विक्रेताओं को चेतावनी दी गई थी लेकिन अब एक बार फिर से जस के तस स्थिति के साथ ही वहां पर धड़ल्ले से खुले जगहों पर मांस मछली की बिक्री की जा रही है। जिससे की दुर्गंध और के प्रकार के संक्रमण बीमारी का खतरा मंडरा रहा है। इधर इस मामले में खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से कहा गया कि जल्द ही इस मामले में कार्रवाई करते हुए नियम उल्लंघन करने वाले दुकानदारों के ऊपर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# प्रशासन की पहल पर घासीलारी में डेढ़ महीनों से बंद स्कूल खुला

**नवीन मेल संवाददाता**


**कोलेबिरा।** प्रखंड अंतर्गत डोमटोली पंचायत के घांसीलारी गांव की आरसी प्राथमिक विद्यालय शिक्षक नियुक्ति में गड़बड़ी का आरोप लगाकर पिछले डेढ़ महीना पूर्व ग्रामीणों के द्वारा ताला बंद कर दिया गया था जिसे प्रखंड प्रशासन के पहल पर सोमवार को खुलवा दिया गया। बताया गया कि विद्यालय प्रबंधन समिति और ग्रामीणों के बीच मतभेद होने के कारण लगभग डेढ़ महीने से ग्रामीणों के द्वारा स्कूल में ताला जड़ा गया था जिससे बच्चों की पठन-पाठन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा ।जिसकी सूचना विभाग को दी गयी परंतु विद्यालय प्रबंधन समिति के द्वारा शिक्षक नियुक्ति की एक प्रक्रिया में उत्पन्न मतभेद के कारण ग्रामीण विद्यालय में जड़े ताले को खोलने को तैयार नहीं थे। विभाग एवं



प्रशासन के द्वारा विद्यालय में जड़े ताले को खुलवाने का प्रयास विगत दिनों से किया जा रहा था परंतु विद्यालय प्रबंधन समिति एवं ग्रामीण एक साथ बैठने को तैयार नहीं थे ।अंततः जिला शिक्षा अधीक्षक विनोद कुमार एवं अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी बादल राज ने कोलेबिरा प्रखंड कार्यालय में आकर प्रखंड प्रमुख, मुखिया पंचायत समिति सदस्य अंचलाधिकारी के साथ एक आवश्यक बैठक कर ग्रामीणों के साथ बैठक कर उन्हें समझाते बुझाते विद्यालय में जड़े ताले को खुलवाया गया ।जिला शिक्षा अधीक्षक विनोद कुमार ने ग्रामीणों से कहा इस विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों का मौलिक अधिकार है शिक्षा प्राप्त करना आपकी जो भी समस्या है हम मिल बैठकर दूर करेंगे परंतु आप बच्चों को शिक्षा प्राप्त करने में ना रोके इस विद्यालय में आपके ही गांव के बच्चे शिक्षा प्राप्त करते हैं इसलिए आप समोसे अनुरोध है कि आपके द्वारा जड़े ताले को आप खोल दें और बच्चों को शिक्षा प्राप्त करने दें उनके अनुरोध पर ग्रामीणों ने उनकी बातों को समझते हुए प्रखंड प्रमुख दुतामि हेमरोम ,बीडीओ अखिलेश कुमार एवं सीओ हरीश कुमार के सामूहिक प्रयास से ताला को खोला गया जिसे लेकर अभिभावकों में और उच्च विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों में खुशी की लहर देखने को मिली।

### मिलेनियम स्कूल का मना 22वां वार्षिकोत्सव

# शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयासरत :मुकेश




### छात्र-छात्राएं को शिक्षा पर विशेष ध्यान देना चाहिए : संजय सोनी

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** विशुनपुर स्थित सीबीएसई बोर्ड मान्यता प्राप्त मिलेनियम पब्लिक स्कूल में सोमवार को 22वां वार्षिकोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सीबीएसई बोर्ड मेम्बर मुकेश कुमार, बीएसकेडी चेयरमैन संजय सोनी, बीएंटी चेयरमैन उमाकांत तिवारी, संत जेवियर इंग्लिश मीडियम स्कूल भंडरिया चेयरमैन भीम यादव, सामाजिक सुरक्षा निदेशक नीतीश कुमार निशांत,खेल विभाग विधायक प्रतिनिधि ओम प्रकाश गुप्ता,पुअनि भवनाथपुर शाहदेव कुमार शाह ने संयुक्त रूप दिप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर सीबीएसई बोर्ड मेम्बर मुकेश कुमार ने कहा कि सपने साकार करने का शिक्षा ही एक मात्र माध्यम है यदि लक्ष्य निर्धारित कर कठिन परिश्रम के साथ बढ़ा जाए तो सफलता अवश्य मिलेगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए मिलेनियम पब्लिक स्कूल लगातार प्रयासरत है गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही विद्यालय की सही पहचान है। बीएसकेडी चेयरमैन संजय सोनी ने कहा कि छात्र-छात्राएं को शिक्षा पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि आने वाले भविष्य में आत्मनिर्भर होकर देश का गौरव बने।बीएंटी चेयरमैन उमाकांत तिवारी शिक्षा का महत्व बताते हुए कहा कि बेहतर शिक्षा सभी के जीवन में आगे बढ़ने और सफलता प्राप्त करने के लिए जरूरी है।

### शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण संस्कार युक्त देने का निर्देश

मिलेनियम पब्लिक स्कूल निदेशक मुमताज राही ने कहा कि विद्यालय का नींव शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण संस्कार युक्त देने का उद्देश्य के साथ हुई थी। आज विद्यालय उसका हर कसौटी पर खरा उतरता है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में हर बच्चों का सर्वांगिण विकास होने से शिक्षा का स्तर और बेहतर हो रहा है। कार्यक्रम के उद्घाटन से पूर्व आए हुए सभी अतिथियों को विद्यालय के छात्राओं के द्वारा पुष्प अर्पित कर स्वागत किया गया। मिलेनियम पब्लिक स्कूल में विद्यालय के छात्र छात्राओं के द्वारा वार्षिक उत्सव के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम अंत मे अभी आए हुए अतिथियों को बुके व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। मौके पर चेयरपर्सन नूरजहां बेगम विद्यालय के प्राचार्य मंजूर राही, असगर अली,नागेंद्र सिंह,अनेश यादव, मनोज कुमार,सूरज तमंग, ऋषिकांत कुमार, अर्पणा मुखिया, रोहित राय, संजना सिंह राजपूत, प्रिया सिंह, प्रिया देव, प्रेमलता सिंह, दीक्षा श्रीवास्तव, जयप्रकाश ठाकुर, रविशंकर चौबे, सदर तौहिद आलम, प्रो नेयाज खान, कोच रामप्रवेश तिवारी,सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### विदाई : सामाजिक सुरक्षा सहायक निदेशक को दी गई विदाई

# हमेशा बेहतर देने का प्रयास किया

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** सामाजिक सुरक्षा सहायक निदेशक अलमल इंदु उराँव 31 दिसंबर 2022 को सेवानिवृत्त हो गये। इस मौके पर उन्हें समाहरणालय सभागार में सेवानिवृत्ति विदाई दी गयी।

मौके पर उपायुक्त ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा सहायक निदेशक के रूप में श्री उरांव ने लोहरदगा जिला में बेहतर कार्य किया। इस कारण लोहरदगा जिला पेंशन देने और कम्बल वितरण में अच्छी स्थिति में है। पलामू जिला में ट्रेनिंग के दौरान श्री उरांव से मुलाकात हुई। इस दौरान इनसे पेंशन संबंधी सरकारी कार्यों की जानकारी मिली। आज श्री उरांव को अपने कार्यों पर गर्व होना चाहिए कि उन्होंने अपने सेवा काल में कितनों को मदद पहुंचायी है। आप सेवानिवृत्त हो चुके हैं लेकिन आप हमेशा इस परिवार का हिस्सा रहेंगे। जब आवश्यकता पड़े तो आप जिला प्रशासन की मदद ले सकते हैं। आप





अपना सारा ध्यान बच्चों का करियर बनाने में लगाएं और अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखें। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त समीरा एस ने कहा कि लोहरदगा जिला में बेहतर कार्य करने के लिए श्री उराँव की प्रशंसा की। अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल ने कहा कि 36वीं बीपीएससी बैच के पदाधिकारी श्री उराँव से पहली बार मुलाकात पश्चिमी सिंहभूम में बीडीओ रहते हुआ था। वे बहुत सरल और सहज व्यक्तित्व वाले हैं। सभी निदेशों का इन्होंने समय पर अनुपालन किया। एक बेहतर सेवाकाल बड़ी उपलब्धि है। कार्यक्रम में श्री उरांव ने बेहद भावुक मन से अपने अनुभव साझा किए। कहा कि वर्ष 1992 में चतरा जिला से नौकरी की शुरूआत हुई। इसके बाद पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, गोड्डा, पलामू और रांची स्थिति निदेशालय में भी काम करने का अवसर मिला। वर्ष 2019 में लोहरदगा जिला पहुंचा और आज यहीं से सेवानिवृत्त हुआ। ये मेरे लिए बहुत भावुक क्षण है। मौके पर श्री उराँव के साथ उनकी धर्मपत्नी, पुत्र और पुत्री भी मौजूद थे। जिला प्रशासन की ओर से सभी का स्वागत किया गया। मौके जिला के पदाधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## जमशेदपुर में मोबाइल आई स्क्रीनिंग वैन की हुई शुरूआत

**जमशेदपुर ।** जमशेदपुर आई अस्पताल ने नये वर्ष मे ग्रामीण इलाकों के मरीजों के लिए नई सौगात लेकर आई है। रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर ने अपने सामाजिक दायित्वओं का निर्वाहन करते हुए इसे अस्पताल को प्रदान किया है। टाटा स्टील फाउंडेशन के द्वारा इसे संचालित किया जायेगा और तमाम मरीजों का इलाज जमशेदपुर आई अस्पताल मे ही होगा। यह मोबाइल आई स्क्रीनिंग वैन ग्रामीण इलाकों मे पहूंचकर जरूरतमंद लोगों का स्क्रीनिंग करेगा, जिसके बाद चयनित मरीजों का इलाज जमशेदपुर आई अस्पताल मे होगा, इसके उद्घाटन समारोह से पूर्व अस्पताल परिसर मे नये वर्ष के स्वागत मे केक कटिंग किया गया, जिसके बाद फीता काटकर मोबाइल वैन की शुरूआत की गई। मौके पर अस्पताल प्रबंधन के अध्यक्ष रूचि नरेन्द्रन, उपाध्यक्ष चाणक्य चौधरी समेत रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर के सदस्य एवं अस्पताल के चिकित्सकों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर मोबाइल वैन का उद्घाटन किया।

NEWS इन ब्रीफ

### प्रखंड में शीतलहर का प्रकोप जारी, दिन भर नहीं दिखा सूरज



**बरही।** घने कोहरे के बीच प्रखंड में शीतलहर बढ़ता जा रहा है। सोमवार को दिन भर सूरज कोहरे के बीच ढका रहा। ठंड हवाओं ने लोगों को घर में दुबकने रहने के लिए मजबूर कर दिया। बाजार अपेक्षाकृत शांत रहा। ऐसे में लोगों के द्वारा विभिन्न चौक चौराहों पर अलाव की व्यवस्था मांग किया जा रहा है।

### कुएं में गिरने से युवक की मौत

**चौपारण।** चौपारण प्रखंड के जगदीशपुर गांव में 25 साल के युवक संजीत कुमार यादव की मौत कुआं में गिरने से हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही चौपारण थाना की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि संजीत कुमार यादव रात में अपने घर पर सो रहा था, थोड़ी देर बाद वह उठा और घर से बाहर निकल गया। घर के बगल में मौजूद कुएं के पास पैर फिसल जाने से वह कुएं में गिर गया। घर वालों ने इसकी जानकारी आस-पास के लोगों को दी जिसके बाद युवक को बाहर निकाला गया। लेकिन तबतक युवक की मौत हो गई थी। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

### बच्चों के बीच निःशुल्क स्वेटर का वितरण

**गिद्धौर(चतरा)।** सोमवार को गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र के मंझगांवां पंचायत अंतर्गत पुरनाडीह आंगनबाड़ी केंद्र व पिण्डारकोंण आंगनबाड़ी केंद्र में मुखिया सरिता देवी के उपस्थिति में 76 बच्चो के बीच ऊनि पोशाक (स्वेटर) का वितरण किया गया। दो-दो सेट स्वेटर का वितरण आंगनबाड़ी केंद्र में अद्यतनरत 3 वर्ष से 6 वर्ष के बच्चो के बीच किया गया। इस दौरान मुखिया ने कहा कि ठंढ से बचाव को ले केंद्र में अध्यन्नरत बच्चों को समाज कल्याण विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए स्वेटर का निःशुल्क वितरण किया गया है। बच्चों को प्रत्येक दिन पहनकर केंद्र में आने की बात कही। वितरण में उप मुखिया गणेश सिंह, मिथिलेश सिंह, अजीत गुप्ता, दिगंबर रविदास, सहित केंद्र की सेविका व सहायिका सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**गढ़वा।** भवनाथपुर थाना क्षेत्र के कैलान गांव में रविवार की रात राजेश्वर कोरवा 35 वर्ष पिता स्व.सोमारू कोरवा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। जानकारी के अनुसार राजेश्वर कोरवा अपने दोस्तों के साथ एक जनवरी का जश्न मनाकर शराब के नशे में घर आया था। इस दौरान पत्नी से किसी बात को लेकर उसकी नोकझोंक हो गई। इसके बाद राजेश्वर कोरवा चुपचाप में अपने घर में चला गया। बताया गया कि घरेलू कामकाज के बाद जब परिवार के लोग कमरे में गए तो राजेश्वर कोरवा को साड़ी के फंदे में लटकते हुए पाया गया। उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने कैलान गांव पहुंचकर राजेश्वर कोरवा के शव को अपने कब्जे में लेकर सदर अस्पताल में लाकर पोस्टमार्टम कराकर उसके स्वजनों को सौंप दिया।

### अभियुक्त को भेजा गया जेल

**श्री बंशीधर नगर।** नगर उंटारी पुलिस ने थाना कांड संख्या 01/23 के प्राथमिकी अभियुक्त सह धुरकी थाना निवासी चालक शमशेर अंसारी को अबैध रूप से बालू लदे ट्रैक्टर के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर थाना में रखा है। थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने बताया बरडीहा गांव से बालू लदा ट्रैक्टर व चालक शमशेर अंसारी को धारा 379, 414, 34 भादवि व जेएमएमसी रूल 4 और 54 के तहत गिरफ्तार कर गढ़वा जेल भेज दिया गया।

# एक करोड़ का अफीम बरामद नकद 13 लाख रुपया भी जब्त

## एक महिला गिरफ्तार, अन्य की हो रही तलाश




**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** एसपी मनोज रतन चौथे के निर्देश पर किए गए छापेमारी में 1 करोड़ 13 लाख मूल्य के बराबर 19.4 किग्रा अफीम बरामद किया गया। पुलिस को बीते कई दिनों से केरेडारी थाना क्षेत्र में अफीम की खेती का सूचना मिली रही थी। सोमवार को किसी ने इसकी जानकारी दिया कि घोलटावीर टोला अंतर्गत कामेश्वर साहू के घर पर करोड़ो का अफीम छिपाकर रखा गया है। मामले की जानकारी मिलते ही छापेमारी की गई, इस क्रम में पुलिस को उक्त घर से प्लास्टिक के बाल्टी में 19.4 किग्रा फीम और दूसरे कमरे में 13 लाख रुपया नकद बरामद किया गया है। मामले को लेकर रुदनी देवी को हिरासत में लिया गया है और मुख्य आरोपी और उसका ससुर चतरा निवासी ज्ञानी साव की तलाश में लग गई है। जो पिछले कई वर्षों से इस तरह का गोरख धंधा में लिप्त है।

इसका केरेडारी चौक पर मोटरसाइकिल का शोरूम भी है। एसपी ने बताया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए विभिन्न बिंदुओं पर जांच प्रारंभ कर दिया गया है। यह इस वर्ष की सबसे बड़ी और पहली उपलब्धि है। उन्होंने लोगों से इस प्रकार के धंधे से बचने की अपील किया है। इस तरह के गोरखधंधा में पकडाए जाने पर कम से कम 10 वर्ष की सजा का प्रावधान है। प्रेस कॉन्फ्रेस करने के दौरान हजारीबाग एसपी ने यह भी कहा कि हजारीबाग में अब कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग अफीम का कराया जा रहा है। जहां किसानों को बहला-फुसलाकर इस तरह का गोरख धंधा शुरू किया गया है। बाहर से गोरख धंधा करने वाले किसानों को मोटी रकम देकर अफीम की खेती करवा रहे हैं। यह चिंता का विषय है। उन्होंने अपील भी किया है कि कोई भी किसान इस तरह के गोरखधंधे में संलिप्त ना हो।

# पार्टी के बहाने विरहोरों को पिलाया शराब खिलाया प्रतिबंधित मांस, एक गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** सोमवार को बरसोत के बरियठ्ठा स्थित विरहोर कॉलोनी में कुछ विरहोरों को नए वर्ष की पार्टी के बहाने शराब पिलाकर जबरन प्रतिबंधित मांस खिलाने का मामला सामने आया है । इसकी जानकारी मिलते ही विहिप जिला सह मंत्री, आरएसएस और बजरंग दल के कार्यकर्ता, स्थानीय मुखिया मोतीलाल चौधरी, दुलमहा पूर्व पंसस जितेंद्र गिरि आदि विरहोर आवासीय कॉलोनी पहुंचकर स्थिति का जायजा लेते हुए पुलिस को सूचना दिया। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस इंस्पेक्टर ललित कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर पूरी जानकारी ली और राजेश विरहोर के आंगन में दबाए गए गोमांस के अवशेष चमड़ा, हड्डी इत्यादि बरामद किया। पूछे जाने पर इंस्पेक्टर ने बताया कि मामले की छान बीन की जा रही है। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। इधर देर संध्या आरोपी के



खिलाफ आवेदन देने थाना पहुंचे मनोज विरहोर ने बताया कि मामला शुक्रवार की है। दुलमहा पंचायत के लखना निवासी खलील मियां और उसका एक साथी के राजेश विरहोर के घर पर बछड़ा काटकर पार्टी देने की बात कह दारू, मांस और भात जबरदस्ती खिलाया गया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। इतना ही नही उनलोगों को धर्म परिवर्तन करने की बात कहते हुए नमाज पढ़ने की भी बात कही गई। उसने यह भी बताया कि वर्ज्य तत्वों को गड्ढे खोदकर दबाते हुए शेष मांस को अपने साथ लेकर चला गया। इसकी जानकारी आस पास के लोगो को देने के बाद सबों के सहयोग से मामले को पुलिस तक पहुंचाया गया है। पुलिस आरोपियों के खिलाफ तत्काल छापेमारी करते हुए मो खलील को गिरफ्तार कर लिया है। समाचार लिखे जाने तक प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया जारी थी। मामले को लेकर विहिप जिला सह मंत्री ने दोषियों के खिलाफ उचित करवाई की मांग की है। साथ ही लोगो से धर्मपरिवर्तन करवाने वालो के खिलाफ लोगो से एकजुटता दिखाते हुए पुरजोर विरोध करने की बात कही है।

# महाकाल महोत्सव में उमड़ा जनसैलाब



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** आरबीएसएस द्वारा रामगढ़ जिला के सुख समृद्धि एवं शांति के लिए हर साल के प्रारंभ में आयोजित होने वाला महाकाल महोत्सव इस बार भी भव्य व धूमधाम से तरीके से 2 जनवरी को मनाया गया। रामगढ़ बचाओं संघर्ष समिति के द्वारा इस बार 5वां महाकाल महोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में रामगढ़ जिला के गोला, चितरपुर, दुलमी, मांडू, पतरातू प्रखंड के हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर महाकाल का आशीर्वाद लिया एवं प्रसाद ग्रहण किया।

मौके पर आरबीएसएस के धनंजय कुमार पुटूस ने कहा कि रामगढ़ जिला की सुख समृद्धि व शांति के लिए हर वर्ष की शुरूआत में महाकाल महोत्सव भव्य रूप से मनाया जाता है। कहा कि आरबीएसएस के सभी सदस्य रामगढ़ जिला के लोगों की बेहतरी की कामना करते हैं। महाकाल महोत्सव में हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए।

### सरकारी स्कूलों के बच्चों को उपलब्ध कराये गये मास्क

**कोडरमा।** कोविड-19 के संभावित प्रसार से बचाव और रोकथाम को लेकर जिला प्रशासन कोडरमा हरसंभव तत्पर है। मुख्यमंत्री झारखंड सरकार की सोच के आलोक में जिला प्रशासन की पहल पर सोमवार को जिले के सभी सरकारी स्कूलों में स्कूली बच्चों के बीच दो से तीन मास्क उपलब्ध कराया गया। सभी स्कूलों के प्रधानाचार्य और शिक्षक अपने-अपने प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड कार्यालय से मास्क प्राप्त कर रहे हैं। साथ ही बच्चों के बीच मास्क का वितरण कर रहे हैं। बता दें कि डीसी द्वारा सभी स्कूलों के हेडमास्टर और शिक्षकों को निर्देशित किया गया है कि अपने-अपने प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड कार्यालय से मास्क प्राप्त करेंगे और सभी बच्चों को मास्क उपलब्ध कराएंगे। स्कूल आने वाले सभी बच्चे अनिवार्य रूप से मास्क पहनकर स्कूल आएंगे। इसका ख्याल रखेंगे।

# बरही विस अल्पसंख्यक मोर्चा ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष को सौंपा दस सूत्री ज्ञापन

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** अपने दस सूत्री मांगों को लेकर बरही विधानसभा अल्पसंख्यक कल्याण मोर्चा के अध्यक्ष मो कयूम अंसारी के नेतृत्व में रांची में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर और कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष शहजादा अनवर को एक ज्ञापन सौंपा गया। जिसमे बताया गया कि प्रदेश में अल्पसंख्यको की संख्या पूरी जनसंख्या का लगभग 18% है। बाबजूद सरकार का इसके प्रति सकारात्मक सोच नहीं है। जिससे अल्पसंख्यक समाज की स्थिति चिंताजनक है। रंगनाथ मिश्रा आयोग की हवाला देते हुए मोर्चा के सदस्यों ने अल्पसंख्यकों के हित में प्रदेश अध्यक्ष से उचित कार्यवाही हेतु मांग किया है। सौंपे ज्ञापन में अल्पसंख्यकों के बीच अशिक्षा दूर करने के हेतु ठोस उपाय, मदरसा बोर्ड गठित करते हुए आलिम तथा फाजिल की परीक्षा का संबध किसी



विश्वविद्यालय से करवाने, प्राथमिक विद्यालय से लेकर उच्च विद्यालय तक रिक्त पड़े उर्दू शिक्षकों की बहाली करने, कल्याण विभाग द्वारा अल्पसंख्यक छात्र-छात्राओं को लाभान्वित करने के लिए अल्पसंख्यक स्कूलों को ई कल्याण का आईडी उपलब्ध करवाने, 1994 के बाद प्रखंड एवं थानों में उर्दू अनुवादक की बहाली नहीं हुई है, इसे बहाल करने, पीजीटी शिक्षक बहाली हेतु उर्दू शिक्षकों की नियुक्ति हेतु विज्ञप्ति जारी करने, प्रत्येक विद्यालय में 25 उर्दू भाषी विद्यार्थियों पर एक उर्दू शिक्षक की उपलब्धता करवाने, शहीद शेख भिखारी अरबी विश्वविद्यालय गठित करने, मॉब लिंचिंग की घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कानून बनाने एवं अल्पसंख्यको पर दर्द झूठे मुकदमे को वापस लेने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में अध्यक्ष के साथ प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, प्रदेश सचिव रुस्तम अली, मीडिया प्रभारी तौकीर रजा, सचिव पप्पू खान और मो जावेद शामिल थे।

### कोयला माफिया के खिलाफ कार्रवाई, 100 टन कोयला जब्त

**पिपरवार।** पिपरवार थाना क्षेत्र के सुरैया जंगल में कोयला माफिया के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है। चतरा डीसी अबू इमरान और एसपी राकेश रंजन के निर्देश पर पुलिस की टीम और सीआईएसएफ ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए 100 टन अवैध कोयला जब्त किया है। कोयला तस्करी के लिए जमा किया गया था। टीम ने पंपसेट, तार और दो ट्रैक्टर भी जब्त किया है। इस मामले में एफआईआर दर्ज किया जाएगा। वन विभाग की भूमिका को लेकर सवाल उठ रहा है। विभाग के पदाधिकारियों को इसकी जानकारी पहले से थी। विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की। इस मामले में सिमरिया एसडीओ ने बताया कि छापेमारी सोमवार को भी जारी थी, साउथ डीएफओ को इसकी सूचना दी गई, लेकिन वे आए नहीं, उन्होंने दो -तीन वनरक्षी को मौके पर भेजा था।

# पूर्व विधायक और जिला उपाध्यक्ष ने माता के दरबार में मत्था टेक की नववर्ष की शुरुआत



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** जहां एक ओर युवा डीजे के धुन पर नाचते गाते दिखे। वही पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव एवं जिला परिषद उपाध्यक्ष किशून यादव ने नए वर्ष की शुरूआत मां भद्रकाली के दरबार में हाजिरी लगाकर किया। उन्होंने माता रानी से क्षेत्र में सुख शांति और समृद्धि की कामना करते हुए सबों के लिए नेकी की दुआएं मांगी। जिप उपाध्यक्ष देवी माता रानी से क्षेत्र के विकास और अमन शांति का आशीष लिया। इसके साथ ही बरही वासियों ने भी नववर्ष का शांतिपूर्ण तरीके से स्वागत किया। इस अवसर पर बरही में प्रशासन पूरी तरह दुरुस्त दिखा। कहीं से भी किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की जानकारी नहीं मिली। पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी ललित कुमार दल बल के साथ विभिन्न पिकनिक स्पॉट पर गश्ती लगाते देखे गए।

### बिजली प्लांट में कुंदा के मजदूर की मौत

**कुंदा (चतरा)।** जिले के कुंदा थाना क्षेत्र अंतर्गत पिंजा गांव निवासी 19 वर्षीय गुली गंझू पिता बूंदा गंझू मजदूर की मौत मशीन में फंसकर कटने से राजस्थान के पदमपुर में हो गई। परिजनों ने बताया कि मृतक राजस्थान के पदमपुर में पिछले चार महीनों से बिजली प्लांट में काम कर रहा था। काम करने के दौरान ही शनिवार को मशीन में फंस कर कटने से मौत हो गई। पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद रविवार को शव गांव पहुंचा। वहीं शव गांव पहुंचते ही मातम पसर गया व परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं मृतक के परिजनों ने सरकार से उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।

## उपायुक्त ने विकास कार्यों की समीक्षा की

# गुणवत्तापूर्ण सामग्री उपयोग करने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** सोमवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में जिले में चल रहे विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। जिसमें उपायुक्त ने जिले में चल रहे विकास योजनाओं की जानकारी लेते हुए खेल-कूद, पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिले में हो रहे निर्माण कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में उन्होने निर्देशित किया कि जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम चतरा एवं सिमरिया स्टेडियम, जलछाजन समीप बनने वाले



जिम्नेजियम में चल रहे निर्माण कार्य ससमय पूर्ण हो। वहीं उन्होने ताईकमांडों प्रशिक्षण केन्द्र, बैटमिंटन कोर्ट, जिम्नेजियम समेत अन्य कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्माण कार्यों में उपयोग हो रहे सामग्रियों के गुणवत्ता पर भी ध्यान देने की बात कही। इसके अलावे योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर संबंधितों को कई अवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। बैठक में एसडीओ मुमताज अंसारी, जिला खेल-कूद पदाधिकारी तुषार राय आदि उपस्थित थे।

**उत्पात**

## जिप सदस्य ने हाथी प्रभावित क्षेत्र का किया दौरा

# हाथियों ने जमकर मचाया उत्पात, घर तोड़े

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** थाना क्षेत्र के चकला पंचायत के तिलैयादामर गांव में बीती रात 14-17 हाथियों के झुंड ने तबाही मचाते हुए कई घरों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। घर में रखे अनाज चावल गेहूं मक्का बादाम महुआं खा गया। पंखा, टेबल, दरवाजा, पलंग समेत कई सामान बर्बाद कर दिया। जिससे प्रत्येक पीड़ित परिवार को लाखो का नुकसान हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही चंदवा पश्चिम जिप सदस्य सरोज देवी, भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार और ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष दशरथ ठाकुर तिलैयादामर ग्राम पहुंच पीड़ित



मिल घटना की जानकारी ली। जिप सदस्या सरोज देवी ने कहा कि वन विभाग की लापरवाही के चलते यहां के ग्रामीण रोज डर के साए में जीने को मजबूर है। आजादी के 76 वर्ष हो जाने के बाद भी चन्दवा प्रखंड अंतर्गत चकला पंचायत के तिलैयादामर में आज तक बिजली तक नहीं पहुंची है आज भी लोग ठीबरी युग में जीने को विवश है। ग्रामीणों मे आक्रोश को देखते जिला परिषद ने डीएफओ से बात कर पीड़ित को जल्द से जल्द नुकसान की भरपाई करने की बात कही। वहीं वन विभाग की ओर से पीड़ित परिवार के बीच ठंड को देखते हुए कंबल का वितरण किया गया। मौके पर सुनीता देवी अरुण यादव सुदेश गंझु, चेतलाल ठाकुर, टेपण, धनेश्वर जोगन कैलाश गंझु, बद्री गंझु, तेतरी देवी, सुकरी देवी, सोमारी देवी, सबीना देवी, मंजू देवी, जानकी देवी समेत वन कर्मी मौजूद रहे।

# मुस्कान सिन्हा का भारतीय युवा प्रवासी सम्मेलन में हुआ चयन

**नवीन मेल संवाददाता**



**हजारीबाग।** हजारीबाग की बेटी मुस्कान सिन्हा का चयन नेहरू युवा केन्द्र द्वारा आयोजित भारतीय युवा प्रवासी सम्मेलन में हुआ है। इसका आयोजन 8 जनवरी को मध्य प्रदेश के इंदौर में होगा। सभी प्रतिभागियों को 7 जनवरी तक इंदौर पहुंच जाना है। इसमें पूरे भारतवर्ष से 49 प्रतिभागियों का चयन हुआ, जिसमें झारखंड राज्य से 2 प्रतिभागी चयनित हुए हैं। इसमें एक नाम मुस्कान कुमारी सिन्हा का है। भारतीय युवा प्रवासी सम्मेलन के चीफ गेस्ट गुयाना के राष्ट्रपति ईरफान अली हैं और यह आयोजन हर 2 सालों में एक बार होता है। यहां से सर्वश्रेष्ठ वक्ता का चयन जी-20 समिट के लिए होना है।

यह बहुत बड़ा आयोजन है जिसमें कुल मिलाकर 3000 एनआरआई सम्मिलित होंगे। बता दें कि मुस्कान इसके पहले भी 14 नवंबर को बाल दिवस के मौके पर पार्लियामेंट में स्पीच देखकर आई है और साथ हीं साथ नवंबर माह में ही झारखंड विधानसभा द्वारा आयोजित छात्र संसद में उसने प्रथम उपविजेता का स्थान प्राप्त किया। प्रथम उपविजेता स्थान प्राप्त करने पर उनको भगवान बिरसा की मूर्ति, मोमेंटो और नगद राशि दे कर भी सम्मानित किया गया था।

# रेलवे स्टेशन कार्य में लगे मजदूरों के हक को मार रहे हैं ठेकेदार

## नियमों को ताक पर रख कर करा रहे हैं बाल मजदूरी







**नवीन मेल संवाददाता**

**जलडेगा।** प्रखंड के ओड़गा रेलवे स्टेशन में हो रहे असैनिक निर्माण कार्य में बाल मजदूरी कराई जा रही है। साथ ही मजदूरों को कम मजदूरी दिया जा रहा है। यहां ठेकेदार मजदूरों के पसीने की कमाई पर डाका डाल रहे हैं। एक तरह जहां महिला पुरुष एक समान का नारा दिया जाता है वहीं दूसरी ओर निर्माण करा रहे ठेकेदार आज भी महिलाओं को पुरुषों से कम समझ रहे हैं और समान कार्य समान मजदूरी देने के बजाय महिलाओं को पुरुषों से भी कम मजदूरी दिया जा रहा है।

### स्थानीय मजदूरों को काम में नहीं लगा रहे हैं ठेकेदार

बताया गया की निर्माण कार्य में लगे लगभग 95% लोग बाहर से आकर काम कर रहे हैं। स्थानीय मजदूरों को काम में नहीं लगाया जा रहा है। काम में लगे जितेंद्र बक्शी, आनंद गोस्वामी, सुदर्शन मांझी, बलराम मांझी, रामनाथ मांझी सहित कई अन्य मजदूरों ने बताया कि सुशील खाखा, मकसूद राणा और दिलीप महतो नामक ठेकेदारों के यहां मजदूर काम कर रहे हैं। और ये सभी ठेकेदार मजदूरी राशि देने में भेद भाव कर रहे हैं, साथ ही नियमों को ताक में रखकर बाल मजदूरी भी करा रहे हैं। मौके पर काम में लगे एक बाल मजदूर शिव कुमार पिता मनीष महतो से बात करने पर बताया कि वो अपना पढ़ाई छोड़कर दिलीप महतो नामक ठेकेदार के अगुवाई में बिहार से यहां काम सीखने के लिए आया है।

# बेखौफ : अपराधियों ने वृद्ध को मारी गोली, फरार


**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा में अपराधियों का मनोबल सातवें

### सिर में फंसा है बुलेट, रिम्स रेफर

आसमान पर है। वे अपने दुस्साहस का परिचय लगातार देकर पुलिस को खुली चुनौती दे रहे हैं। सेन्हा में दो बाइक सवार अपराधियों ने दिन दहाड़े घर में घुसकर एक एक ओझा के सिर में गोली मार दी। घटना को अंजाम देने के बाद बेखौफ होकर अपराधी फरार हो गए। इधर गोली से घायल ओझा गुनी करने वाले वृद्ध को गंभीर हालत में इलाज के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल लाया गया। बुलेट उसके सिर में ही फंसी हुई है, उसे बेहतर इलाज के लिए रिम्स भेजा गया है क्योंकि गोली अब भी उसके सिर में अटकी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार जिला में सेन्हा थाना क्षेत्र





के चितरी अंबाटोली गांव निवासी ओझा गुनी का काम करने वाले 70 वर्षीय गोवर्धन उरांव (पिता एतवा उरांव) अपने घर में सुबह नाश्ता कर रहे थे। इसी दौरान एक बाइक से दो अपराधी चितरी अंबाटोली पहुंचे।

अपराधियों ने विनय उरांव के पुत्र अमर उरांव से पूछा कि झाड़ फूंक करने वाले ओझा कहां पर रहता है। अमर ने अपराधियों को बताया कि वह अपने पुराने घर में ही होंगे। इसके बाद दोनों अपराधी उस ओझा के घर में पहुंचे, पहले अपराधियों ने गोवर्धन उरांव से पूछा कि क्या कर रहे हैं, इस पर बुजुर्ग ने जवाब दिया कि नाश्ता कर रहा हूं। इसके बाद गोवर्धन ने जैसी ही अपने हाथ में रोटी का टुकड़ा लिया अपराधियों ने बंदूक उनकी कनपटी पर गोली मार दी। सिर में गोली लगाने पर बुजुर्ग वहीं गिर पड़े।

इसके बाद अपराधी अंबाटोली चौक की ओर मोटरसाइकिल से फरार हो गए। इधर गोली की आवाज सुनकर उसका बेटा विनय उरांव घर पहुंचा तो देखा कि उसका पिता जमीन पर गिरा हुआ है उसके सिर से खून निकल रहा है। उसने पिता से पूछा तो उसने बताया कि उसे किसी ने गोली मारा है। इसके बाद विनय अपने घायल पिता को लेकर सदर अस्पताल पहुंचा और पूरी घटना की जानकारी पुलिस को दी।

घायल गोवर्धन उरांव का लोहरदगा सदर अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद रिम्स रेफर कर दिया है। इधर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। अपराधियों ने एक ओझा गुनी करने वाले वृद्ध को गोली क्यों मारी और घटना को अंजाम देने वाले कौन हैं इसकी जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। पुलिस अपराधियों की धरपकड़ को लेकर छापेमारी में जुट गई है।

## दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल, रिम्स रेफर

**गुमला।** जिला अंतर्गत बिशुनपुर प्रखंड के समदरी गांव के 22 साल के संदीप उरांव पिपनीक मना कर अपने दो दोस्तो के साथ शाम लगभग 7ःबजे घर जा रहे थी उसी समय अपने मोटरसाइकिल से अनियंत्रित होकर समदरी पुल के पास गिरे जिसे युवक के सर पर गंभीर चोट आई है जिसे इलाज के लिए बिशुनपुर उप स्वास्थ्य केंद्र लाये परंतु हालत गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने सदर अस्पताल गुमला भेजा। लगभग रात 9:30बजे वहीं रिम्स रेफर किया। घटना की सुचना पर मजदूर संघ सीएफटीयुआई झारखंड प्रदेश सचिव जुमन खांन अपने टीम के साथ सदर अस्पताल पहुंच कर घायल युवक संदीप उरांव पिता बलराम उरांव को इलाज में सहयोग करते हुए रिम्स रेफर भेजे। चिकित्सकों कहा की युवक बेहोश है और यहां पर सुविधा की कमी है इसलिए रिम्स भेजा जा रहा ताकि चोट का पता चल सके। इधर साईटागरटोली( छःज) गांव के 35साल के इदुल खान पिता बिपता खांन को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार कर फरार हुआ।

# पुलिस ने किया मानव तस्कर को गिरफ्तार, जेल

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** भंडरा थाना क्षेत्र से एक मानव तस्कर तकीबुल अंसारी को लोहरदगा पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल। लोहरदगा अहतु थाना कांड संख्या 02/2022, आईपीसी धारा 363,370 और 34 के अंतर्गत गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। तकीबुल अंसारी पर दो महिलाओं को काम का झांसा देकर राजस्थान में बेचने का प्रयास किए जाने का आरोप है। तकीबूल अंसारी पर पहले भी आपराधिक इतिहास रह चुका है। तकीबुल अंसारी भंडरा थाना क्षेत्र के बालसोता निवासी हैं जिसे भंडरा से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। थाना प्रभारी किरण पंडित ने कहा की तकिबूल अंसारी पूर्व में भी ऐसी घटना को अंजाम दे चूका था लड़कियों /महिलाओं को ठग फुसला कर काम दिलाने के नाम पर तस्करी करता था इस बार भी दो महिलाओं को राजस्थान मे काम दिलाने का प्रलोभन देकर तस्करी कर दिया था, इन दोनों महिलाओं के लिखित आवेदन के अलोक में तस्कर तकिबूल अंसारी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।



थाना प्रभारी किरण पंडित ने महिलाओं और लड़कियों से आग्रह किया है की ऐसे जलसाजी और लालच में कहीं भी काम का प्रलोभन में न आएं चुंकि कोई भी आपको काम देता है कंपनी हो या प्राइवेट संस्थान उसे शपथनामा और लिखित देकर ही ले जा सकता है वो भी परिवार की सहमति तथा बालिग होना आवश्यक है, उन्होंने महिलाओं और लड़कियों से झांसा में नहीं आने और अपने ऊपर हो रहे गलत कार्यों को विरोध करने की हिम्मत करें हम महिला थाना और पुलिस विभाग हमेशा आपकी सुरक्षा हेतु तत्पर रहेगी, चुप रहेंगे तो अत्यचार के भागी बनते है इसलिए बोलना सीखिए अपने ऊपर हो रहे अत्याचार का प्रतिकार करें।

## NEWS इन ब्रीफ

### घर में घुसकर मारपीट, गाली गलौज करने का सनहा दर्ज

**कैरो/लोहरदगा।** गाली गलौज कर घर में घुसकर मारपीट करने के आरोप में कैरो थाना में मामला दर्ज किया गया है। थाना क्षेत्र के उतका गांव निवासी स्व सोहन कुजूर के 55 वर्षीय पुत्र अनिल कुजूर ने लिखित आवेदन देकर गांव के ही शांति प्रकाश तिग्गा व अंकित तिग्गा पिता इल्याकिम तिग्गा के विरुद्ध घर में घुसकर गाली गलौज कर मारपीट का करने का आरोप लगाते हुए थाना में सनहा दर्ज कराया। वहीं कैरो थाना कांड संख्या 1/23 धारा 453, 454, 323, 34 भादवि के तहत मामला दर्ज कर आगे का कार्रवाई में जुट गई है।

### ठंड बढ़ने के कारण प्रखंड प्रमुख ने किया कंबल वितरण

**ठेठईटांगर।** मौसम विभाग के अनुसार अभी कुछ दिन ठंड बढ़ेगी इसके मद्देनजर ठेठइटांगर प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज ने दुमकी पंचायत अंतर्गत गांवो का दौरा किया इसमें कुटनिया, बरपानी ढ़ोरीबहार आदि गांव में जिन असहाय वृद्ध लोगों को कंबल नहीं मिला था, उनको कंबल का वितरण किया एवं उनसे आग्रह किया कि ठंड अभी बढ़ रही है बूंदाबांदी बारिश हो सकती है तेज हवा भी चलेगी जिससे ठंड बढ़ेगी इसलिए ठंड से बचने के उपाय करें। घर में अलाव का व्यवस्था करें एवं सरकार के द्वारा जो कंबल आप लोगों को दे रहे हैं उसका इस्तेमाल करें किसी भी प्रकार का परेशानी या ठंड लगने या किसी प्रकार का तकलीफ होने पर पर तुरंत पंचायत के वार्ड एवं मुखिया से संपर्क करें जिससे कि समय रहते परिस्थिति से निपटा जा सके।

### समाजसेवी डॉ टी साहू ने गरीब बच्चों के साथ मनाया नववर्ष



**लोहरदगा।** जिले के प्रसिद्ध दन्त चिकित्सक आर्मी रिटायर्ड सह समाजसेवी डॉ टी साहू ने गरीब बच्चों के साथ नववर्ष का समारोह मनाया। डॉ टी साहू नववर्ष के मौके पर अपने कर्मियों के साथ सेन्हा के चितरी डाडू नदी घाट जा रहे थे। इस दौरान रास्ते में उन्हें कुछ बच्चे दिखे। डॉ साहब ने मानवता दिखाते हुए उन बच्चों के साथ पिकनिक मनाने की सोची। बच्चों को खिलौने बैलून खरीदकर दिया और उनके साथ खाना खाया। बच्चों को अपनत्व का बोध कराते हुए उनके साथ खूब आनन्द उठाया। मौके पर डॉ टी साहू ने कहा कि नववर्ष का उत्सव गरीब बच्चों के साथ मनाने में मुझे बहुत आनन्द आया। आज का दिन बहुत खास दिन है। इस दिन को हम कभी नहीं भूल सकते। बच्चों के साथ खुशियां मनाना मुझे बहुत अच्छा लगता है।

### भंडरा में चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**भंडरा।** भंडरा पुलिस ने सोमवार को भंडरा लोहरदगा मुख्यपथ में मसमानो मोड़ के समीप सड़क हादसे को रोकने के लिए भंडरा में वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान दोपहिया में ट्रिपल राइडिंग, बिना हेलमेट, शराब पीकर वाहन चलाने, गलत तरीके से वाहन चलाने तथा तेज गति में वाहन चलाने वालों के विरुद्ध सघन जांच किया गया। अभियान में एएसआई लवकुश सिंह, मुंसी लाल महतो सहित पुलिस कर्मी शामिल थे।

### कैरो में एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चला

**कैरो।** थाना क्षेत्र के कैरो चट्टी मुख्य पथ पर खंडा के समीप सोमवार को कैरो थाना एसआई एन तिर्की के अगुवाई में एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया।चेकिंग के दौरान दो पहिया,चार पहिया वाहनों की गहन जांच की गई। वाहन से संबंधित कागजात, हेलमेट व डिक्की आदि की भी जांच की गई।इस दौरान हेलमेंट नही पहनने व वाहन से संबंधित कागजात लेकर नही चलने वाले लोगों को सख्त हिदायत दी गई। इस मौके पर थाना के दलबल मौजूद थे।

## जिले में आंगनबाड़ी के बच्चों को मिलेगा स्वेटर

# आर. रॉनीटा ने ढेबरग्राम आंगनबाड़ी से की शुरूआत



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा में मौसम विभाग द्वारा जारी अलर्ट के बाद लगातार तापमान में गिरावट है और ठंड भी बढ़ रही है ऐसे में सरकार की ओर से आंगनबाड़ी में पढ़ने वाले बच्चों के लिए स्वेटर वितरण की अभियान शुरू किया है और इसी को लेकर सोमवार को उपायुक्त आर. रॉनीटा ने सिमडेगा शहरी क्षेत्र के हरिजनटोली धेबरग्राम वार्ड 02 के आंगनबाड़ी केन्द्र में पहुंच बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया। इसके साथ ही जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में स्वेटर वितरण का शुभारंभ किया गया। उपायुक्त ने आंगनबाड़ी केन्द्र के रसोईघर की जांच की। साथ ही आंगनबाड़ी केन्द्र का रंग-रोगन कराने की बात कहीं। साथ ही उन्होंने जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में जल्द से जल्द अध्ययनरत बच्चों के लिए स्वेटर मुहैया कराने के निर्देश दिए। वही जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि जिला समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत बाल विकास परियोजना के माध्यम से जिले के 965 आंगनबाड़ी केन्द्रों में प्रत्येक बच्चों के बीच एक जोड़ी स्वेटर्स का वितरण किया जायेगा। मौके पर सी.डी.पी.ओ.सह सीओ सिमडेगा प्रताप मिंज, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका व अन्य उपस्थित थे।

## भंवरों के काटने से तीन बच्चे घायल

**कैरो।** थाना क्षेत्र के उतका निवासी अरमान अंसारी, जीसान अंसारी पिता हमीद अंसारी, बेताब अंसारी पिता सजाद अंसारी व मोसिन अंसारी पिता तौहीद अंसारी सभी का उम्र लगभग 12 से 15 के बीच को सोमवार को भवँरो ने काट लिया। जिससे तीन बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। एक बच्चा मोसिन हल्का घायल हुआ। प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गंभीर रूप से घायल तीनो बच्चों को मांडर अस्पताल भेज दिया गया। जानकारी अनुसार सभी बच्चे 2 जनवरी को घूमने के लिए कैरो के बगल बक्सी स्थित चूंगारी पहाड़ गए थे जहां पर सैर सपाटे के दौरान पहले से भड़के भवंरो ने सभी बच्चों को काटना सुरु किया। बच्चे भवंरो से बचने का प्रयास करते रहे परन्तु बच नही पाए। परिजनों को सूचना मिलने पर ग्रामीणों के सहयोग से सभी बच्चों को पहाड़ से लाया गया व प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए मांडर अस्पताल भेजा।

## कुडू में कांग्रेस का भारत जोड़ो यात्रा शुरू

# भय, कट्टरता की राजनीति और नफरत के खिलाफ है यात्रा : मंत्री रामेश्वर

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** कुडू प्रखंड कांग्रेस कमिटी के द्वारा भारत जोड़ो यात्रा की शुरूवात की गई। जिसमे सूबे के मंत्री और स्थानीय विधायक रामेश्वर उरांव अपने समर्थकों के साथ शामिल हुए। यात्रा की शुरूवात कुडू ब्लॉक चौक से बस स्टैंड होते हुए नवा टोली रुद् चौक स्थित वीर शिवाजी चौक की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर यात्रा समाप्त की गई। विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि बेरोजगारी, महंगाई, राजनीतिक केंद्रीकरण और विशेष रूप से 'भय, कट्टरता' की राजनीति और 'नफरत' के खिलाफ लड़ने के लिए भारत जोड़ो यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। पूर्व विधायक सुखदेव भगत ने कहा कि देश में इस ऐतिहासिक



आंदोलन का हिस्सा बनने के लिए सभी वर्गों के लोग एक साथ आ रहे हैं। यह भारत की एकता, सांस्कृतिक विविधता और भारत वासियों के अविश्वसनीय धैर्य का उत्सव है, एक तरफ बीजेपी, आरएसएस के लोग देश को बांटने के लिए फूट डालो राज करो कि राजनीति कर रही है और अडानी, अंबानी जैसे व्यापारियों से मिलकर देश कि संपति को बेचने का काम कर रहे हैं लेकिन कांग्रेस पार्टी इसके खिलाफ गांधी जी के विचारधारा के साथ आवाज उठाते रहेगी। जिलाध्यक्ष सुखैर भगत ने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य भारत को एकजुट करना है, साथ मिलकर देश को मजबूत करना है। यात्रा को समाज के हर वर्ग का अभूतपूर्व प्यार और समर्थन मिल रहा है। मौके पर कार्यकारी जिला अध्यक्ष सकिल अहमद, विधायक प्रतिनिधि निशिथ जयसवाल, जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी भगत, कुडू प्रखंड प्रमुख मुनि देवी, युवा जिलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग, एनएसयूआई अध्यक्ष विनय उरांव, कुडू प्रखंड अध्यक्ष तनवीर गौहर, किस्को प्रखंड अध्यक्ष युनूस अंसारी, मोहन दूबे, पूर्व कुडू प्रखंड अध्यक्ष सद्रुल अंसारी, कुणाल अभिषेक, समेत अन्य उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में एक ग्रामीण की हुई मौत तीन घायल

**बानो।** थाना क्षेत्र के हुरपी के समीप रविवार की देर शाम दो मोटरसाईकल चालकों के बीच हुई आपस में भिड़ंत जिससे एक की मौत तीन गंभीर रूप से घायल। सड़क दुर्घटना में बलराम सिंह उम्र 50 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई गयी,वहीं घटना में 3 लोग घायल हो गये।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बलराम सिंह और फ्रांसिस कंडुलना बाइक से हाटींगहोड़े से अपने घर साहूबेड़ा जा रहे थे इसी क्रम में विपरीत दिशा मनोहरपुर से आ रही एक अन्य बाइक से भिड़ंत हो गयी जिसमें बलराम सिंह की मौके पर ही मौत हो गयी घटना में फ्रांसिस कंडुलना सहित अन्य बाइक में सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना की जानकारी होने पर पुलिस के द्वारा घायलों को बानो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है जहां इलाज चल रहा है।

## निरीक्षण डीडीसी ने किया किस्को औद्योगिक प्रशिक्षण सिलाई केंद्र का औचक निरीक्षण

# महिलाएं स्वावलंबन की ओर हुई हैं अग्रसर

**नवीन मेल संवाददाता**

**किस्को/लोहरदगा।** जिले की नव पदस्थापित उप विकास आयुक्त समीरा एस ने सोमवार को किस्को प्रखंड मुख्यालय पर स्थित औद्योगिक सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण केंद्र का औचक निरीक्षण कर बारीकी से स्थिति वस्तु का मुआयना किया। इसके अतिरिक्त डीडीसी ने प्रखंड कार्यालय का भी औचक निरीक्षण कर क्षेत्र में संचालित विकास योजनाओं के बारे में बीडीओ बुडाय़ं सारू से विस्तृत जानकारी प्राप्त कर योजनाओं के निष्पादन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया। डीडीसी के द्वारा औद्योगिक सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण कर केंद्र में महिलाओं द्वारा तैयार किया जा रहा स्कूली ड्रेस व महिलाओं के कार्य से काफी प्रसन्न





हुई एवं भविष्य में ऐसे ही लगन के साथ कार्य करने की दिशा निर्देश दिया गया। औचक निरीक्षण के दौरान सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण केंद्र में कार्यरत कर्मियों ने फिर से केंद्र का निरीक्षण कर मार्गदर्शन देने की बात रखी जिसपर डीडीसी ने हर वक्त महिलाओं के हित में सकारात्मक पहल किए जाने की बात कही। उल्लेखनीय है कि उप विकास आयुक्त समीरा एस के द्वारा औद्योगिक सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण के उपरांत केंद्र संचालक कर्मियों को आवश्यक निदेश दिये गये। वहीं डीडीसी के द्वारा प्रखंड मुख्यालय का भी औचक निरीक्षण कर क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति की जानकारी प्राप्त कर क्षेत्र में सरकार की ओर से जनहित में उतारी जाने वाली सभी प्रकार के विकास योजनाओं का ससमय निराकरण कराने का निर्देश बीडीओ बुडाय़ं सारू को दिये। उपायुक्त डॉक्टर वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा जिले के सभी प्रखंडों के पदाधिकारियों से जूम मीटिंग के माध्यम से विकास योजनाओं के बारे में ली गई। मीटिंग में सम्मिलित होकर किस्को प्रखंड क्षेत्र में संचालित सभी प्रकार के विकास योजनाओं की जानकारी साझा किये। मौके पर बीडीओ सह सीओ बुडाय़ं सारू, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी तौसिफ इसलाम, प्रधान सहायक बिफई उरांव सहित अन्य सभी विभागीय पदाधिकारी और कर्मी मौजूद थे।

# फादर लिवंस की 7 वर्षीय जुबली समारोह आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**पाकरटंड।** प्रखंड के सोगड़ा खेदुवा टोली गांव के लोगों ने धूमधाम से स्वर्गीय फादर लिवन्स के सात वर्षीय जुबली मनाया साथ ही माता मरियम की गोरोटो की स्थापना किया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि इंटक प्रदेश सचिव दिलीप तिर्की और खीस्टोफर लकड़ा को गांव की ओर से आमंत्रित किया गया। सर्वप्रथम पहले कई सालों से जूझ रहे बिजली की समस्या से निजात पाने की खुशी में ट्रांसफार्मर की दिलीप द्वारा फीता काटकर उद्घाटन कराया गया।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सोगड़ा के ग्रामसभा अध्यक्ष बिनोद तिर्की, सोगड़ा पल्ली के युवा अध्यक्ष शशि भूषण तिर्की पंच प्रचारक देवनिस तिर्की, जुलमन तिर्की,प्रकाश तिर्की रहे। ग्रामसभा अध्यक्ष ने गांव की ओर से कई समस्याओं को सामने रखकर करने का आग्रह किया। मौके पर दिलीप ने



अपने संबोधन में कहा कि कोरोना काल के बाद यह सौभग्यशाली समय आया है जब पूरा गांव मिलकर स्वर्गीय फादर लिवंस की सतवर्षीय जुबली मना रहा साथ मे मां मरियम की गोरोटो आशीष किया गया। दिलीप ने कहा कि मैं कई जगहों में जाता हूँ वहां स्थापना और आशीष हो जाती लेकिन फिर उसे रखरखाव और उस जगह पर सामूहिक प्रार्थना करना लोग भूल जाते हैं। लेकिन आप सभी इसे सालो भर साफ स्वछ और प्रार्थनामय बना के रखे ताकि ईश्वर की आशीष बच्चों और गांव पर बना रहे। कार्यक्रम को नीलिमा केरकेट्टा और रोमित तिर्की द्वारा संचालित किया गया।

NEWS इन ब्रीफ

### पलामू के पूर्व सदर सीओ का निधन

**मेदिनीनगर।** पलामू के पूर्व सदर सीओ रह चुके और वर्तमान में जमशेदपुर मुसाबनी के सीओ रामनरेश सोनी ( 42 ) का सोमवार की सुबह हर्ट अटैक से निधन हो गया। पलामू जिला स्वर्णकार संघ ने गहरा शोक व्यक्त किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह मुसाबनी स्थित उनके आवास पर हार्ट अटैक आई थी। जिसके बाद तत्काल इलाज के लिए उन्हें टाटा मुख्य अस्पताल ले जाया गया। टाटा मुख्य अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के दौरान ने मृत घोषित किया।

### नव वर्ष में जारी रहेगा समृद्धि की रोटी अभियान

**मेदिनीनगर।** पलामू में नये वर्ष में भी समृद्धि की रोटी अभियान जारी रहेगी। मौसम अनुकूल हो या प्रतिकूल समृद्धि की टीम इससे प्रभावित नहीं होती है। समाज सेवा का जूनून यदि हृदय में हो तो कोई काम बोझिल नहीं होता बल्कि उसे करने का जज्बा विषम परिस्थिति में भी जारी रहता है। यही कारण है कि यह अभियान चलता चला आ रहा है। संस्था के द्वारा रोटी देने वाले परिवारों का विशेष आभार जताया जाता है। जिनके बदौलत यह अभियान चलता आ रहा है। सोमवार को सड़को के किनारे दोना, पत्तल, दातून वालों के बीच रोटी सब्जी और खिचड़ी का वितरण किया गया। इनके बीच गरम कपड़े भी बांटे गये। इस कार्य में अहिल्या गिरि, बैजन्ती गुप्ता, वीणा गुप्ता, वन्दना श्रीवास्तव, शैलेन्द्र कुमार, रंजीता कुमारी, शिल्पी गोस्वामी, ऋषि कुमार का सहयोग रहा।

### बाइक दुर्घटना में सीआरपीएफ जवान घायल



**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के शदिक चौक के पास सीआरपीएफ का जवान बाइक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना के बारे में सीआरपीएफ जवान सरफराज अंसारी ने बताया कि वह अपने बाइक पर सवार होकर चैनपुर जा रहा था। तभी रास्ते में शदीक चौक के पास चार पहिया वाहन ने उन्हें पीछे से धक्का मार दिया। जिसमें वह बाइक से गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के बाद वह खतरे से बाहर है। सरफराज अंसारी के सिर में चोट लगा है। इलाज के बाद परिजन उसे घर ले गये। जानकारी के अनुसार सरफराज जीएलए कॉलेज स्थित सीआरपीएफ 134 बटालियन में जवान के रूप में कार्यरत हैं।

### भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में प्रेसवार्ता

**मेदिनीनगर।** धनबाद के बीजेपी सांसद सह पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पशुपति नाथ सिंह और प्रदेश प्रवक्ता अमित सिंह डालटनगंज पहुंचे। जहां भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में प्रेसवार्ता की। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यकाल के तीन वर्ष होने को लेकर की प्रेसवार्ता। वहीं हेमन्त सरकार पर जमकर निशाना साधते हूए कहा कि इन तीन वर्षों में हेमन्त की सरकार सिर्फ झूठ, लूट और भ्रष्टाचार करने का काम किया है। सिर्फ और सिर्फ झारखण्ड की जनता को ठगने का काम किया है। मौके पर भाजपा के जिला अध्यक्ष विजयानन्द पाठक, विश्रामपुर विधायक राम चन्द्र चन्द्रवंशी, छत्तरपुर विधायक पुष्पा देवी, डिप्टी मेयर मंगल सिंह, वरिष्ठ नेता प्रेम सिंह, युवा नेता अमित तिवारी, सन्तु सिंह समेत भाजपा पार्टी के कई नेता और कार्यकर्ता रहे उपस्थित।

## उपायुक्त ने विकास कार्यों की समीक्षा की
# गुणवत्तापूर्ण सामग्री का हो उपयोग



**नवीन मेल संवाददाता**

चतरा। सोमवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में जिले में चल रहे विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। जिसमें उपायुक्त ने जिले में चल रहे विकास योजनाओं की जानकारी लेते हुए खेल-कूद, पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिले में हो रहे निर्माण कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में उन्होने निर्देशित किया कि जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम चतरा एवं सिमरिया स्टेडियम, जलछाजन समीप बनने वाले जिम्नेजियम में चल रहे निर्माण कार्य ससमय पूर्ण हो। वहीं उन्होने ताईकमांडों प्रशिक्षण केन्द्र, बैटमिंटन कोर्ट, जिम्नेजियम समेत अन्य कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्माण कार्यों में उपयोग हो रहे सामग्रियों के गुणवत्ता पर भी ध्यान देने की बात कही। इसके अलावे योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर संबंधितों को कई अवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। बैठक में एसडीओ मुमताज अंसारी, जिला खेल-कूद पदाधिकारी तुषार राय आदि उपस्थित थे।

## बच्चों के बीच निःशुल्क स्वेटर का वितरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिद्धौर(चतरा)।** सोमवार को गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र के मंझगांवां पंचायत अंतर्गत पुरनाडीह आंगनबाड़ी केंद्र व पिण्डारकोंण आंगनबाड़ी केंद्र में मुखिया सरिता देवी के उपस्थिति में 76 बच्चो के बीच ऊनि पोशाक (स्वेटर) का वितरण किया गया। दो-दो सेट स्वेटर का वितरण आंगनबाड़ी केंद्र में अद्यतनरत 3 वर्ष से 6 वर्ष के बच्चो के बीच किया गया। इस दौरान मुखिया ने कहा कि ठंढ से बचाव को ले केंद्र में अध्यन्नरत बच्चों को समाज कल्याण विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए स्वेटर का निःशुल्क वितरण किया गया है। बच्चों को प्रत्येक दिन पहनकर केंद्र में आने की बात कही। वितरण में उप मुखिया गणेश सिंह, मिथिलेश सिंह, अजीत गुप्ता, दिगंबर रविदास, मंजीत सिंह, संजय यादव, अजय कुमार सिंह सहित केंद्र की सेविका व सहायिका सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

# कोयलांचल में ट्रक-हाइवा के जाम से मुक्ति के लिए सैकड़ों युवा करते हैं पहरेदारी

**भारी जाम की समस्या से राहगीर सहित ग्रामीणों को राहत मिली है**

**एक से दो दिनों तक जाम लगे रहने के कारण महीने में 7-8 ट्रिप ही मुश्किल से हो पाता था: ट्रक मालिक**

**वाहन मालिकों के हितों की रक्षा के सदैव तत्पर: आशुतोष मिश्रा**



**नवीन मेल संवाददाता**

**टंडवा(चतरा)।** जिले के टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत सीसीएल के आम्रपाली कोल परियोजना क्षेत्र में संचालित कोल वाहन मालिकों को सुव्यवस्थित करने के लिए सैंकड़ों युवक हमेशा तत्पर रहते हैं। जिससे पूर्व में लगने वाली भारी जाम की समस्या से जहां राहगीरों को राहत मिली है, वहीं वाहन मालिक पहले से अधिक ट्रिप लगाकर कोयले की ढुलाई कर पा रहे हैं। व्यवस्था से जुड़े लोगों का कहना है कि वाहन मालिकों की सहमति व सहयोग से टंडवा-सिमरिया रोड़ व माइंस सड़क में हर दिन चौबीसों घंटे विस्थापित-प्रभावित गांव के युवा तत्परता से पहरेदारी करते हैं। ट्रक मालिक संतोष का कहना है कि पहले एक से दो दिनों तक जाम लगे रहने के कारण महीने में 7-8 ट्रिप हीं बमुश्किल हो पाता था। पर युवाओं की मेहनत के कारण वर्तमान समय में 12-15 ट्रिप आसानी से हो जाता है। हजारीबाग के ट्रक मालिक मुन्ना की मानें तो गांव के इन युवाओं की पहरेदारी और सुव्यवस्था से ट्रक मालिकों को भारी राहत मिली है। विस्थापित-प्रभावित वाहन मालिक संघ के संयोजक आशुतोष मिश्रा ने कहा कि वे वाहन मालिकों के हितों की रक्षा के सदैव तत्पर हैं। कोल ढुलाई कराकर वाहन मालिकों के लाखों रुपए भाड़ा बकाया रखने वाले ट्रांसपोर्टरों के विरुद्ध जल्द हीं बड़ा बिगुल फूंका जाएगा।

# ट्रेन की चपेट में आकर एक व्यक्ति घायल, दाहिना हाथ कटा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के ग्राम भजनिया निवासी ओम प्रकाश राम उम्र 40 वर्ष रविवार की देर रात मालगाड़ी की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना के बारे में ओमप्रकाश राम ने बताया कि रविवार की रात 11:00 बजे वे किसी आदमी से मिलने मोहम्मदगंज रेलवे स्टेशन पहुंचे थे। इसी बीच वह मालगाड़ी की चपेट में आ गये जिसमें उनका दाहिना हाथ कट गया और शरीर में भी चोट लगी है। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इसकी जानकारी परिजनों को दी गयी। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन घटनास्थल पर पहुंचकर घायल ओम प्रकाश राम को बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां इलाज के बाद भी उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं परिजनों ने बताया कि ओम प्रकाश राम नशे की हालत में थे। जिसके कारण यह घटना घटी है।

# पलामू के कराटेकारों ने आगरा में लहराया परचम

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला के कराटेकारो ने आगरा में आयोजित ऑल इंडिया इन्डो-कनटीनेनटल इन्टरनेशनल कराटे चैम्पियनशिप में चुस्ती-फुर्ती के साथ फाईट करते हुए 6 मेडल के जीत अपने नाम किया। बेहतर प्रदर्शन करने वालों में संत मरियम विद्यालय के आदित्य उरांव को गोल्ड मेडल और सृष्टि कुमारी, सोनम कुमारी, वर्षा कुमारी को ब्राउज मेडल। पलामू मिक्स्स मार्शल आर्ट टाईर्गस एकेडमी के अभिषेक कुमार सिंह को गोल्ड मेडल और शिव दयाल को ब्राउज मेडल । यह प्रतियोगिता जापान कराटे डूं शोतो- रियू इन्टरनेशनल इंडिया एवं कराटे कोई इन्टरनेशनल इंडिया के तत्वावधान में ताज महल समीप चाणक्य होटल के स्पोर्ट्स हाल में 30-31 दिसंबर को किया गया था। उपरोक्त जानकारी देते हुए मुख्य कराटे प्रशिक्षक शिहान संतोष कुमार ने कहा कि सभी कराटेकारों ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास किया और परिणाम पलामू के हिस्से में ढेर सारे मेडल प्राप्त हो गए। यह कराटे टीम मुख्य कराटे प्रशिक्षक शिहान संतोष कुमार के नेतृत्व में आगरा गया था। जबकि टीम मैनेजर सेन्साई सकेन्दर प्रजापति, सोनी कुमारी ने भी अपना कार्य-भार बखूबी संभाला। बेहतरीन प्रदर्शन करने के बाद संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव, प्राचार्य आदर्श कुमार समेत सभी शिक्षको ने पूरे टीम को बधाई दिया।




### राज कुमार लकड़ा को दी बधाई

**मेदिनीनगर।** पलामू क्षेत्र के पुलिस आईजी उप महानिरीक्षक के पद पर पदस्थापित राज कुमार लकड़ा को पलामू जोन का आईजी बनने पर पूर्व विधायक प्रत्याशी रुद्र शुक्ला और पूर्वडीहा मुखिया पपलू दुबे ने नव नियुक्त आईजी पलामू राजकुमार लकड़ा से मुलाकत कर पुष्प गुच्छ देकर बधाई दिया। साथ ही आईजी को नववर्ष की भी बधाई एवं शुभकामनाएं दी। युवा नेता रुद्र शुक्ला ने कहा कि राजकुमार लकड़ा जब तक डीआईजी पलामू के पद पर पदास्थापित रहे तब तक पलामू प्रमंडलवासियों को प्रशासनिक व्यवस्था में सरलता से निष्पादन करते रहे। आम जनता से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को दूर करते रहे हैं। साथ ही आगे भी जोनल आईजी के रूप में आम जनता से समन्वय स्थापित कर पलामू प्रमंडल को अपराध मुक्त बनाने की दिशा में कार्य कर पलामू प्रमंडल को भयमुक्त अपराध मुक्त बनाएंगे। यही आम जनता की कामना और शुभकामनाएं है।

### बीएमसी नेउरा 2023 का कैलेंडर जारी

**मेदिनीनगर।** शिक्षा अनमोल रतन है। इसकी तुलना धन - दौलत से नहीं की जा सकती है। उर्दू विद्यालय में कैलेंडर जारी किया जाना प्रधानाध्यापक का सराहनीय कदम है। उक्त बातें बतौर मुख्य अतिथि चैनपुर पूर्वी के जिला पार्षद फजायल अहमद ने बीएमसी नेउरा के 2023 का कैलेंडर जारी करते हुए कही। उन्होंने कहा कि विद्यालय परिवार को उनका सहयोग हमेशा मिलेगा। अतिथियों का स्वागत व अध्यक्षता प्रधानाध्यापक एमजे अजहर जबकि संचालन रेणु कुमारी जायसवाल ने किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि नेउरा पंचायत के मुखिया जमीला बीबी ने कहा कि बीएमसी नेउरा का सुंदरीकरण करना उनकी प्राथमिकता सूची में है। उन्होंने कहा कि वे विद्यालय परिवार के क्रियाकलापों से काफी खुश हैं। बच्चों की पढ़ाई - लिखाई अच्छी हो, उपस्थिति बढ़े, शिक्षकों से अपेक्षा रहेगी। शिक्षक शिक्षिकाओं में मुसर्रत जहां, अलकमा खातून, रेशमा कुमारी, रामप्रवेश सिंह, हलीमा खातून, नेहा श्रीवास्तव, दीनानाथ कुमार उपस्थित थे। मौके पर अभिभावकों में अख्तर अंसारी, गुलाम पैगंबर अंसारी सहित सैकड़ों विद्यालयी बच्चे उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन बाल संसद के उपप्रधानमंत्री मो.जांनिसार ने किया।

### संस्थापक के निधन पर शोक व्यक्त किया



**छतरपुर।** जिले के छतरपुर सड़मा में स्थित गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज के संस्थापक सचिव सत्यदेव प्रसाद अग्रवाल का निधन हृदयाघात के कारण 25 दिसंबर को हो गया था। सोमवार को कॉलेज के खुलने पर कॉलेज के सभी कर्मचारियों ने शोक व्यक्त किया। उनके आत्मा के शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण करके उनके फोटो पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। शोक सभा में मुख्य रूप से प्रभारी प्राचार्य जितेंद्र कुमार, शिक्षक प्रतिनिधि अखिलेश कुमार सिंह, परीक्षा नियंत्रक अमित कुमार सिंह, प्रो. सूर्योदय कुमार, प्रो. धर्मेन्द्र कुमार सिंह, जेलेश गुप्ता, रानी कुमारी, इंदु कुमारी, मुन्नी देवी, सुनीता कुजूर, सफल कुमार,पंचम कुमार, संध्या कुमारी, मनोज पासवान, सुनील पासवान, योगेंद्र विश्वकर्मा, बालमुकुंद पाठक, राजेश, शंकर कुमार, बबलू मिंज, आनंद कुमार यादव, पवन कुमार, दीपक कुमार, महिला इंटर कालेज के प्रधान सहायक आलोक कुमार ठाकुर, बबलू विश्वकर्मा मौजूद रहे।

### बाइक से गिरी महिला पर अज्ञात वाहन चढ़ा, मौत

**सतबरवा।** थाना क्षेत्र एन एच39 रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग खामडीह में सोमवार को मोटरसाइकिल से गिरी महिला पर अज्ञात वाहन का चक्का चढ़ने से महिला की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार के अनुसार एक टेंपो सवारी लेकर मेदिनीनगर की ओर से आ रही थी, टेंपो खामडीह में सवारी उतारने के लिए रूकी ,इसी बीच पीछे से आ रही एक मोटर साइकिल, खड़ी टेंपो में टक्कर मार दी। फलस्वरूप मोटरसाइकिल पर सवार महिला गाड़ी से नीचे गिर गई। मोटरसाइकिल से गिरने के बाद महिला अभी संभल भी नहीं पाई थी, की पीछे से आ रहा एक अज्ञात वाहन महिला के सर के उपर से हो गुजरते हुए भाग निकला। वाहन की चपेट में आने से महिला बुरी तरह घायल हो गई। रास्ते से गुजर रहे माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष अविनाश देव ने एंबुलेंस बुलाकर घायल को पलामू मेडिकल कॉलेज मेदिनीनगर भेंज दिया । जहां महिला की मौत हो गई। महिला की पहचान शुभंती देवी पति सुधीर भुईयां बडकी नेभी पोलपोल के रूप में की गई।

# गुरु उत्तरोत्तर शिष्य के मार्ग को प्रशस्त करते हैं : अविनाश

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अंग्रेजी कलेण्डर के अनुसार एक जनवरी को दुनियां के साथ भारत भी नया साल को स्वागत करता है। भारतीय संस्कृति व परम्परा विविधता में एकता लिए हुए है यही कारण है कि एक जनवरी को भी मंदिरों में भीड़ उमड़ता है। भारत एवं अपने राज्य झारखंड में एक जनवरी ऐतिहासिक घटनाओं के लिए जाना जाता है। वह है भीमा कोरे गांव और सरायकेला खरसावां की घटना। कोई भी त्योहार मनाने के पीछे मकसद होता है। जन समुदाय को उस घटना से सीखना एवं मार्ग पर चलने की प्रेरणा देना। इसीलिए आज हम सभी नए साल की शुरूआत शिव के शिष्यता और चर्चा के साथ किये ताकि देश के नौजवान एवं युवावर्ग प्रेरणा ले सकें कि मौज में मौत के करीब न जाए। इस देश व समाज के लिए, जनकल्याण के लिए जहर भी पीना पड़े तो पियेंगे। शिव लोककल्याण के लिए महल छोड़े, तांडव किये। पर्वत पर रहे आज हम सभी मानवता व मानवकल्याण के लिए क्या कर रहे हैं? दया मांगना है मजलूमों वंचितों, गरीबों, रुग्णों के लिए, चर्चा करना है उनके विचारों, उनके मार्गों, उनके कर्मों पर चलने के लिए। प्रणाम करना है आपसी भाईचारा, इप्रेम व सामाजिक समरसता के लिए। नए साल 2023 की शानदार शुरूआत शिवचर्चा के साथ पाटन प्रखण्ड के कालापहाड़ गांव में की गई। वरिष्ठ गुरु भ्राता गोकुला नन्द तिवारी ने शिव चर्चा के आयोजन किये। उन्होंने अपने चर्चा के दरम्यान गुरु भाई बहनों को उपरोक्त बातों के साथ आगे बताया कि शिव ही मुक्तिबोध कराने वाले हैं। इसीलिए शिव को गुरु बनाएं। शिव चर्चा में ओंकार नाथ तिवारी युवा समाज सेवी ने भजन गाया। हुश्न के हाट में हुनर के खरीददार हैं। अपने तीन पीढ़ियों के साथ ओजस्वी उत्प्रेरणा एवं अंतः मारक भजन से समा को बांधा। चर्चा को पॉप सिंगर रोहित कुमार, पिंटू सिंह ने भजन पेश कर चार चांद लगाया। कमलदेव गुरु भैया, प्रयाग गुरुभ्रता प्रतिमा गुरु बहन, आमोद भैया, कामेश सोनी, देवन्ति गुरु बहन सहित सैकड़ों भाई बहनों ने चर्चा का श्रवण पान किया।

### एसपी के आदेश पर एनालाइजर मशीन से शराब किया जांच

**मेदिनीनगर।** शहर में शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों की अब खैर नहीं है, पकड़े जाने पर पुलिस द्वारा जुमार्ना के साथ-साथ कानूनी करवाई भी की जाएगी। इसी क्रम में सोमवार को पलामू एसपी चंदन सिन्हा के आदेश पर ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह के नेतृत्व में शहर के सदीक चौक के पास दर्जनों वाहन चालकों को रोककर उनके मुंह में ब्रेथ एनालाइजर मशीन लगाकर शराब की जांच की गई। मौके पर उपस्थित ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह ने बताया कि अभी अधिकतर घटना शराब पीकर वाहन चलाने वालों की है। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक का सख्त आदेश है कि शराब पीकर लोग वाहन ना चलाएं।यदि लोग शराब पीकर वाहन चलाते पकड़े जाते हैं तो उनके ऊपर फाइन करने के साथ-साथ कानूनी कार्रवाई भी की जाए। शराब चेकिंग के दौरान उन्होंने कार,बस और ट्रक चालकों को भी रोक कर उनकी जांच की।

### अखबार विक्रेता संघ ने केक काटकर नये साल का किया स्वागत



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला अखबार विक्रेता संघ ने केक काट कर नये साल का किया स्वागत। इस मौके, गोपाल प्रजापती अध्यक्ष, बीरेंद्र प्रजापती सचिव, मनोज प्रजापती कोषा अध्यक्ष, जोगेंद्र तिवारी, रवींद्र दुबे, भूनेशर प्रजापती, युगल प्रजापती, सतीश कुमार, प्रविन कुमार, जितेन्द्र कुमार मुकेश कुमार, मनोज गुप्ता, राजा पाण्डेय, अमित राज, पंकज सिंह, आशुतोष पाण्डेय एवं सभी अखबार विक्रेता और एजेंट सरकुलेशन के लोग मौके पर महजूद थे।

# अलग-अलग दुर्घटना में दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** रविवार को दो अलग अलग बाइक दुर्घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायक हो गए।पहली घटना छहमईलवा के समीप रविवार की सात बजे रात्रि को बाईक अनियंत्रित होकर पलट जाने से उसपर सवार मकरी के पड़वाचट्टान निवासी रहीस अंसारी पिता हजरत अंसारी और एक अन्य साथी गंभीर रूप से घायल हो गये। जबकि अन्य दूसरा साथी घायलावस्था में भयवश अस्पताल में आने के बजाए कहीं अन्यत्र जगह चला गया। घायलावस्था में परिजनों ने ईलाज के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया,जहां पर तैनात सीएचओ इन्द्रकिशोर विश्वकर्मा के द्वारा इलाज किया जा रहा है।

घटना के संबंध में परिजनों ने बताया नए साल के उमंग में एक अन्य साथी के संग बाईक से घुम रहे थे कि छहमईलवा के समीप बाईक अनियंत्रित होकर पलट गई,घटना में जहां रहीस अंसारी गंभीर रूप से घायल हो गए,जबकि इनके साथ चोटिल हुए अन्य एक साथी अस्पताल में आने के बजाए भयवश कहीं अन्यत्र जगह फरार हो गया। दूसरी घटना चपरी गांव में रविवार की देर शाम में गाय से बाईक के टकरा जाने से बाईक चालक उसी गांव के फूलचंद राम घायल हो गए । घायलावस्था में परिजनों ने इलाज हेतु स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया,जहां पर तैनात सीएचओ इन्द्रकिशोर विश्वकर्मा के द्वारा इलाज किया गया।

बता दे कि बाईक से घर लौट रहे थे, तभी घर से कुछ दूरी पर अचानक से सड़क पर गाय दौड़ गई। जिससे बाईक की टक्कर हो गई।

खेल

## गढ़वा जिले की 20 सदस्यीय टेबल टेनिस टीम रामगढ़ रवाना
# संसाधन के अभाव में प्रतिभा कुंठित नहीं होती

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** रामगढ़ में आयोजित झारखंड स्टेट टेबल टेनिस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए गढ़वा जिला की 20 सदस्यीय टीम सोमवार को शक्तिपुंज एक्सप्रेस से रवाना हो गई। 20 सदस्यीय टीम को संघ के पदाधिकारियों ने जीत की शुभकामना देते हुए रवाना किया इस मौके पर संघ के संरक्षक अलखनाथ पांडेय ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने जा रहे खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी लोग प्रतियोगिता में पूरे मनोयोग से और जज्बा के साथ खेल को खेलें आप गढ़वा के नाम को राष्ट्र स्तर पर ले जाएं। संसाधन के अभाव में प्रतिभा कुंठित नहीं होती है और आप लोग इसे सही साबित भी कर रहे हैं। कम संसाधन में आप लोग बहुत बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं जिसका परिणाम है टेबल टेनिस मे हम राज्य में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। आप अपने लक्ष्य को पाने के लिए जो मेहनत कर रहे है उस लक्ष्य को हासिल करने के लिए आप जा रहे है। आप प्रतियोगिता में जिला को चैम्पियन बनाने के साथ साथ चैम्पियन बनकर आए। आप अपने खेल का शत प्रतिशत लगा दे तो आपको जीत से कोई रोक नहीं सकता है, अभिभावक और संघ आपके बेहतर के लिए लगातार प्रयास कर रहे है।



### हर संभव मंदद के लिए है तैयार

अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी ने कहा की आप बेहतर प्रदर्शन करते हुए अपना और जिला का नाम रौशन करे, संघ आपको हर संभव मदद करने को तैयार है। उन्होंने कहा कि स्टेट चैंपियनशिप में शामिल होने वाले सभी खिलाड़ियों को ड्रेस उपलब्ध कराने की बात कही गई थी `संघ ने सभी खिलाड़ियों को ड्रेस उपलब्ध करा दी है। सचिव आनंद सिन्हा ने कहा की मंगलवार से रामगढ़ में 22 वीं झारखंड स्टेट टेबल टेनिस प्रतियोगिता आयोजित है। उक्त प्रतियोगिता में गढ़वा की बीस सदस्यीय टीम भाग लेने जा रही है। टीम के खिलाड़ी बेहतर खेल का प्रदर्शन कर जिला का नाम रोशन करेंगे। टीम में विवेक कुमार दुबे, ऋषभ राज,अमल कुमार ठाकुर, अमन कुमार पाल, अनिमेष कुमार पाण्डेय, रौशन कुमार पाल, नितीश कुमार मेहता, अनिल कुमार मेहता, हर्षित कुमार पाण्डेय, सचिन कुमार रवि, हिमांशु पाल, उज्ज्वला कुमार मयंक राज,अंजली कुमारी, आयुषी कुमारी, रिद्धि सिंह,आयुषी कुमारी पाण्डेय,अभिजीत यादव, आयुषी कुमारी दुबे को शामिल किया गया है। टीम के कोच संघ के कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे को बनाया गया है।

### जमशेदपुर में मोबाइल आई स्क्रीनिंग वैन की हुई शुरूआत

**जमशेदपुर ।** जमशेदपुर आई अस्पताल ने नये वर्ष मे ग्रामीण इलाकों के मरीजों के लिए नई सौगात लेकर आई है। रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर ने अपने सामाजिक दायित्वओं का निर्वाहन करते हुए इसे अस्पताल को प्रदान किया है। टाटा स्टील फाउंडेशन के द्वारा इसे संचालित किया जायेगा और तमाम मरीजों का इलाज जमशेदपुर आई अस्पताल मे ही होगा। यह मोबाइल आई स्क्रीनिंग वैन ग्रामीण इलाकों मे पहूंचकर जरूरतमंद लोगों का स्क्रीनिंग करेगा, जिसके बाद चयनित मरीजों का इलाज जमशेदपुर आई अस्पताल मे होगा, जिसके बाद फीता काटकर मोबाइल वैन की शुरूआत की गई। मौके पर अस्पताल प्रबंधन के अध्यक्ष रूचि नरेन्द्रन, उपाध्यक्ष चाणक्य चौधरी समेत रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर के सदस्य एवं अस्पताल के चिकित्सकों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर मोबाइल वैन का उद्घाटन किया।

**अगर आप अपने कुटुंब को नहीं संभाल पा रहे हैं तो यह तय मान कर चलें कि एक राज्य या एक देश आपसे नहीं संभलने वाला। राज्य और देश को संभालने का स्वप्न उसे ही देखना चाहिए, जो अपने कुटुंब को संभाल सके।**
**-चाणक्य**

# नये साल में अनदेखी न हो

**भारत** में भले ही कोरोना मामले कम हैं, लेकिन फिर भी सावधानी जरूरी है। एक्सपर्ट्स का कहना है हालात बिगड़ने का डर कम है लेकिन नये साल के जश्न में कोरोना के बारे में सोचे या किसी तरह की सावधानी बरतना जरूरी समझे। देश भर के अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में मॉक ड्रिल के जरिये यह देखा गया कि हमारा स्वास्थ्य तंत्र कोरोना की संभावित चुनौतियों से निपटने के लिए किस हद तक तैयार है। पड़ोसी देश चीन से कोविड संक्रमण के कारण बने हालात की जो भयावह तस्वीरें आ रही हैं, उनके मद्देनजर अपनी तैयारियों का जायजा लेना जरूरी समझा गया। इस बीच कर्नाटक पहला राज्य है जहां सार्वजनिक स्थानों पर मास्क पहनना फिर से अनिवार्य कर दिया गया है। विशेषज्ञों के पैनल ने सरकार से कहा है कि स्वास्थ्यकर्मियों के लिए वैक्सीन की चौथी डोज की व्यवस्था की जानी चाहिए। वैक्सीन की उपलब्धता और नई दवाओं के परीक्षण की स्थितियों पर भी नए सिरे से नजर डाली जा रही है। इन सबके बीच यह स्पष्ट करते चलना भी जरूरी है कि कम से कम अपने देश में हालात फिलहाल चिंताजनक बिलकुल नहीं हैं। नए केसों की संख्या में पिछले सप्ताह के मुकाबले इस सप्ताह 11 फीसदी की बढ़ोतरी जरूर रेकॉर्ड की गई है, लेकिन फिर भी यह संख्या सबसे निचले स्तर के आसपास ही है। अगर किसी वजह से संक्रमण तेज होता है तो भी अस्पताल में भर्ती होने की नौबत कम ही लोगों को आयेगी। लेकिन चीन में भी कोरोना के मामले एक समय में पूरी तरह नियंत्रित दिख ही रहे थे। जापान, अमेरिका और साउथ कोरिया जैसे देशों में भी हालात काफी बेहतर होने के बाद बिगड़े हैं। कोरोना वायरस ने अपनी जो विशेषता बार-बार दिखाई है वह यह कि उसका कुछ भरोसा नहीं। वह कब किस रूप में और किन लक्षणों के साथ लौट आए, नहीं कहा जा सकता। और, एक बार इसने पैर पसार लिए तो सारी भविष्यवाणियों को बेकार कर सकता है। लेकिन अपने देश में आम लोगों की बात करें तो सब जैसे कोरोना को अतीत की चीज मान चुके हैं। बाजारों में भीड़भाड़ वाली जगहों पर भी शायद ही कोई मास्क लगाए नजर आता है, दूरी बनाए रखने की भी किसी को नहीं

**अपने देश में आम लोगों की बात करें तो सब जैसे कोरोना को अतीत की चीज मान चुके हैं। बाजारों में भीड़भाड़ वाली जगहों पर भी शायद ही कोई मास्क लगाए नजर आता है, दूरी बनाए रखने की भी किसी को नहीं सूझती...**

सूझती। स्वास्थ्य तंत्र भी रोजमर्रा की सामान्य चुनौतियों से निपटने में ही अपनी सार्थकता मान चुका है। ऐसे में क्रिसमस के बाद अब नए साल के जश्न का मौका आ रहा है। देशवासियों का फिलहाल जो मूड दिख रहा है, उसमें न्यू ईयर पार्टी करते हुए शायद ही कोई कोरोना के बारे में सोचे या किसी तरह की सावधानी बरतना जरूरी समझे। इसलिए भी सरकारी तंत्र को एक बार झकझोरना जरूरी है ताकि वह चेत जाए और लोगों को भी चेताए कि न तो घबराने की जरूरत है और न ही अपनी दिनचर्या में कोई बदलाव लाने की। लेकिन जरूरत है सावधानी बनाए रखने की क्योंकि कोरोना गया नहीं है।

# विश्वगुरु बनने का स्वप्न-दूर की कौड़ी



**पिछले** कुछ वर्षों में हम यह सुनने लगे हैं कि भारत विश्वगुरु बनने जा रहा हैं। सामान्य अल्प बुद्धि वाले को इसका अर्थ समझ में नहीं आता है। एक सामान्य से व्यक्ति से बात हो रही थी उनसे जब पूछा कि भारत विश्वगुरु बनने जा रहा हैं , तो उनका उत्तर सुनकर हतप्रभ रह गया। उनका कहना था कि क्या हम अपने भारतीय पौराणिक काल में वापस लौट रहे हैं, जब जंगल में हमारे गुरु होते थे। जहां उनका आश्रम होता था, गुरु-शिष्य की परंपरा का निर्वाह करते हुए गुरु आसन पर विराजमान होकर सामने बैठे अपने शिष्यों को ज्ञान का पाठ पढ़ाया करते थे। क्या हम उस कल में प्रवेश करने जा रहे हैं? इस शब्द के अर्थ को ढूंढने के लिए जब गुगल सर्च करके देखा तो समझ में आया कि पिछले कुछ वर्षों में हमारे सत्तारूढ़ नेतागण क्यों विश्वगुरु बनने का पाठ पढ़ा रहे हैं और दिवास्वप्न दिखा रहे हैं। बताया गया है कि भारत विश्व गुरु इसलिए कहलाना चाहता है; क्योंकि सभ्यता का प्रारम्भ यहीं से हुआ। प्राचीन काल में जब सभी देशों के निवासी जंगली जीवन जी रहे थे उस समय यहां स्वाहा और स्वधा के मंत्रों की रचना हुई। वेद ,विश्व की सबसे प्राचीन सभ्यता का भी विकास भारत में ही हुआ। इस आधार पर भारत को विश्व गुरु माना जाता था। प्राचीन काल में ज्ञान विज्ञान का जनक भारत ही था और यहीं से समस्त भूमंडल में ज्ञान फैला। इस ज्ञान के क्षेत्र को हम एशिया से लेकर यूरोप तक बता सकते हैं और इसमें उत्तरी अफ्रीका के भाग भी शामिल थे। आधुनिक काल में यूरोप ही विश्व गुरु है अभी बहुत से लोग और विशेषरूप से सत्तारूढ़ केंद्रीय नेतृत्व यह कहते हैं कि भारत को विश्व गुरु बनना चाहिए और भारत में विश्व गुरु बनने की शक्ति है। वास्तव में हर एक कार्य का एक निश्चित समय होता है प्राचीन काल में भारत विश्व गुरु था, लेकिन आधुनिक काल में यूरोप ही विश्व गुरु है। यूरोप में न केवल हमारे भौतिक जीवन को प्रभावित किया है बल्कि हमारे राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक जीवन को भी प्रभावित किया है। यहीं दर्शन, विज्ञान और साहित्य की रचना हुई।

**विश्वगुरु के प्रतीक 1893 में शिकागो में आयोजित विश्व धर्म सभा में स्वामी विवेकानंद के प्रथम पंक्ति के उद्बोधन अमेरिकावासी बहनों और भाइयों कहकर सभा को संबोधित किया तो दो मिनट तक ऐसे तालियां बजीं कि कान बहरे हो गये। बेहद दकियानूस लोगों को भी यह स्वीकार करना पड़ा कि इस 'सुदर्शन, तेजवान, अदभुत वक्ता ने ही महासभा में श्रेष्ठ आसन अधिकार किया है।**

इन दिनों



निशिकांत ठाकुर

**विवेकानंद के उद्बोधन को संसार ने स्वीकारा :** विश्वगुरु के प्रतीक 1893 में शिकागो में आयोजित विश्व धर्म सभा में स्वामी विवेकानंद के प्रथम पंक्ति के उद्बोधन अमेरिकावासी बहनों और भाइयों कहकर सभा को संबोधित किया तो दो मिनट तक ऐसे तालियां बजीं कि कान बहरे हो गये। बेहद दकियानूस लोगों को भी यह स्वीकार करना पड़ा कि इस 'सुदर्शन, तेजवान, अदभुत वक्ता ने ही महासभा में श्रेष्ठ आसन अधिकार किया है।' स्वामी ने कहा कि पृथ्वी पर सबसे प्राचीनतम समाज की तरफ से मैं सर्वधर्म के उद्भव स्वरूप जो सनातन हिंदू धर्म है, उसका प्रतिनिधि होकर आज मैं आप लोगों को धन्यवाद देता हूं और पृथ्वी की विभिन्न हिंदू जाति और विभिन्न हिंदू संप्रदाय के कोटि कोटि हिंदू नर नारियों की तरफ से आज मै आपलोगों को हृदय से धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा था कि मैं उसी धर्म में शामिल अपने को गौरवान्वित महसूस करता हूं। हमलोग केवल दूसरे धर्मावलंबियों के प्रति सहिष्णु हैं , ऐसा नहीं है, हम यह भी विश्वास करते हैं कि सभी धर्म सत्य है। विवेकानन्द पुरोहितवाद, धार्मिक आडम्बरों, कठमुल्लापन और रूढियों के सख्त खिलाफ थे। उन्होंने धर्म को मनुष्य की सेवा के केन्द्र में रखकर ही आध्यात्मिक चिंतन किया था। स्वामी विवेकानंद भारत देश के उन चंद व्यक्तित्वों में से एक हैं जिन्हें देश के नाम से और देश को उनके नाम से अलग नहीं किया जा सकता। दोनो साथ में एक दूसरे को अलंकृत करते हैं। स्वामी विवेकानंद वह नाम है जिसे शिकागो की भूमि आज भी दोहराती है। स्वामी विवेकानंद के भाषण के बाद शिकागो के सर्वश्रेष्ठ अखबार हेराल्ड लिखता है कि धर्म सभा में विवेकानंद ही निर्विरोध रूप से सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति है। अब आज प्रश्न यह उठता है कि क्या आज हम जिस बात का दिवास्वप्न दुनियां को दिखाने का प्रयास कर रहे हैं , क्या हम उस योग्य बन गये हैं? अथवा उस गति से अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की और बढ़ रहे हैं, जहां पहुंचकर हम यह कह सकते हैं कि हम विश्व गुरु बनने के योग्य हैं । हां, वह समय था जब हमें विश्व ने आध्यात्मिक रूप से स्वीकार किया कि भारत विश्व गुरु का गौरव हासिल कर लिया है, लेकिन आज? यह तो आध्यात्मिक संपन्नता की बात हुई। अब आर्थिक समानता की बात करे जो हमें विश्व में स्थापित कर सकता है । यदि प्रति व्यक्ति आय की बात करें तो विश्व के कई ऐसे देश हैं जहां हम ठहर ही नहीं पाते हैं। प्रति व्यक्ति आय किसी देश, राज्य, नगर, या अन्य क्षेत्र में रहने वाले व्यक्तियों की औसत आय होती है।

## बोधि वृक्ष

# सुनें कहानी श्री हनुमान की

**(गतांक से आगे)**

अंजना ने उसी फल को खाया। फिर हनुमानजी का जन्म हुआ। इसीलिए श्री राम हनुमान जी को भरत के समान भाई कहते थे। एक बार हनुमानजी को भूख लगी। उनको आस-पास कुछ नहीं दिखा। हां, सूरज देवता उन्हें जरूर दिख गए। हनुमान जी बाल्य अवस्ता में थे। उनको लगा कि यह एक फल ही है। वह सूरज को निगलने बढ़ चले। जैसे-जैसे वह सूरज के नजदीक जा रहे थे, वैसे वैसे अपना आकर भी बड़ा कर रहे थे। राहु का ध्यान पड़ा कि कोई शक्ति सूरज के नजदीक आ रही है। उन्होंने तुरंत इंद्र देव से सहायता मांगी। तब इंद्र देव ने हनुमानजी को रुकने को कहा। भला हनुमानजी कहां मानने वाले थे। तब इंद्र ने वज्र से हनुमानजी पर प्रहार कर दिया। हनुमानजी मूर्छित हो कर नीचे गिर पड़े। यह बात जब हनुमान जी के पिता पवन देव को पता चली तो वह क्रोधित हो उठे। उन्होंने श्रृष्टि के वायु चक्र की गति को बांध दिया। अचानक से हवा रुक गई और जीवों का दम घुटने लगा। देवताओं को चिंता हुई कि इस प्रकार वायु के थम जाने से तीनों लोको की गति रुक जाएगी। संकट के समाधान के लिए सारे देवता जाकर पवन देव से इंद्र की किये की क्षमा मांगने लगे। उनको शांत करने के लिए सभी देवताओं ने अपनी-अपनी शक्तियां और वरदान दिया। ब्रह्मा ने अमरता का वरदान दिया और कहा कि वे अपनी इच्छा से अपनी उपस्थिति बदल सकेंगे। सूर्यदेव ने कहा कि वह अपनी ऊर्जा और चमक का एक हिस्सा देंगे और जब चाहें उन्हें वेद का ज्ञान भी सिखाएंगे। **(क्रमशः)**

# 2023 आर्थिक दृष्टि से देश के लिए सुनहरा वर्ष

**भारत** अभी तक सुरक्षा के क्षेत्र में पूर्णतः आयातित उत्पादों पर ही निर्भर रहता था। छोटे से छोटा उत्पाद भी विकसित देशों से आयात किया जाता रहा है। परंतु हाल ही के समय में भारत ने सुरक्षा के क्षेत्र में आत्म-निर्भरता हासिल करने की ओर अपने कदम बढ़ा दिये हैं। अब तो वैश्विक स्तर पर विभिन्न वित्तीय संस्थानों जैसे विश्व बैंक, अंतरराष्ट्रीय मॉनेटरी फंड, यूरोपीयन यूनियन, एशियाई विकास बैंक, आदि ने वर्ष 2023 में भारत को पूरे विश्व में सबसे तेज गति से आर्थिक प्रगति करने वाला देश बने रहने की सम्भावना पूर्व में ही व्यक्त कर दी है और यह पूवानुमान विश्व के लगभग समस्त विकसित देशों के आर्थिक संकटों में घिरे रहने के बीच लगाया गया है। हालांकि इस बीच, हाल ही के समय में, चीन एवं कुछ अन्य देशों में कोरोना महामारी का प्रकोप फिर से बढ़ता दिखाई दे रहा है तथा यूक्रेन एवं रूस के बीच युद्ध समाप्त होने के आसार दिखाई नहीं दे रहे हैं परंतु फिर भी इन समस्त विपरीत परिस्थितियों के बीच भारत किस प्रकार पूरे विश्व में एक चमकते सितारे के रूप में दिखाई दे रहा है। दरअसल, यह सब भारत सरकार द्वारा समय समय पर लिए गये कई आर्थिक निर्णयों के चलते सम्भव होता दिखाई दे रहा है। पूरे विश्व में आज ऐसा कोई देश नहीं है जिसमें वर्ष 2015 के बाद से 50 करोड़ के आसपास बैंक खाते खोले गये हों। एक अनुमान के अनुसार, भारतीय बैंकों में खोले गये उक्त खातों में से 90 प्रतिशत से अधिक खातों में निरंतर व्यवहार किये जा रहे हैं। देश की एक बहुत बड़ी आबादी को बैंकों के साथ जोड़कर उन्हें वित्तीय रूप से साक्षर बनाया गया है। साथ ही, भारत में ही वर्ष 2015 के बाद से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 3 करोड़ नये मकान केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा नागरिकों को सौंपे गये हैं एवं अभी भी सौंपे जा रहे हैं। इसी प्रकार हर घर में नल एक विशेष योजना के अंतर्गत 2.43 करोड़ परिवारों को नल के नये कनेक्शन उपलब्ध कराये गये हैं। कोरोना जैसी महामारी से अपने नागरिकों को बचाने के उद्देश्य से भारत में अपना स्वयं का स्वदेशी टीका विकसित कर, 220 करोड़ से अधिक कोरोना के टीके मुफ्त ही अपने नागरिकों को लगाये गये हैं, जो कि पूरे विश्व में एक रिकॉर्ड है। इसके चलते ही भारत में कोरोना जैसी महामारी पर नियंत्रण स्थापित किया जा सका है। कोरोना जैसी भयंकर महामारी के बीच प्रारम्भ की गई गरीब अन्न योजना, जिसके अंतर्गत दिसम्बर 2023 तक, 80 करोड़ से अधिक नागरिकों को मुफ्त 5 किलो अनाज उपलब्ध कराया जाता रहेगा। भारत में लगभग 10 करोड़ परिवारों को स्वास्थ्य कार्ड उपलब्ध कराये गये हैं, जिसके अंतर्गत परिवार के सदस्यों को 5 लाख रुपए तक का स्वास्थ्य बीमा प्रतिवर्ष उपलब्ध रहेगा। इस प्रकार लगभग 50 करोड़ नागरिकों को इस स्वास्थ्य बीमा योजना के अंतर्गत शामिल कर लिया गया है। आप

**देश की एक बहुत बड़ी आबादी को बैंकों के साथ जोड़कर उन्हें वित्तीय रूप से साक्षर बनाया गया है। साथ ही, भारत में ही वर्ष 2015 के बाद से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 3 करोड़ नये मकान केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा नागरिकों को सौंपे गये हैं एवं अभी भी सौंपे जा रहे हैं। इसी प्रकार हर घर में नल एक विशेष योजना के अंतर्गत 2.43 करोड़ परिवारों को नल के नये कनेक्शन उपलब्ध कराये गये हैं।**


बिजनेस इन दिनों




प्रह्लाद सबनानी

जरा उक्तवर्णित आंकड़ों पर गौर करें, आज पूरा विश्व ही आश्चर्य चकित है कि भारत में केंद्र सरकार किस प्रकार इतने बड़े स्केल पर भारत की जनता के हितार्थ आर्थिक निर्णय ले रही है एवं इस संबंध में अपने लिए निर्धारित किये गये लक्ष्यों को तेजी से प्राप्त करती जा रही है। यहां पर उक्त तो केवल कुछ उदाहरण दिये गये हैं वरना वर्ष 2014 के बाद से इस प्रकार के अनेकों निर्णय कई क्षेत्रों में लिए गये हैं जिनसे पूरा विश्व ही आज हक्का बक्का हो गया है। वैश्विक स्तर पर भारत ने अभी हाल ही में कई क्षेत्रों में अपनी अगुवाई सिद्ध की है। सूचना प्रौद्योगिकी का क्षेत्र तो पूरे विश्व में एक तरह से भारतीय मूल के इंजीनियरों द्वारा चलाया जा रहा है। अमेरिका की सिलिकोन वैली इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। भारत में डिजिटल प्लेटफॉर्म को जिस प्रकार से शहरों के साथ साथ-ग्रामीण क्षेत्र एवं दूर दराज के इलाकों तक फैलाया गया है, इसको देखकर पूरा विश्व ही आज आश्चर्यचकित है एवं इस क्षेत्र में विकसित देश भी आज भारत से मार्गदर्शन की उम्मीद कर रहे हैं। फार्मा उद्योग एक और ऐसा क्षेत्र है जिसमें भारत आज पूरे विश्व के लिए एक फार्मेसी हब बन गया है। कोरोना महामारी के दौरान भारत ने विश्व के लगभग समस्त देशों को दवाईयां उपलब्ध करवाईं।

## फोटो की दुनिया



## ट्वीट-ट्वीट




## फेसबुक वॉल से




# लोकतांत्रिक अधिकार है गरीबों को मुफ्त अनाज

**सरकार** को अधिक लोककल्याणकारी शासन-व्यवस्था की ओर बढ़ते हुए ऐसी भी योजनाएं लागू करनी चाहिए जिससे किसी भी नागरिक को मुफ्त अनाज के विवश न होना पड़े। वह सक्षम बने अपने भरण-पोषण के लिये। हर व्यक्ति को काम मिले, ऐसी योजना पर गंभीरता से कदम बढ़ाये जाने चाहिए। आजादी के अमृत महोत्सव मना चुके मुल्क में, एक शोषणविहीन समाज में, एक समतावादी दृष्टिकोण में और एक कल्याणकारी समाजवादी व्यवस्था में आबादी के एक बड़े हिस्से का भूखे रहना या भूखें ही सो जाना शर्म का विषय होना चाहिए। इस तरह की स्थितियों का होना राष्ट्र के कर्णधारों के लिये शर्म का विषय होना चाहिए। जो रोटी नहीं दे सके वह सरकार कैसी? जो गरीबी पर वोट की राजनीति करें, वह शासन-व्यवस्था कैसी? शर्म का विषय तो बेरोजगार को रोजगार न देना भी होना चाहिए। लेकिन हमारी पूर्व सरकारों ने गरीबी, भूख एवं बेरोजगारी को केवल सत्ता हासिल करने का हथियार बना रखा था। दुनिया की तमाम शासन व्यवस्थायें हर नागरिक को कोई न कोई ऐसा काम देने, जिससे वह खुद अपना और अपने परिवार का भरण-पोषण कर सके, नाकाम रही है। सबको रोटी एवं रोजगार देने की आदर्श स्थिति शायद किसी भी देश में नहीं है। इसलिए जो लोग खुद अपने भोजन का प्रबंध कर पाने में अक्षम हैं, उन्हें भोजन उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी सरकारों पर आ जाती है। ऐसे लोगों के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार ने एक उल्लेखनीय जन-कल्याणकारी निर्णय के अन्तर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत गरीबी रेखा के नीचे प्रत्येक परिवार को प्रतिमाह 35 किलो अनाज मुफ्त सुलभ कराने की घोषणा की है। अब किसी को भूखे पेट नहीं सोना पड़ेगा। भारत की 135 करोड़ आबादी को देखते हुए 81 करोड़ से अधिक लोग ऐसे हैं जो इस मदद का लाभ उठायेंगे। सरकार को अधिक लोककल्याणकारी शासन-व्यवस्था की ओर बढ़ते हुए ऐसी भी योजनाएं लागू करनी चाहिए जिससे किसी भी नागरिक को मुफ्त अनाज के विवश न होना पड़े। वह सक्षम बने अपने भरण-पोषण के लिये। हर व्यक्ति को काम मिले, ऐसी योजना पर गंभीरता से कदम बढ़ाये जाने चाहिए। इसी से गरीबी का संबोधन मिट सकेगा। इसी से भारत एक आदर्श समाज-व्यवस्था को निर्मित करते हुए सशक्त भारत- नये भारत के संकल्प को सार्थक आयाम दे सकेगा। स्वयं का भी विकास और समाज का भी विकास, यही समष्टिवाद है और यही धर्म है, यही संतुलित एवं समतामूलक नजरिया है। निजीवाद कभी धर्म नहीं रहा। जीवन वही सार्थक है, जो समष्टिवाद से प्रेरित है। केवल अपना उपकार ही नहीं परोपकार भी करना है। अपने लिए नहीं दूसरों के लिए भी जीना है। यह हमारा दायित्व भी है और ऋण भी, जो हमें अपने समाज और अपनी मातृभूमि को चुकाना है। परशुराम ने यही बात भगवान श्रीकृष्ण को सुदर्शन चक्र देते हुए कही थी कि वासुदेव कृष्ण, तुम बहुत माखन खा चुके, बहुत लीलाएं कर चुके, बहुत बांसुरी बजा चुके, अब वह करो जिसके लिए तुम धरती पर आये हो। परशुराम के ये शब्द जीवन की अपेक्षा को न केवल उद्घाटित करते हैं, बल्कि जीवन की सच्चाइयों को परत-दर-परत खोलकर रख देते हैं। लगभग यही स्थिति नरेन्द्र मोदी के सामने है कि दुनिया में अपना नाम बहुत कर चुके, अपनी सरकार की स्थिति भी बहुत मजबूत कर चुके, अब वह करो, जिससे भारत से गरीबी की त्रासद स्थिति खत्म हो जाये। मोदी ऐसा ही करने की ओर तत्पर है। हालांकि भोजन के अधिकार के नाम से विख्यात राष्ट्रीय सुरक्षा खाद्य अधिनियम 2013 में डा. मनमोहन सिंह की सरकार के दौरान पारित हुआ था मगर इसे सुचारु रूप से लागू करने की जिम्मेदारी 2014 में सत्ता में आयी मोदी सरकार को ही निभानी पड़ी थी। केन्द्र सरकार ने 2020 में कोरोना संक्रमण के फैलने पर इस अधिकार के अतिरिक्त गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति को प्रति माह पांच किलो अनाज मुफ्त प्रदान कराने की योजना भी लागू की थी। इस योजना को दिसम्बर 2022 तक बढ़ा दिया गया था जबकि खाद्य सुरक्षा अधिनियम बदस्तूर लागू था।

**भारत की 135 करोड़ आबादी को देखते हुए 81 करोड़ से अधिक लोग ऐसे हैं जो इस मदद का लाभ उठायेंगे। सरकार को अधिक लोककल्याणकारी शासन-व्यवस्था की ओर बढ़ते हुए ऐसी भी योजनाएं लागू करनी चाहिए जिससे किसी भी नागरिक को मुफ्त अनाज के विवश न होना पड़े। वह सक्षम बने अपने भरण-पोषण के लिये। हर व्यक्ति को काम मिले।**

दुनिया-समाज



ललित गर्ग

**स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सौल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.) प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155,** प्रधान संपादक : **सुरेश बजाज,** संपादक : **हर्षवर्द्धन बजाज,** स्थानीय संपादक : **आनंद सिंह*, प्रेस कार्यालय :** रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, **फोन नंबर :** 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, **रांची कार्यालय :** 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, **दिल्ली कार्यालय :** 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, **ई-मेल :** rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

## NEWS इन ब्रीफ

### दंतेवाड़ा : एक नक्सली डीएकेएमएस सदस्य हुआ गिरफ्तार

**दंतेवाड़ा।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत मुखबिर से मिली सूचना की पुष्टि हेतु डीआरजी दंतेवाड़ा का बल नक्सली गस्त, सर्चिंग हेतु थाना अरनपुर के ग्राम नीलावाया के जंगल/पहाड़ी की ओर रवाना हुये थे। इसी दौरान ग्राम नीलावाया पटेलपारा और मिलकानपारा के बीच जंगल से एक नक्सली डीएकेएमएस सदस्य आयता मड़काम पिता जोगा मड़काम उम्र लगभग 30 वर्ष जाति मुरिया निवासी नीलावाया मिलकानपारा थाना अरनपुर को गिरफ्तार किया गया है।

### सतना में सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत

**सतना।** मध्यप्रदेश के सतना जिले में एक तेज रफ्तार बाइक के पिकअप वाहन से टकरा जाने के कारण दो नाबालिग किशोरों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के मुताबिक के मैहर थाना क्षेत्र में रविवार की रात घरवालों की नजर बचाकर मोटर साइकिल से तफरी करने वाले अमर चौधरी (16) व मोहित चौधरी (15) सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। बताया गया कि नाबालिग बाइक चालको की मोटर साइकिल सरला नगर में विपरीत दिशा से आ रहे पिकअप वाहन से टकरा गई। इस हादसे में दोनो लड़को की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

### उ.प्र : तेंदुए ने किया किसान पर हमला

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के मुर्तिहा रेंज अंतर्गत बोझिया गांव में खेत की निगरानी कर रहे एक किसान पर जंगल से निकल कर आये तेंदुए ने हमला कर दिया। वन विभाग के सूत्रों ने सोमवार को बताया कि कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के मुर्तिहा वन रेंज अंतर्गत बोझिया गांव जंगल से सटा हुआ है। रविवार शाम गांव निवासी किसान शंकर (40) खेत में सरसों के फसल की निगरानी कर रहा था। उसी दौरान जंगल से निकलकर एक तेंदुआ आबादी में पहुंच गया। तेंदुआ ने किसान शंकर पर हमला कर दिया। शंकर ने तेंदुए से संघर्ष करते हुए शोर मचाना शुरू किया जिस पर तेंदुआ किसान को छोड़कर जंगल में चला गया।

### सड़क दुर्घटना में दो की मौत, पांच घायल

**डेबरा।** सड़क दुर्घटना में दो राहगीरों की मौत हो गई जबकि पांच घायल हो गए है। घटना सोमवार तड़के पश्चिम मेदिनीपुर जिला अंतर्गत डेबरा इलाके की है। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार तड़के सड़क किनारे पर राहगीर पैदल चल रहे थे उसी समय तेज गति से आ रहे एक वाहन ने फुटपाथ पर चल रहे राहगीरों को धक्का मार दिया जिसकी वजह से दो लोगों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई जबकि पांच अन्य घायल हो गए हैं। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। इस घटना से इलाके में तनाव का माहौल है।

### टमाटर लदा पिकअप पलटा, चालक की दबकर हुई मौत

**मोतिहारी।** जिले कोटवा थाना क्षेत्र में स्टेट बैंक के समीप अहले सुबह टमाटर लदा पिकअप पलट गया। जिसमे पिकअप चालक की गाड़ी में दबकर दर्दनाक मौत हो गई। हादसा इतनी बड़ी थी, कि जेसीबी की मदद से चालक को बाहर निकाला गया। मृत चालक जिले के रक्सौल का रहने वाला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परिजनों को सूचित किया है। घटना कोटवा थाना के बाजार स्थित स्टेट बैंक के समीप की है। स्थानीय लोगो के अनुसार दुर्घटना के बाद स्थानीय लोग पहुंच ड्राइवर गाड़ी में दबकर बचाने के लिए चिल्लाता रहा मौके पर पंहुची पुलिस व स्थानीय लोगों ने चालक को निकालने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं निकल पाया। जबतक जेसीबी आया तब तक चालक दम तोड़ चुका था।

# नए साल पर नेताओं में जोश, 2024 को लेकर बिहार में सियासी दंगल

## 5 को नीतीश और खड़गे की यात्रा, आज नड्डा की रैली

**एजेंसी। पटना**

बिहार में नए साल पर पार्टियों ने 2024 को लेकर रणनीति बनाना शुरू कर दिया है। जनवरी के पहले सप्ताह में ही विभिन्न दलों के बड़े नेताओं की यात्रा और रैली है। कल तीन जनवरी को बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की रैली है। वहीं पांच जनवरी को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रदेश यात्रा पर निकलेंगे। उधर, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पांच जनवरी को भारत जोड़ो यात्रा के तहत बिहार की यात्रा पर होंगे। सभी दल साल लोकसभा चुनाव 2024 के लिए निशाना साधने को तैयार हैं।



### आज जेपी नड्डा की बिहार में रैली

हालांकि देखा जाए तो तीनों नेता अलग-अलग इलाके का दौरा करेंगे। वह पटना के बीजेपी कार्यालय में नेताओं के साथ बैठक करेंगे। इसके साथ ही वैशाली और गरौल में भी उनकी राजनीतिक सभाएं हैं। छपरा के सोनपुर में भोलेनाथ के एक मंदिर में दर्शन करते हुए पूजा अर्चना करेंगे। फिलहाल बिहार में कड़ाके की ठंड है और इसी ठंड में नेताओं पूरी गर्मी के साथ रैली में हुंकार भरेंगे। मकसद साफ है कि साल 2024 लोक सभा चुनाव के लिए दल को मजबूत बनाना है।

### खड़गे की पांच को बिहार में भारत जोड़ो यात्रा

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पांच जनवरी को बिहार यात्रा पर रहेंगे। इस यात्रा की आगाज बांका से होने वाली है। पांच को खड़गे यहां पहुंच रहे हैं। बांका के मंदार पर्वत से यात्रा की शुरूआत होगी। कांग्रेस नेता कन्हैया के साथ कई अन्य नेता शामिल होंगे। बता दें कि ये यात्रा 10 जनवरी तर चलेगी। पांच के बाद आगामी पांच दिनों के लिए बिहार के भागलपुर, बांका, खगड़िया तक यात्रा जाएगी।

### मुख्यमंत्री नीतीश भी पांच से करेंगे यात्रा

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पांच जनवरी से सूबे यात्रा पर रहेंगे। नीतीश वाल्मीकि नगर से यात्रा की शुरूआत कर रहे। इस यात्रा को लेकर पहले से ही वह विपक्ष के निशाने पर हैं। इस यात्रा के जरिए बिहार के कई इलाकों के विकास कार्यों का जायजा लेंगे। हालांकि उनकी इस यात्रा को साल 2024 लोकसभा चुनाव से देखा जा रहा है। उन्हें पहले से ही पीएम कैंडिडेट बताया जा रहा है। विपक्ष लगातार उन पर हमलावर रहती है। नीतीश कुमार की बिहार यात्रा से कई सारे कयास भी लगाए जा रहे हैं।

### जगदानंद ने कहाः नड्डा की बिहार में नहीं गलेगी दाल

**बीजेपी** के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का तीन जनवरी को बिहार दौरा होना है। रिपोर्ट्स के मुताबिक सोमवार की देर रात वह बिहार पहुंचेंगे। उनके आगमन को लेकर आरजेडी के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह सोमवार को जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि बिहार में बीजेपी की अब दाल गलने वाली नहीं है। उनके यहां आने से कोई फायदा नहीं होगा। 2015 में ही बिहार की जनता ने जवाब दिया था। फिर 2020 में जनता ने आरजेडी को मजबूत किया है। साथ ही तेजस्वी की संपत्ति पर सवाल उठाने वाले सुशील मोदी के सवाल पर भी हमला बोलते हुए कहा कि पहले वो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संपत्ति का ब्यौरा स्पष्ट करें।



**आरजेडी बिहार में मजबूत :** जगदानंद सिंह ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर इशारा करते हुए कहा कि अब सभी समाजवादियों ने अपनी भूल सुधार ली है। 2015 में उन्हें जनादेश नहीं मिला था। जनता ने बीजेपी को नकार दिया था, लेकिन किसी तरह उन्होंने सरकार बना ली। साल 2020 में तो जनता ने आरजेडी को मजबूत किया है। अब सभी समाजवादी एक हो गए हैं तो उनके आने से यहां कोई फायदा नहीं होगा। बिहार की जनता सब कुछ समझ चुकी है दंगाइयों को बिहार की जनता खदेड़ने का काम करेगी।

### लालू परिवार के घर में गूंजनेवाली है किलकारी

# पापा बनेंगे तेजस्वी मां बनेंगी राजश्री



**एजेंसी। पटना**

नए साल में आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के घर में बच्चे की किलकारी गूंजने वाली है। बिहार के उपमुख्यमंत्री और लालू प्रसाद यादव के छोटे बेटे तेजस्वी यादव पिता बनने वाले हैं। सूत्रों की मानें तो मार्च में तेजस्वी यादव पिता बन सकते हैं। फिलहाल पत्नी राजश्री यादव दिल्ली में डॉक्टर की देखरेख में हैं। हालांकि लालू परिवार की ओर से इसकी कोई जानकारी नहीं दी गई है। फिलहाल तेजस्वी भी दिल्ली में हैं।

### मार्च में घर आ सकता नया मेहमान

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो राजश्री यादव फिलहाल कुछ महीने की प्रेग्नेंट हैं। यानी कि साल 2023 के मार्च में लालू-राबड़ी के घर बच्चे की किलकारी गूंज सकती है। साल 2021 के दिसंबर में उनकी शादी हुई थी। शादी को एक साल से ज्यादा वक्त हो चुका है। शादी भी अचानक से ही दिल्ली में हुई थी। दोनों ने लव मैरिज की थी। शादी को लेकर भी लालू परिवार में खुशी का माहौल था।

हालांकि तेजस्वी ने बिहार में शादी का कोई रिसेप्शन नहीं किया। फिलहाल राजश्री के मां बनने की चर्चा है। बता दें कि राजश्री के ससुर आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव सिंगापुर में है। हाल ही में उनका किडनी ट्रांसप्लांट हुआ है। वह अभी भी सिंगापुर में हैं। बेटी रोहिणी के पास बेड रेस्ट पर हैं। जल्द ही ठीक होने के बाद लालू भारत लौटेंगे। ऐसे में बहू के मार्च में मां बनने की खुशखबरी आ रही है।

# नीतीश ने भूमि पर अवैध कब्जा और हत्या मामलों पर एक्शन लेने को कहा

**एजेंसी। पटना**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रदेश में भूमि पर अवैध कब्जा करने और हत्या जैसे मामलों के खिलाफ अबतक कार्रवाई नहीं होने की शिकायत पर कड़ा रुख इख्तियार करते हुए आज अधिकारियों को उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिये। श्री कुमार से सोमवार को यहां 'जनता के दरबार में मुख्यमंत्री' कार्यक्रम में लखीसराय जिला से आए एक किसान ने आग्रह किया कि उनकी दो बिगहा जमीन पर दबंगों ने कब्जा कर लिया है। दबंग लोग धमकाते हैं। थाने में शिकायत करने पर कोई कार्रवाई नहीं होती है। वहीं, सहरसा जिले से आए एक वृद्ध ने गुहार लगाते हुए कहा कि उनकी निजी जमीन को दबंगों द्वारा रास्ता के नाम कब्जा कर लिया गया है। उनके सारे कागजात को देखकर उनकी जमीन को घेरवा दिया जाए। मुख्यमंत्री से किशनगंज जिला से आए एक युवा ने मुख्यमंत्री से आग्रह करते हुए कहा कि सरकारी रास्ते को कुछ भू-माफियाओं द्वारा कब्जा किया जा रहा है। अधिकारियों को सूचना देने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। पश्चिमी चंपारण जिला से आए एक फरियादी ने कहा कि दबंगों ने उनकी जमीन पर कब्जा कर लिया और उनके बेटे की जमकर पिटाई की, प्रशासन को सूचना देने के बाद अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

### नीतीश ने सियाशरण ठाकुर के निधन पर जताया शोक

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नालंदा जिला के जनता दल यूनाइटेड (जदयू) अध्यक्ष सियाशरण ठाकुर के असामयिक निधन पर सोमवार को गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। श्री कुमार ने सोमवार को अपने शोक संदेश में कहा कि सियाशरण ठाकुर गहरे रूप से पार्टी से जुड़े हुये थे। पार्टी के कार्यों में उनकी गहरी दिलचस्पी थी। वे पार्टी द्वारा दिये गये कार्यों को बहुत ही जिम्मेदारी एवं लगन से करते थे। उन्होंने कहा कि कल वह कल्याण विगहा (नालंदा) गये थे तो उनसे मुलाकात हुई थी, उनसे बातचीत भी हुई थी। उनके निधन के समाचार से मुझे व्यक्तिगत रूप से काफी दुख पहुँचा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री ठाकुर अपने क्षेत्र में लोगों के बीच काफी लोकप्रिय थे। सामाजिक कार्यों में उनकी गहरी अभिरूचि थी। उनके निधन से जदयू के साथ-साथ सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है। श्री कुमार ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

## प. बंगाल में धीरे-धीरे बढ़ रही है सर्दी

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल में धीरे-धीरे पारा गिरने से सर्दी बढ़ती जा रही है। प्रदेश में 31 दिसंबर को तापमान 14.8 डिग्री था, जो 01 जनवरी को बढ़कर 17.5 डिग्री पर पहुंच गया। दो जनवरी को गिरकर तापमान 16.3 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। मौसम विभाग ने बताया कि सुबह-सुबह, कोलकाता के कुछ हिस्सों में धुंध या कोहरा छाया रहा, जिससे दृश्यता कम हो गई। यहां पर न्यूनतम तापमान एक डिग्री की गिरावट के साथ 16.3 पर पहुंच गया। यहां पर रविवार को अधिकतम तापमान 25.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। वायु में जलवाष्प की मात्रा 65 से 90 प्रतिशत है। यहां पर अगले 48 घंटों में हल्की बारिश होने के आसार हैं। सुबह घना कोहरा रहेगा और दृश्यता कम रहेगी। बाद में आसमान साफ हो जाएगा। सर्दी का आभास होने पर भी फिलहाल सर्दी के आसार नजर नहीं आएंगे।

### सीबीआई का दावा

# बीरभूम नरसंहार में भी संलिप्त रहे हैं अणुव्रत

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल के बहुचर्चित बीरभूम नरसंहार मामले की जांच कर रही केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने सोमवार को चौंकाने वाला खुलासा किया है। राज्य में मवेशी तस्करी मामले में गिरफ्तार बीरभूम जिले के बाहुबली नेता अणुव्रत मंडल से आसनसोल जेल में जाकर बीरभूम नरसंहार के संबंध में पूछताछ की अनुमति की याचिका कलकत्ता हाईकोर्ट में लगाकर सीबीआई ने दावा किया है कि नरसंहार की घटना में भी अणुव्रत की भूमिका रही है। इस दावे के समर्थन में सीबीआई ने अणुव्रत के नंबर पर आए कॉल की डिटेल न्यायालय में सोमवार को पेश की है। दावा किया गया है कि बीरभूम नरसंहार मामले में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निर्देश पर गिरफ्तार किए



गए रामपुरहाट के स्थानीय तृणमूल अध्यक्ष और मास्टरमाइंड अनारुल इस्लाम ने वारदात से पहले और बाद में अणुव्रत मंडल को फोन किया था। कॉल लिस्ट के मुताबिक 21 मार्च की रात 8:50 बजे अनारुल के फोन से अणुव्रत मंडल को फोन किया गया था और बातचीत हुई थी। उसके बाद दूसरे दिन भी मंडल से अराबुल की बात हुई है। खास बात यह है कि इस वारदात के बाद अणुव्रत मंडल ने दावा किया था कि टीवी में शार्ट सर्किट की वजह से आग लगी होगी जिसके कारण लोगों की मौत हुई है। उल्लेखनीय है कि पिछले साल 21 मार्च की रात रामपुरहाट के बगटुई गांव में तृणमूल नेता भादू शेख की हत्या के बाद उनके समर्थक 70 से 80 लोगों ने भादू के घर के पास मौजूद सड़क के दूसरी ओर स्थित 10 से 12 घरों में आग लगा दी थी जिसमें महिला और एक बच्चे समेत 10 लोग जिंदा जल गए थे। इस मामले में कोर्ट के आदेश पर सीबीआई जांच कर रही है। इधर अणुव्रत मंडल फिलहाल मवेशी तस्करी मामले में गिरफ्तार हैं और आसनसोल सेंट्रल जेल में बंद हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) उन्हें दिल्ली ले जाकर पूछताछ की तैयारी में है। इस बीच केंद्रीय एजेंसी का यह नया खुलासा निश्चित तौर पर मंडल के लिए मुश्किल का सबब होने वाला है।

# अब तो सुप्रीम कोर्ट ने भी नोटबंदी को सही कहा : शाहनवाज

### लोकसभा में बिहार की सभी 40 सीटें जीतेगी बीजेपी

**एजेंसी। पटना**

केंद्र सरकार के नोटबंदी के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने मुहर लगाई है। सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस पर शाहनवाज हुसैन ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का जो फैसला आया है वह एतिहासिक है। नोटबंदी का जो फैसला था वह देश हित में थी लेकिन विपक्ष की ओर से सवाल खड़े किए जा रहे थे कि यह विफल है। आज सुप्रीम कोर्ट ने इस पर मुहर लगा दी है। शाहनवाज हुसैन ने कहा कि बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा वैशाली आ रहे हैं। हमारी पार्टी देश में 400 लोकसभा सीट जीतेगी। इसको लेकर तैयारी चल रही है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जब पिछली बार बिहार में आए थे तो हम गठबंधन में थे, लेकिन अब हम विपक्ष में हैं। जिस तरीके से कुढ़नी और गोपालगंज में हमारी जीत हुई है, हम अब बिहार में भी 40 की 40 सीट लोकसभा की जीतने की तैयारी कर रहे हैं। पिछली बार गठबंधन में थे तो 39 सीट जीते थे। इस बार हम लोग 40 लोकसभा सीट जीतने के लिए मेहनत कर रहे हैं।



### नीतीश कुमार की यात्रा सरकारी है : शाहनवाज

शाहनवाज हुसैन ने आगे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की यात्रा पर तंज कसा। कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री की यह सरकारी यात्रा है। सभी को यात्रा करने का हक है। मैं भी मोतिहारी जा रहा हूं तो यह भी एक यात्रा है। 32 सालों से नीतीश कुमार की सरकार हो चाहे लालू प्रसाद यादव की, हम सहयोगी पार्टी रहे हैं इसलिए जो मुख्यमंत्री रहता है वही क्रेडिट लेता है। शाहनवाज ने कहा कि नियुक्ति पत्र को लेकर सरकार केवल दिखावा कर रही है। जब एक इंटरव्यू नहीं हो रहे हैं न बहाली निकाली जा रही है न एग्जाम हो रहे हैं तो यह नियुक्ति पत्र कैसे बांटा जा रहा है? जब बीपीएससी में धांधली हो जा रही है, बीएसएससी में पेपर लीक हो जा रहे हैं तो सरकार कैसे नियुक्ति पत्र बांट रही है? केवल सरकार युवाओं को भ्रमित कर रही है।

# जशपुर : कार पेड़ टकराई चार लोगों की मौत

**एजेंसी। पत्थलगांव**

छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में गुल्लू वॉटर फॉल में नये साल का जश्न मना कर लौटते वक्त कार पेड़ से टकरा जाने से चार लोगों की मौत हो गई। इस कार में 10 लोग सवार थे। कुनकुरी थाना प्रभारी भास्कर शर्मा ने आज बताया कि दो अन्य घायलों डाक्टरों ने रांची रेफर किया है। उनकी हालत अधिक चिंताजनक बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलने के बाद कुनकुरी थाना पुलिस घटना की जांच मे जुट गई है। इस कार में भी सवार लोग कल शाम करीब 6 बजे गुल्लू और बेने के बीच में बड़ी घाटी से नीचे उतर रहे थे। उसी समय मोड़ में कार पेड़ से टकरा गया। जिसमें 04 लोगों की मृत्यु हो गई 02 घायलों को रांची रेफर किया गया है एवं 04 घायलों को होलीक्रॉस में इलाज के लिए भर्ती कराया गया हैं।



## हाजीपुर में शराब पार्टी कर रहे युवक की हत्या

**हाजीपुर।** बिहार के हाजीपुर में दोस्तों ने नए साल का जश्न मनाने के दौरान एक युवक की हत्या कर दी गई है। आरोप है कि रविवार की रात को कुछ दोस्त युवक को घर से बुलाकर ले गए और गोली मारकर उसे मौत के घाट उतार दिया। बताया गया कि कई दोस्तों ने मिलकर गांव के सुनसान इलाके में जाकर जश्न मनाया था। शराब पार्टी के दौरान ही किसी बात को लेकर विवाद हुआ तो दोस्तों ने अपने एक दोस्त को पीटा। इसके बाद गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद सभी लोग वहां से फरार हो गए। घटना हाजीपुर पातेपुर थाना क्षेत्र के मालपुर गांव की है।

### कोविड-19 टीम-09 के साथ बैठक कर प्रदेश की स्थिति की समीक्षा कर दिए निर्देश

# सभी जिलों में क्रियाशील हो आईसीयू : योगी

**एजेंसी। लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को यहां शासन स्तर पर गठित टीम-09 के साथ बैठक कर प्रदेश की स्थिति की समीक्षा की। इसमें कोविड की स्थित, उससे लड़ने की तैयारी, धान खरीद, कानून व्यवस्था, शीतलहरी और फरवरी में प्रस्तावित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की तैयारियों की समीक्षा जैसे विषय शामिल रहे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश भी दिए। कोविड प्रबंधन के लिए गठित उच्चस्तरीय टीम-09 के साथ प्रदेश की स्थिति की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विभिन्न देशों में बढ़ते कोविड-19 के संक्रमण के बीच उत्तर प्रदेश की स्थिति सामान्य है। दिसम्बर माह में 09 लाख 06 हजार से अधिक टेस्ट किए गए। इसमें 103 केस की पुष्टि हुई। इस अवधि में प्रदेश की पॉजिटिविटी दर 0.01 प्रतिशत दर्ज की गई। वर्तमान में प्रदेश में कुल 49 एक्टिव केस हैं। विगत 24 घंटों में 42 हजार से अधिक टेस्ट किए गए। यह समय सतर्क और सावधान रहने का है।

### मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश, दवाओं, विशेषज्ञों और टेक्नीशियन की न हो कमी



उन्होंने कहा कि कोविड की बदलती परिस्थितियों पर सूक्ष्मता से नजर रखी जाए। विगत दिनों मॉकड्रिल में जो भी कमियां मिली हैं, उनमें तत्काल सुधार किया जाए। कोविड काल में सरकार ने हर जिले में आईसीयू स्थापित किये हैं। उन्हें क्रियाशील रखा जाए। हर आईसीयू में एनेस्थेटिक व अन्य स्पेशलिस्ट चिकित्सकों और टेक्नीशियन की उपलब्धता हो। आक्सीजन प्लांट पर तीन टेक्नीशियन तैनात होने चाहिए।

स्वास्थ्य विभाग अथवा चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा संचालित सभी अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती, चिकित्सकीय उपकरणों की क्रियाशीलता, पैरामेडिकल स्टाफ की समुचित उपलब्धता की गहनता से परख कर ली जाए। कहीं भी किसी प्रकार की कमी न हो। अस्पतालों द्वारा अपने स्तर पर भी मॉकड्रिल किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सर्वाधिक कोविड वैक्सीनेशन करने वाला राज्य है। वर्तमान में प्रदेश में 11 लाख से अधिक डोज उपलब्ध है। मांग के अनुरूप वैक्सीन की पर्याप्त उपलब्धता के लिए भारत सरकार से सतत संपर्क बनाए रखा जाए। कोविड संक्रमण से बचाव में टीके की उपयोगिता स्वयंसिद्ध है। प्रीकॉशन डोज लगाए जाने के लिए लोगों को जागरूक किया जाए। इसमें तेजी की आवश्यकता है।

# मिशन 2024: पूरे साल बंगाल में 40 सभाएं करेंगे मोदी-शाह

**एजेंसी। कोलकाता**

अगले साल यानी वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारियों में भाजपा जुट गई है। खासकर पश्चिम बंगाल से सांसदों की संख्या में और अधिक बढ़ोतरी की जा सके, इसके लिए पार्टी ने अपने केंद्रीय नेतृत्व को एक बार फिर मैदान में उतारने की तैयारी कर ली है। इसी महीने से अगले साल मार्च में होने वाले लोकसभा चुनाव का बिगुल बंगाल में फूंक दिया जाएगा। प्रदेश भाजपा सूत्र ने बताया है कि इस महीने की 17 तारीख को एक बार फिर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बंगाल आ रहे हैं। उनकी दो जनसभाएं होंगी। पहली जनसभा दक्षिण 24 परगना के मथुरापुर और दूसरी जनसभा हुगली के आरामबाग में प्रस्तावित है। पार्टी सूत्र ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया है कि लोकसभा चुनाव की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए यह जनसभा प्रस्तावित की गई है। मथुरापुर में होने वाली अमित शाह की जनसभा में न केवल दक्षिण 24 परगना बल्कि उत्तर 24 परगना, कोलकाता और हावड़ा से भी बड़ी संख्या में लोगों का जमघट होगा। यहां अमित शाह 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए पहली जनसभा करेंगे।




## NEWS इन ब्रीफ

### भारत और पाकिस्तान दौरे से हटे मिल्ने

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज एडम मिल्ने पर्याप्त तैयारी नहीं कर पाने के कारण भारत और पाकिस्तान के सीमित ओवरों के दौरे से हट गए हैं। मिल्ने हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के बावजूद भारत के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में खेले थे, लेकिन इसके बाद वह दिसंबर में फोर्ड ट्रॉफी के दो मैचों में नहीं खेल पाए थे। आपसी सहमति से मिल्ने की जगह तेज गेंदबाज ब्लेयर टिकनर को टीम में शामिल करने का फैसला किया गया जो टेस्ट टीम के साथ अभी पाकिस्तान में हैं।

### मुझे पता था, मेरा समय आ गया है : शिवम मावी



**नयी दिल्ली।** पहली बार भारतीय टीम में शामिल होने से खुश तेज गेंदबाज शिवम मावी ने कहा कि वह 'भावुक' हो गए थे, लेकिन उन्हें पता था कि श्रीलंका के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए चुने जाने का समय आ गया है। मावी ने कहा कि जैसे ही मुझे अपने चयन के बारे में पता चला, एक सेकंड के लिए सब कुछ रुक गया। यह एक अद्भुत अहसास था। मैं भावुक था, लेकिन मुझे पता था कि मेरा समय आ गया है।

### ऋषभ पंत की हालत में हो रहा सुधार



**देहरादून।** क्रिकेटर ऋषभ पंत को हालत में सुधार के बाद मैक्स अस्पताल के आईसीयू से निजी वार्ड में स्थानांतरित कर दिया गया है। सूत्रों ने बताया कि रविवार शाम को उनकी हालत में सुधार होने पर उन्हें निजी वार्ड में स्थानांतरित कर दिया गया था, लेकिन उनके पैर में दर्द बरकरार है। उन्होंने कहा कि अभी तक एमआरआई की कोई योजना नहीं है। पंत उस समय बाल-बाल बच गए जब उनकी लक्जरी कार ने शुक्रवार को तड़के दिल्ली-देहरादून राजमार्ग पर सड़क के डिवाइडर से टकराने के बाद आग पकड़ ली थी।

### सचिन ने पुण्यतिथि पर कोच को किया याद



**मुंबई।** महान भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने अपने बचपन के कोच रमाकांत आचरेकर को उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर याद किया। तेंदुलकर के बचपन के कोच रहे आचरेकर का जन्म 1932 में हुआ था। तेंदुलकर ने कोच को याद करते हुए ट्विटर पर एक पोस्ट शेयर करते हुए 'अपने जीवन के द्रोणाचार्य' को श्रद्धांजलि देते हुए दिल को छू लेने वाली पोस्ट लिखी। तेंदुलकर ने ट्वीट किया, उन्होंने मुझे तकनीक, अनुशासन और सबसे महत्वपूर्ण खेल का सम्मान करना सिखाया। मैं हर दिन उनके बारे में सोचता हूं।

### विश्व कप के लिए उत्साहित : सुखजीत

**राउरकेला।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के फॉरवर्ड सुखजीत सिंह ने विश्व कप की तैयारियों के बीच सोमवार को कहा कि सभी खिलाड़ी टीम भावना से खेलने के पूरी तरह से तैयार है और वह पहले मैच में स्पेन से भिड़ने के लिए बेहद उत्साहित हैं। सुखजीत ने टीम शिविर में हॉकी इंडिया से बातचीत के दौरान कहा कि शिविर में सभी के बीच सच्ची टीम भावना है। हम सभी वास्तव में स्पेन के खिलाफ अपने पहले मैच में उतरने के लिए तैयार हैं। हर कोई सकारात्मक महसूस कर रहा है और एक-दूसरे का समर्थन कर रहा है। हमारे बीच एकता की वास्तविक भावना है जो है देखना रोमांचक है।

# हार्दिक की अगुवाई में 'मिशन 2024' की नींव रखने उतरेगी भारतीय टीम

**एजेंसी। मुंबई**

भारतीय टी-20 क्रिकेट टीम श्रीलंका के खिलाफ मंगलवार से यहां शुरू होनेवाली तीन मैचों की श्रृंखला में विराट कोहली, रोहित शर्मा और केएल राहुल के बिना नए पथ पर अग्रसर होगी जिसमें हार्दिक पंड्या टी-20 टीम के पूर्णकालिक कप्तान की अपनी पारी की दमदार शुरुआत करके मिशन-2024 के लिए मजबूत नींव रखने की कोशिश करेंगे।

भारतीय क्रिकेट प्रेमी हार्दिक की कप्तानी की झलक पहले ही देख चुके हैं जब उनके नेतृत्व में टीम ने न्यूजीलैंड में बारिश से प्रभावित टी-20 श्रृंखला में जीत दर्ज की थी। इस साल वनडे विश्व कप खेला जाना है और ऐसे में खेल का सबसे छोटा प्रारूप भारतीय टीम के लिए प्राथमिकता नहीं है लेकिन इससे हार्दिक को भविष्य के लिए विशेष रूप से 2024 में होने वाले टी-20 विश्वकप के लिए अपनी रणनीति तैयार करने में मदद मिलेगी।



भारत के चोटी के तीन बल्लेबाज रोहित, कोहली और राहुल टीम का हिस्सा नहीं है और उनके टी-20 में भविष्य को ध्यान में न रखते हुए भी टीम को उनके बिना आगे बढ़ने के लिए तैयार रहना चाहिए। भारतीय टीम की हाल में सबसे बड़ी समस्या यह रही है कि वह बेपरवाह क्रिकेट नहीं खेल पाई। भारत के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज खुलकर खेलने में नाकाम रहे जिसका खामियाजा टीम को टी-20 विश्वकप में भुगतना पड़ा। अगर टीम संयोजन की बात करें तो पिछले सप्ताह कार दुर्घटना में घायल होने वाले ऋषभ पंत ने न्यूजीलैंड में ईशान किशन के साथ पारी का आगाज किया था। पंत को हालांकि श्रीलंका के खिलाफ श्रृंखला के लिए टीम में नहीं चुना गया था जिससे पूरी संभावना है कि वानखेड़े स्टेडियम में होने वाले पहले टेस्ट मैच में किशन के साथ रुतुराज गायकवाड पारी की शुरूआत करेंगे। किशन और गायकवाड पिछले कुछ वर्षों से आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करते रहे हैं और यह उनके लिए टीम में अपने स्थान की चिंता किए बिना अपना कौशल दिखाने का वास्तविक मौका है।

अगला टी-20 विश्व कप 18 महीने बाद खेला जाना है और ऐसे में इन दोनों को पर्याप्त मौके मिलने की संभावना है हालांकि इस वर्ष 15 से भी कम टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले जाएंगे क्योंकि टीम प्रबंधन वनडे को अधिक प्राथमिकता देगा। अब तक टी-20 अंतरराष्ट्रीय में पदार्पण नहीं कर पाने वाले शुभमन गिल सलामी बल्लेबाज के रूप में हार्दिक के पास एक और विकल्प हैं। तीसरे नंबर पर विश्व के नंबर एक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव पर कप्तान भरोसा जता सकते हैं।

## टी-20 टीम में मावी मुकेश और त्रिपाठी जैसे यंग चेहरे

**मुंबई।** 3 जनवरी को टीम इंडिया 2023 का पहला मुकाबला खेलेगी। श्रीलंकाई टीम टी-20 और वनडे सीरीज के लिए भारत आ चुकी है। पहले टी-20 के लिए हार्दिक की कप्तानी में टीम में नए चेहरे हैं। सूर्यकुमार को पहली बार उप-कप्तान बनाया गया है। पहले टी-20 को युवाओं के टेस्ट के तौर पर भी देखा जा रहा है। इसे टी-20 वर्ल्ड कप 2024 की तैयारियों की शुरुआत भी कहा जा रहा है। टीम एक्सपेरिमेंट्स कर सकती है और नई रणनीति के साथ नजर आ सकती है। 2022 में टीम इंडिया ने 71 मैच खेले। 46 में जीत और 21 में हार मिली। 1 मैच टाई रहा जबकि 3 में नतीजा नहीं निकल सका। एक कैलेंडर ईयर में टीम इंडिया ने सबसे ज्यादा मुकाबले जीते हैं। साल के पहले टी-20 या कहें सीरीज के लिए टीम की लीडरशिप नई है। मैनेजमेंट ने साल के पहले प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी हार्दिक पंड्या को सौंपी है। सूर्यकुमार को उनका डेप्यूटी बनाया गया है। सूर्या पहली बार टीम इंडिया के उप कप्तान बने हैं।

# एक-दो नहीं, आठ क्रिकेटर हैं चोटिल



**एजेंसी। बेंगलुरु**

भारत और श्रीलंका के बीच तीन मैचों की टी-20 और तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली जाएगी जो तीन जनवरी से मुंबई में शुरू होगी। पहले टी-20 सीरीज खेली जाएगा जबकि बाद में वनडे सीरीज होगी। बीसीसीआई ने पहले ही टीम की घोषणा कर दी है और टी-20 की कप्तानी हार्दिक पांड्या और वनडे की कप्तानी रोहित शर्मा के हाथों में ही है। इस सीरीज को लेकर टीम इंडिया ने तैयारी भी शुरू कर दी है। लेकिन बड़ी बात यह है कि टीम इंडिया के एक दो नहीं बल्कि आधे से ज्यादा प्लेयर्स चोटिल हैं। इसमें हाल ही में कार दुर्घटना का शिकार हुए ऋषभ पंत के अलावा रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह और रविंद्र जडेजा जैसे बड़े नाम शामिल हैं।

**भारतीय क्रिकेटरों की लिस्ट जो वर्तमान में हैं चोटिल :-**

रोहित शर्मा (अंगुठे पर चोट)
जसप्रीत बुमराह (बैक इंजरी)
रविंद्र जडेजा (घुटने की चोट)
प्रसिद्ध कृष्णा (बैक इंजरी)
दीपक चाहर (हैमस्ट्रिंग)
ऋषभ पंत (एक्सीडेंट, लीगामेंट टीयर)
नवदीप सैनी (मसल स्ट्रैन)
मोहम्मद शमी (कंधे की इंजरी)

# बेटी को देख हौसला बढ़ा और जीत लिया गोल्ड

**एजेंसी। आगरा**

आगरा में दूसरी ऑल इंडिया क्रॉस्बो शूटिंग चैंम्पियनशिप का आयोजन किया गया था जिसमें पंजाब के पटियाला में रहनेवाले खिलाड़ियों का प्रदर्शन शानदार रहा और उन्होंने इस प्रतियोगिता में 8 मेडल अपने नाम किए जिसमें तीन गोल्ड भी शामिल थे। प्रतियोगिता में 200 से अधिक शूटरों ने भाग लिया था।

क्रॉस्बो शूटिंग चैम्पियनशिप में गोल्ड जीतने के बाद प्रियंका का खुशी का कोई ठिकाना नहीं था। प्रियंका पेशे से टीचर हैं। गोल्ड जीतने के बाद प्रियंका ने कहा, बेटी को देखकर शौंक पैदा हुआ, जबकि उनका एक दो साल का बेटा भी है। शूटिंग का शौंक पैदा होने पर सास ससुर से सहयोग भी मिला। पति और ससुर बेटे को संभालते हैं और मैं ट्रैनिंग करती हूं। कोच परवेज और सविता जोशी ने हौसला बढ़ाया तथा चैम्पियनशिप में भाग लेकर गोल्ड जीता।



## कौस्तुव चटर्जी बने भारत के 78वें ग्रैंडमास्टर


**नयी दिल्ली।** कोलकाता के 19 वर्षीय शतरंज खिलाड़ी कौस्तुव चटर्जी भारत के 78वें ग्रैंडमास्टर बन गये हैं। कौस्तुव पश्चिम बंगाल से आनेवाले 10वें ग्रैंडमास्टर भी हैं। कौस्तुव ने शनिवार को यहां एमपीएल राष्ट्रीय शतरंज चैम्पियनशिप के 10वें राउंड में ग्रैंडमास्टर मित्रभा गुहा के साथ ड्रॉ खेलकर ग्रैंडमास्टर बनने का आखिरी मानक पूरा किया। आयोजकों द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में इसकी जानकारी दी गयी। किसी शतरंज खिलाड़ी को ग्रैंडमास्टर बनने के लिये कम से कम 2500 फिडे रेटिंग हासिल करनी होती है। साथ ही उसे कम के कम तीन 'ग्रैंडमास्टर नॉर्म' अपने हित में करने होते हैं।

# फील्डर ने बाउंड्री के तीन मीटर बाहर पकड़ा कैच, आउट देने पर उठा विवाद

**फील्डर ने दो बार बॉल को हवा में उछाला, तीसरी बार में पकड़ा कैच**

**एजेंसी। ब्रिसबेन**

ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग में नए साल के पहले ही दिन एक कैच पर कॉन्ट्रोवर्सी हो गई। ब्रिसबेन हीट और सिडनी सिक्सर्स के बीच मैच हुआ। 19वें ओवर की दूसरी बॉल पर सिक्सर्स टीम के जॉर्डन सिल्क ने एक्स्ट्रा कवर की ओर हवा में शॉट खेला। जहां हीट टीम के माइकल नेसर ने 3 प्रयास में अद्भुत कैच पकड़ लिया। इसी कैच पर अब कॉन्टोवर्सी होने लगी है। नेसर ने बाउंड्री के अंदर बॉल को पकड़ा और बॉल को हवा में पहले उछाल दिया। बॉल बाउंड्री के बाहर गई। नेसर करीब 2-3 मीटर बाउंड्री के बाहर गए और हवा में उछलते हुए बॉल को दूसरी बार उछाल कर ग्राउंड के अंदर पहुंचा दिया। फिर वापस बाउंड्री के अंदर गए और कैच पूरा कर लिया। अंपायर ने सिल्क को आउट दिया और उनकी टीम मैच हार गई।



इस कैच के बाद क्रिकेट एक्सपर्ट्स भी कन्फ्यूज हो गए। कई एक्सपर्ट बोले कि एक बार बाउंड्री के बाहर जाने के बाद फील्डर कैच ले तो उसे लीगल नहीं मानना चाहिए। वहीं, कइयों ने इस कैच को लीगल माना।

# फोर्ब्स : कमाऊ महिला एथलीट्स की लिस्ट में पीवी सिंधु 12वें स्थान पर



**एजेंसी। नयी दिल्ली**

फोर्ब्स के अनुसार भारतीय स्टार बैडमिंटन प्लेयर पीवी सिंधु 2022 में दुनिया की 12वीं सबसे ज्यादा कमाई करनेवाली महिला एथलीट थीं। अमरीकी व्यापार पत्रिका द्वारा जारी शीर्ष 25 महिला एथलीटों की सूची में 27 वर्षीय एकमात्र बैडमिंटन खिलाड़ी और एकमात्र भारतीय थीं। विश्व नंबर-6 ने राष्ट्रमंडल खेलों में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतने से पहले जनवरी में लखनऊ में सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल, मार्च में स्विस ओपन और जुलाई में सिंगापुर ओपन जीता था। फोर्ब्स द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक सिंधु की साल में कुल कमाई 7.1 मिलियन डॉलर (59 करोड़ रुपए) थी। ऐसा पहली बार हुआ है जब 8 महिला एथलीटों ने 10 मिलियन डॉलर से ज्यादा कमाई की है। सिंधु ने ज्यादा कमाई विज्ञापनों से की है।

# ड्वेन कॉनवे ने जड़ा साल 2023 का पहला शतक

**पाक गेंदबाजों की जमकर की पिटाई**

**एजेंसी। कराची**

कराची के मैदान पर साल 2023 का पहला शतक आ गया है। पाकिस्तान के खिलाफ खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन न्यूजीलैंड की ओर से पहले खेलते हुए पहली पारी में ड्वेन कॉनवे ने शतक जड़ दिया है। फ्लैट पिच पर बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड ने ठोस शुरुआत की थी। ओपनर टॉम लैथम और ड्वेन कॉनवे ने पहले विकेट लिए 35 ओवरों में ही 134 रन जोड़ दिए। लैथम 100 गेंदों में 9 चौकों की मदद से 71 रन बनाने में सफल रहे। वहीं, लैथम के जोड़ीदार ड्वेन कॉनवे ने विकेट के चारों ओर शॉट लगाए और टीम का स्कोर 200 से ऊपर ले गए। कॉनवे ने 191 गेंदों में 16 चौके और एक छक्के की मदद से 122 रन बनाए। वह जब आऊट हुए तो न्यूजीलैंड 62.2 ओवर मे 234 तक पहुंच चुकी थी। उनका केन विलियमसन ने साथ दिया जोकि 36 रन बनाकर आऊट हो गए। बता दें कि ड्वेन कॉनवे का यह 12वें टेस्ट में चौथा शतक है। वह 21 पारियों में 1100 से ज्यादा रन बना चुके हैं। उनका औसत 50 से भी ऊपर है। इसी तरह 12 वनडे में उनके नाम पर 425 रन दर्ज हैं तो 35 टी-20 में वह 1170 रन बना चुके हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 99 है।




**दोनों टीमों की प्लेइंग-11**

**न्यूजीलैंड :** टॉम लैथम, डेवोन कॉनवे, केन विलियमसन, हेनरी निकोल्स, डेरिल मिशेल, टॉम ब्लंडेल (विकेटकीपर), माइकल ब्रेसवेल, ईश सोढ़ी, टिम साउथी (कप्तान), मैट हेनरी, एजाज पटेल।

**पाकिस्तान :** अब्दुल्ला शफीक, इमाम-उल-हक, शान मसूद, बाबर आजम (कप्तान), सऊद शकील, सरफराज अहमद (विकेटकीपर), आगा सलमान, हसन अली, नसीम शाह, मीर हमजा, अबरार अहमद।

**रिहैबिलिटेशन** मेडिकल स्टाफ की निगरानी में शुरू किया पुनर्वास

# शाहीन शाह अफरीदी जल्द करेंगे वापसी

**एजेंसी। कराची**

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी सोमवार से कराची में राष्ट्रीय पुरुष टीम के मेडिकल स्टाफ के तहत अपना रिहैबिलिटेशन फिर से शुरू करेंगे। शाहीन नवम्बर 2022 में मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में इंग्लैंड के खिलाफ पुरुष टी-20 विश्व कप फाइनल के बाद से खेल से बाहर हैं, जहां मैच के अहम समय पर हैरी ब्रूक का कैच लेते समय उन्हें घुटने में चोट लग गई थी।

पाकिस्तान बाकी मैच के लिए अपने स्ट्राइक गेंदबाज से चूक गया जिसने फाइनल में केवल 2.1 ओवर फेंके। घुटने की चोट और फिर एक एपेन्डेक्टॉमी सर्जरी के कारण शाहीन घर में इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के खिलाफ पाकिस्तान के टेस्ट में चूक गए थे। पीसीबी ने कहा कि शाहीन को शीर्ष स्तर की देखभाल प्रदान करते हुए, इस कदम से चिकित्सा कर्मचारियों को उसकी प्रगति को ट्रैक करने और उसकी सुचारू वापसी के लिए मार्ग प्रशस्त करने में मदद मिलेगी। शाहीन इससे पहले घुटने की चोट के कारण 2022 में इंग्लैंड के खिलाफ एशिया कप और पाकिस्तान के 7 टी-20 मैचों में नहीं खेल पाए थे। पीसीबी ने यह भी कहा कि पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी की अध्यक्षता वाली अंतरिम चयन समिति और पाकिस्तान टीम प्रबंधन ने दाएं हाथ के तेज गेंदबाज हारिस रऊफ को टीम के मेडिकल स्टाफ द्वारा जांच के लिए आमंत्रित किया है ताकि तीन वनडे मैचों के लिए उनकी उपलब्धता पर फैसला किया जा सके।



न्यूजीलैंड अगले हफ्ते कराची में सीरीज खेलने वाले है। रऊफ रावलपिंडी में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट पदार्पण पर अपने दाहिने क्वाड में ग्रेड दो स्ट्रेन से पीड़ित होने के बाद से बाहर हैं और लाहौर में राष्ट्रीय उच्च प्रदर्शन केंद्र में पुनर्वास कर रहे थे। तीन वनडे 9, 11 और 13 जनवरी को कराची के नेशनल बैंक क्रिकेट एरिना में खेले जाएंगे। दौरे के समापन के बाद न्यूजीलैंड 18 जनवरी से 1 फरवरी तक तीन वनडे और इतने ही टी20 मैचों के दौरे के लिए भारत की यात्रा करेगा।



NEWS इन ब्रीफ

### साल 2023 में दुनिया का हर तीसरा आदमी होगा मंदी का शिकार

**नयी दिल्ली।** आईएमएफ प्रमुख ने आगे चेतावनी दी कि दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी चीन को 2023 तक एक कठिन शुरूआत का सामना करना पड़ेगा। इस जीरो-कोविड पॉलिसी के कारण चीन 2022 में नाटकीय रूप से काफी स्लो हो गया है। 40 वर्षों में पहली बार 2022 में चीन की की ग्रोथ ग्लोबल इकोनॉमी के औसत से नीचे रहने की संभावना है। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि अगले कुछ महीने चीन के लिए कठिन होंगे और चीनी विकास पर प्रभाव नकारात्मक होगा, क्षेत्र पर प्रभाव नकारात्मक होगा, वैश्विक विकास पर प्रभाव नकारात्मक होगा।

### बिहार से लेकर दिल्ली तक कीमतों में लगी आग

नयी दिल्ली। सर्दी का मौसम आते ही अंडे की कीमतों में आग लगनी शुरू हो गई है। दिल्ली और आस-पास में क्षेत्रों में अंडे के दाम तकरीबन एक से ढाई रुपए तक बढ़ गए हैं। एक अंडे की खुदरा कीमत 8 रुपए से लेकर 8 रुपए 50 पैसे तक पहुंच चुकी है। वहीं नोएडा की बात करें तो नोएडा में भी 8 रुपए से अधिक की कीमत पर ही एक अंडा मिल रहा है। अब चलते हैं थोक बाजार में नेशनल एग्ग कोऑर्डिनेशन कमेटी की रिपोर्ट के मुताबिक थोक बाजार में अंडे की कीमत 525 रुपए से लेकर रुपए 610 प्रति सैकड़ा के हिसाब से चल रहा है।

### टाटा समूह बना देश का सबसे बड़ा बिजनेस ग्रुप

**नयी दिल्ली।** अडानी समूह ने भले ही तेज रफ्तार से 2022 में निवेशकों को पैसा बनाकर दिया हो लेकिन देश की सबसे पुरानी और दिग्गज औद्योगिक समूह टाटा ग्रुप मार्केट कैपिटलाइजेशन के लिहाज से देश की सबसे बड़ी समूह रही है। टाटा समूह की शेयर बाजार में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन 21.2 लाख करोड़ रुपये रहा है। जबकि अडानी समूह दूसरे स्थान पर रहा है और उसका मार्केट कैप 2022 में 19.66 लाख करोड़ रुपये रहा है।

## डॉलर के दाम बढ़ने के साथ ही क्रिप्टोकरेंसी के दामों में आई गिरावट

# भारत में चढ़े बिटकॉइन-इथेरियम के दाम

**एजेंसी। मुंबई**




क्रिप्टोकरेंसी के बाजार में सोमवार को ज्यादा तेजी नहीं देखी जा रही है और इसका मार्केट कैप 1 खरब डॉलर से काफी नीचे आ ही आ चुका है। कॉइनगीको के मुताबिक पिछले 24 घंटे में क्रिप्टकरेंसी का मार्केट कैप 828 करोड़ डॉलर पर आ गया है। आज के क्रिप्टकरेंसी के बाजार को देखें तो बिटकॉइन में पॉजिटिव रुझान तो है पर ये अधिक उछाल नहीं दिखा रहा है। बिटकॉइन के दाम 16,566 के लेवल पर आ गए हैं। अन्य क्रिप्टोकरेंसी के दाम देखें तो इसमें मिलाजुला कारोबार देखा जा रहा है। टीथर, स्टैलर, एक्सआरपी, कारडनो, लाइटकॉइन, पोल्काडॉट, यूनिस्वैप, सोलाना, एवलैंश, पॉलीगन, एपकॉइन और चेनलिंक के ग्लोबल दाम में गिरावट ही दर्ज की जा रही है। साल 2022 में क्रिप्टोकरेंसी के दाम में जोरदार गिरावट देखी गई और इसके पीछे मुख्य कारण रहा कि दुनियाभर में बढ़ती महंगाई को काबू में करने के लिए अमेरिका के फेडरल रिजर्व सहित कई केंद्रीय बैंकों ने अपनी ब्याज दरों में इजाफा कर दिया है और इसके कारण डॉलर की कीमतों में भी तेजी देखी गई है। डॉलर के दाम बढ़ने के साथ ही क्रिप्टोकरेंसी के दामों में गिरावट देखने को मिली है। बीते साल क्रिप्टोकरेंसी के दाम में काफी ज्यादा गिरावट रही है। भारत में आज क्रिप्टोकरेंसी के दाम देखें तो इनमें उतार-चढ़ाव के साथ कारोबार देखा जा रहा है। बिटकॉइन के दाम आज 1,375,571। 51 रुपये प्रति कॉइन पर हैं और इसमें 24 घंटे में 0। 74 फीसदी की तेजी देखी जा रही है। इथेरियम में आज 99,168। 26 रुपये पर कारोबार देखा जा रहा है औ एक दिन में इसके दाम 0। 63 फीसदी की तेजी के साथ दिखाई दे रहे हैं। टीथर में आज 82। 59 रुपये प्रति कॉइन पर कारोबार देखा जा रहा है। इठइ और कारडनो के दाम में गिरावट देखी जा रही है।

## नाबालिग भी पैन कार्ड के लिए कर सकते हैं अप्लाई

**नयी दिल्ली।** अगर आप अपने बच्चे के नाम से निवेश कर रहे हैं या नॉमिनी बनाना चाहते हैं तो पैन कार्ड की आवश्यकता होगी। आइए जानते हैं नाबालिग का पैन कार्ड कैसे बनता है। परमानेंट अकाउंट नंबर कार्ड आधार की तरह ही पहचान और एड्रेस प्रूफ में काम आता है। पैन कार्ड में आपके सभी वित्तीय स्थिति के बारे में जानकारी होती है। यह 10 अंकों का अल्फान्यूमेरिक नंबर होता है। पैन कार्ड का काम पहचान पत्र के अलावा टैक्स भरने, आईटीआर भरने और टीडीएस क्लेम करने के लिए भी किया जाता है। सभी टैक्सपेयर्स, बिजनेस, संगठन और लोकल गर्वनमेंट के लिए पैन कार्ड अनिवार्य होता है। अगर किसी के पास पैन कार्ड नहीं है तो काम रुक सकता है। ऐसी स्थिति में पैन कार्ड बनवाना जरूरी होता है। मान लीजिए अगर कोई नाबालिग 15 हजार रुपये से ज्यादा हर महीने कमाता है तो वह आईटीआर के लिए क्लेम कर सकता है। इनकम टैक्स रिटर्न तभी भरा जा सकता है जब पैन कार्ड आपके पास हो।

## रतन टाटा के बेहद करीबी का निधन, वर्षों किया साथ काम

**एजेंसी। मुंबई**



रतन टाटा के करीबी और समूह में कई महत्वपूर्ण पदों पर रहे आर. कृष्णकुमार का रविवार शाम निधन हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। केरल में जन्मे कृष्णकुमार ने समूह में कई पदों पर काम किया था, जिसमें इसकी आतिथ्य शाखा इंडियन होटल्स' के प्रमुख का पद भी शामिल था। वह 84 वर्ष के थे। अधिकारियों ने कहा कि पद्मश्री' से सम्मानित कृष्णकुमार को रविवार को (देश की) आर्थिक राजधानी मुंबई स्थित उनके घर पर दिल का दौरा पड़ा। अपने सहयोगी को याद करते हुए रतन टाटा ने कहा, मेरे दोस्त और सहयोगी श्री आर के कृष्णकुमार के निधन पर मुझे जो दुख हुआ है, उसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है। समूह के भीतर और व्यक्तिगत रूप से हमने जो सौहार्दपूर्ण रिश्ते साझा किए, वो हमेशा मुझे याद रहेंगे। वह टाटा समूह के सच्चे सिपाही थे। टाटा समूह और टाटा ट्रस्ट के वफादार हमेशा सभी को बहुत याद आएंगे। टाटा संस के वर्तमान अध्यक्ष एन चंद्रशेखरन ने भी टाटा समूह में कृष्णकुमार के विशाल योगदान'' को याद करते हुए शोक व्यक्त किया। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने ट्वीट किया कि थलास्सेरी में जन्मे कृष्णकुमार ने राज्य के साथ समूह के संबंधों को मजबूत करने में मदद की। मुख्यमंत्री ने उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

## भारत में एप्पल दे सकता है डेढ़ लाख लोगों को जॉब

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

सरकारी अधिकारियों ने कहा कि अगस्त 2021 में स्मार्टफोन उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना लागू होने के बाद से एप्पल के फॉक्सकॉन बेट्रॉन और पीजाट्रॉन ने मिलकर भारत में लगभग 50,000 डायरेक्ट जॉब्स सृजित किए हैं। उन्होंने कंपनियों द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि डायरेक्ट जॉब्स के अलावा, देश में ऐप्पल मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम द्वारा लगभग 100,000 इनडायरेक्ट जॉब्स भी बनाई जा सकती हैं। कॉन्ट्रैक्ट मनीफैक्चर और कॉम्पोनेंट सप्लायर भारत में अनुबंध निर्माता हैं। घटक आपूर्तिकर्ताओं में सनवोडा, एवरी, फॉक्सलिंक और सालकॉम्प शामिल हैं। पीएलआई योजना के तहत, प्रत्येक लाभार्थी को इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को तिमाही आधार पर नौकरी डाटा जमा करना होता है। अधिकारियों ने कहा कि सैमसंग, जो पीएलआई योजना का लाभार्थी भी है, नोएडा यूनिट्स में 11,500 से अधिक लोगों को रोजगार देता है। विशेषज्ञों का मानना है कि ऐप्पल, अपने अनुबंध निमार्ताओं के माध्यम से, भारत के तेजी से बढ़ते इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर में ब्लू-कॉलर नौकरियों का सबसे बड़ा प्रोवाइडर बन सकता है। सरकारी अधिकारियों ने कहा कि तीन एप्पल अनुबंध निमार्ताओं द्वारा बनाई गई नौकरियों में फॉक्सकॉन का 40 फीसदी से अधिक का योगदान है जबकि फॉक्सकॉन और पेगाट्रॉन की सुविधाएं तमिलनाडु में हैं, विस्ट्रॉन कर्नाटक में स्थित है। अधिकारियों ने कहा कि कंपोनेंट और मॉड्यूल प्रोवाइडर्स द्वारा कुछ हजार डायरेक्ट जॉब्स जोड़ी गई हैं, जिन्होंने पिछले 17 महीनों में ऐप्पल आईफोन सप्लाई चेन के लिए क्षमता का विस्तार किया है।

## श्रीराम फाइनेंस के एफडी पर मिल रहा है 9.36 फीसदी का ब्याज

**नयी दिल्ली।** नए साल में अगर आप फिक्स्ड डिपॉजिट पर जबरदस्त ब्याज पाना चाहते हैं, तो श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड बड़ा मौका दे रहा है। भारत के सबसे बड़े रिटेल एनबीएफसी में से एक श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड ने फिक्स्ड डिपॉजिट पर मिलने वाली ब्याज दरों में इजाफा किया है। इस एनबीएफसी ने फिक्स्ड डिपॉजिट की ब्याज में 5 से 10 बेसिस प्वाइंट का इजाफा किया है। नई ब्याज दरें एक जनवरी से लागू हो गई हैं। ग्राहक फिक्स्ड डिपॉजिट पर 9.36 फीसदी की दर से ब्याज हासिल कर सकते हैं। हालांकि, इसके लिए श्री राम फाइनेंस ने कुछ शर्तें तय की हैं। श्रीराम फाइनेंस ने 12 महीनों में मैच्योर होने वाली ऋऌ की ब्याज दरों में 30 बेसिस प्वाइंट का इजाफा किया है। इसलिए अब ब्याज दरें 7 फीसदी से बढ़कर 7.30 फीसदी हो गई हैं।

# 16 महीने के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंची बेरोजगारी

**एजेंसी। नयी दिल्ली**



देश में बेरोजगारी की दर दिसंबर 2022 में बढ़कर 8.30 प्रतिशत पर पहुंच गई। यह 16 महीने में सबसे ज्यादा है। इससे पहले अगस्त 2021 में बेरोजगारी दर 8.32 प्रतिशत थी। दिसंबर 2021 में यह 7.91 प्रतिशत और नवंबर-22 में 8 प्रतिशत थी। बेरोजगारी दर में बढ़ोतरी मुख्य रूप से शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी बढ़ने से हुई है। दिसंबर में शहरी क्षेत्र में बेरोजगारी दर 10.09 प्रतिशत पर पहुंच गई। यह नवंबर में 8.96 प्रतिशत थी। वहीं, ग्रामीण क्षेत्र की बेरोजगारी दर मामूली घटी है। यह दिसंबर में 7.44 प्रतिशत रही, जो नवंबर में 7.55 प्रतिशत थी। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी के एमडी महेश व्यास ने कहा कि बेरोजगारी दर में वृद्धि उतनी बुरी नहीं, जितनी आगे दिख सकती है। बीते महीनों में श्रम भागीदारी की दर में बढ़ोतरी देखी गई है। यह दिसंबर में बढ़कर 40.48 प्रतिशत पर पहुंच गई, जो 12 महीनों में सबसे ज्यादा है। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि दिसंबर में रोजगार दर बढ़कर 37.1 प्रतिशत हो गई, जो जनवरी 2022 के बाद से सबसे अधिक है। आगामी महीनों में महंगाई रोकना और लाखों युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करना सरकार के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। ठरड द्वारा नवंबर में आंकड़ों के अनुसार, जुलाई-सितंबर में बेरोजगारी की दर घटकर 7.2 प्रतिशत रह गई थी। यह इससे पिछली अप्रैल-जून तिमाही में 7.6 प्रतिशत के स्तर पर थी। दिसंबर में बेरोजगारी दर 7.6 प्रतिशत रहने का मतलब यह है कि काम करने को तैयार हर 1000 वर्कर में से 76 को काम नहीं मिल पाया।

### इकोनॉमी की हेल्थ को दर्शाता है बेरोजगारी दर

सीएमआईई के मुताबिक भारतीय अर्थव्यवस्था की सेहत को बेरोजगारी दर सही तरह से दशार्ती है, क्योंकि यह देश की कुल जनसंख्या में कितने बेरोजगार हैं, इसको बताती है। थिंक टैंक को उम्मीद है कि रबी फसल की बुआई की शुरूआत में तेजी देखने को मिल सकती है। इसका मतलब है कि चालू वित्त वर्ष में एग्री सेक्टर एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करेगा।

सीएमआईई हर महीने 15 से अधिक उम्र के लोगों का घर-घर जाकर सर्वे करता है और उनसे रोजगार की स्थिति की जानकारी लेता है। इसके बाद जो परिणाम मिलते हैं उनसे रिपोर्ट तैयार की जाती है।

## पेज एक का शेष

### नोटबंदी सही...

ठहराया जा सकता, क्योंकि प्रस्ताव केंद्र सरकार से आया था। उन्होंने कहा कि आर्थिक नीति के मामलों में बहुत संयम बरतना होगा। न्यायालय अपने विवेक से कार्यपालिका के विवेक का स्थान नहीं ले सकता।

**जस्टिस नागरत्ना की असहमति :** इस फैसले से सिर्फ जस्टिस बीवी नागरत्ना ने असहमति जताई है। जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि केंद्र सरकार को नोटबंदी की प्रक्रिया नहीं करनी चाहिए थी। केंद्र सरकार के इशारे पर नोटबंदी कहीं अधिक गंभीर मुद्दा है, जिसका अर्थव्यवस्था और नागरिकों पर प्रभाव पड़ता है। अधिसूचना के बजाय कानून के माध्यम से केंद्र की अपार शक्ति का प्रयोग किया जा सकता है। नागरत्ना ने कहा कि केंद्र सरकार के कहने पर सभी सीरीज नोट को प्रचलन से बाहर कर दिया जाना काफी गंभीर विषय है। आरबीआई द्वारा दिए गए रिकॉर्ड से ये साफ होता है कि रिजर्व बैंक द्वारा स्वायत्त रूप से कोई फैसला नहीं लिया गया बल्कि सबकुछ केन्द्र सरकार की इच्छा के मुताबिक हुआ। नोटबंदी करने का फैसला सिर्फ 24 घंटे में ले लिया गया। केंद्र सरकार के प्रस्ताव पर रिजर्व बैंक द्वारा दी गई सलाह को कानून के मुताबिक दी गई सिफारिश नही मानी जा सकती। कानून में आरबीआई को दी गई शक्तियों के मुताबिक किसी भी करेंसी के सभी सीरीज को बैन नही किया जा सकता क्योंकि सेक्शन 26(2)के तहत किसी भी सीरीज का मतलब सभी सीरीज नहीं है।

### नोटबंदी पर सटीक...

नोटों को बदलवाने के लिए लोगों को हफ्तों तक परेशान होना पड़ा था। बाद में 500 और 2000 के नये नोट जारी किए गए थे। एक तरफ लोग अपने पुराने नोटों को जमा करने के लिए परेशान हो रहे थे तो वहीं दूसरी तरफ लोगों को हर रोज की जरूरत की चीजों के लिए पैसों की किल्लत हो गई थी। चाहे बैंक हों या फिर एटीएम, लंबी-लंबी लाइनें लग रही थीं। ठिठुराती सर्द रातों में भी लोग लाइनों में इंतजार कर रहे थे। पैसे के बिना इलाज नहीं होने, शादियां टूटने जैसी दिक्कतें आई थीं। लाइनों में लोगों के मरने की खबरें भी आई थीं। तो सवाल है कि ये सब कष्ट झेलने के बाद भी क्या नोटबंदी के मकसद को हासिल किया जा सका? 8 नवम्बर 2016 को रात आठ बजे प्रधानमंत्री मोदी ने नोटबंदी की घोषणा करते हुए कहा था, 'भ्रष्टाचार, काले धन और जाली नोट के कारोबार में लिप्त देश विरोधी और समाज विरोधी तत्वों के पास मौजूद 500 एवं 1,000 रुपये के पुराने नोट अब केवल कागज के एक टुकड़े के समान रह जायेंगे। ऐसे नागरिक जो संपत्ति, मेहनत और ईमानदारी से कमा रहे हैं, उनके हितों की और उनके हक की पूरी रक्षा की जायेगी। हमारा यह कदम देश में भ्रष्टाचार, काला धन एवं जाली नोट के खिलाफ हम जो लड़ाई लड़ रहे हैं, सामान्य नागरिक जो लड़ाई लड़ रहा है, उसको इससे ताकत मिलने वाली है। नोटबंदी लागू होने के बाद जब संसद में इस मुद्दे पर बहस हो रही थी। तब मनमोहन सिंह ने सरकार को इसको लेकर चेताया था। उन्होंने कहा था कि नोटबंदी भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए खतरा है। उन्होंने आगाह किया था कि इससे अर्थव्यवस्था कमजोर हो सकती है, वहीं जीडीपी में 2 फीसदी की गिरावट आ सकती है। मनमोहन सिंह की भविष्यवाणी 2017 में ही सच साबित हो गई थी! 2017 के जून में खत्म हुई तिमाही के दौरान देश की जीडीपी की वृद्धि दर में गिरावट दर्ज की गई थी। जीडीपी का आंकड़ा गिरकर 5.7 फीसद पर आ गया था, जबकि वित्त वर्ष 2016-17 की पहली तिमाही के दौरान जीडीपी की रफ्तार 7.9 फीसदी थी। यानी यह गिरावट करीब दो फीसदी की रही थी। हालांकि, 2019 में वह विकास दर करीब 8 प्रतिशत से गिर कर 5 प्रतिशत के करीब हो गयी थी। 2019 में ऐसी खबरें आई थीं कि बड़ी संख्या में लोग बेरोजगार हुए। अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर ससटेनेबल इम्पलॉयमेंट की ओर से जारी 'स्टेट ऑफ वर्किंग इंडिया 2019' रिपोर्ट में दावा किया गया था कि नोटबंदी के बाद दो साल में 50 लाख लोग बेरोजगार हो गए थे। रिपोर्ट में कहा गया था कि देश में बेरोजगारी की दर 2018 में बढ़कर सबसे ज्यादा 6 प्रतिशत हो गई थी। तब यह भी रिपोर्ट आई थी कि देश में बेरोजगारी की दर 45 साल में सबसे ज्यादा हो गई थी। बाद में इन सब पर जल्दबाजी में लागू किए गए जीएसटी का भी असर पड़ा। 2020 के बाद भी आर्थिक मोर्चे पर देश की हालत खराब ही रही, लेकिन तब कोरोना और फिर लॉकडाउन को इसके लिए दोष दिया जाने लगा। दोष कुछ भी लगाया जाए, आंकड़े हालात साफ-साफ बयां कर रहे हैं।

### डायरेक्ट टैक्स देने...

दूसरी गैरकानूनी गतिविधियां बढ़ती हैं। टैक्स बचाने के लिए ही लोग इस पैसे की जानकारी छुपाते थे। अनुमान ये था कि जिनके पास बड़ी संख्या में गैरकानूनी ढंग से जुटाए गए नकदी हैं उनके लिए इसे कानूनी तौर पर बदलवा पाना संभव नहीं होगा। भारतीय रिजर्व बैंक की अगस्त, 2018 में प्रकाशित एक रिपोर्ट के मुताबिक बैन किए नोटों का 99 फीसदी हिस्सा बैंकों के पास लौट आया है। इस रिपोर्ट पर लोग चौंके भी और इसके बाद नोटबंदी की आलोचना भी तेज हुई। इससे ये संकेत मिला कि लोगों के पास जिस गैर कानूनी संपत्ति की बात कही जा रही थी, वो सच नहीं था और अगर सच था तो लोगों ने अपनी गैरकानूनी संपत्ति को कानूनी बनाने का रास्ता निकाल लिया।

**क्या ज्यादा टैक्स संग्रह किया गया :** 2017 की एक आधिकारिक सरकारी रिपोर्ट के मुताबिक, नोटबंदी के फैसले के बाद टैक्स संग्रह की स्थिति बेहतर हुई क्योंकि टैक्स जमा करानेवालों की संख्या बढ़ी है। वास्तविकता यह है कि नोटबंदी के फैसले से दो साल पहले कर संग्रह की वृद्धि दर ईकाई अंकों में थी। लेकिन 2016-17 में प्रत्यक्ष कर संग्रह में पिछले साल की तुलना में 14.5 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। इसके अगले साल कर संग्रह में 18 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। भारतीय आयकर विभाग ने प्रत्यक्ष कर संग्रह में वृद्धि की वजह नोटबंदी को बताया है। इस फैसले के चलते अधिकारी कर चुकाने लायक संपत्तिधारकों की पहचान कर सके और उन्हें कर भुगतान के दायरे में लाने में कामयाब हुए। हालांकि 2008-09 और 2010-11 के दौरान भी प्रत्यक्ष कर संग्रह में इसी तरह की वृद्धि देखने को मिली थी, तब कांग्रेस नेतृत्व वाली यूपीए सरकार सत्ता में थी। ऐसे में कुछ विश्लेषणों से जाहिर होता है कि सरकार की कुछ दूसरी नीतियों-मसलन 2016 में आयकर माफी और इसके अगले साल नयी गुड्स एंड सर्विस टैक्स (जीएसटी) लागू करना भी नोटबंदी की तरह कर संग्रह वृद्धि में सहायक साबित हुआ।

एक सवाल यह भी है कि क्या नोटबंदी से जाली नोटों पर अंकुश लग पाया? भारतीय रिजर्व बैंक के मुताबिक, ऐसा नहीं हुआ है। नोटबंदी के फैसले के बाद तब के पिछले साल की तुलना में 500 और 1000 रुपए के जाली नोट कहीं ज्यादा संख्या में बरामद हुए। पहले भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से कहा गया था कि बाजार में पांच सौ और दो हजार रुपये के नए नोट जारी किए गए हैं, उनकी नकल कर पाना मुश्किल होगा, लेकिन भारतीय स्टेट बैंक के अर्थशास्त्रियों के मुताबिक इन नोटों का भी नकल संभव है और नए नोटों की नकल किए गए जाली नोट बरामद भी हुए हैं।

नोटबंदी के फैसले के बाद, भारतीय अर्थव्यवस्था डिजिटल होने की ओर जरूर अग्रसर हुई, लेकिन भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़े इस बात की ठोस तस्दीक नहीं करते। लंबे समय से कैशलेस पेमेंट में धीरे-धीरे बढ़ोत्तरी देखने को मिल रही थी, लेकिन 2016 के अंत में जब नोटबंदी का फैसला लिया गया था तब इसमें एक उछाल देखने को मिला था। यह बात दीगर है कि 2023 में कैशलेस पेमेंट में भारत के सामने दुनिया भी मुल्क टिक नहीं सकता। समय के साथ कैशलेस पेमेंट में बढ़ोत्तरी की वजह नोटबंदी कम है और आधुनिक तकनीक और कैशलेस पेमेंट की बेहतर होती सुविधा ज्यादा है। इसके अलावा, नोटबंदी के समय भारतीय अर्थव्यवस्था में नकदी नोटों का मूल्य कम हो गया था। इसका असर भारतीय मुद्रा और जीडीपी के अनुपात पर भी देखने को मिला। यह एक तरह से चलन में रहने वाली मुद्राओं के कुल मूल्य और पूरी अर्थव्यवस्था का अनुपात होता है। जब 500 और 1000 रुपये के नोट हटाए गए थे, तब ये अनुपात तेजी से कम हो गया था लेकिन एक साल के अंदर ही चलन में आई मुद्राओं के चलते 2016 से पहले का आनुपातिक स्तर हासिल हो गया।

### सपरिवार रजरप्पा पहुंचे...

सपरिवार मां छिन्नमस्तिका की चरणों में मत्था टेकने आया हूं। माता रानी की कृपा और आशीर्वाद सदैव हमारे परिवार पर रही है। नए वर्ष 2023 की शुरुआत हो चुकी है। मैं आज यहां मां छिन्नमस्तिका से राज्यवासियों के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि, अमन-चैन और खुशहाली आए, इसकी प्रार्थना की है। मौके पर मुख्यमंत्री ने सभी को नए साल की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मौके पर जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा मुख्यमंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस अवसर पर रामगढ़ उपायुक्त माधुरी मिश्रा, पुलिस अधीक्षक रामगढ़ पीयूष पांडेय, उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### 33 पुलिसकर्मियों को...

विक्रांत मिंज, रांची डीआईजी अनीश गुप्ता, जैप-7 डीएसपी राजकुमार मेहता, विशेष शाखा के डीएसपी दीपक कुमार शर्मा, बोकारो मुख्यालय डीएसपी मुकेश कुमार, लोहरदगा अभियान एएसपी दीपक कुमार पांडेय, रांजी जिला बल के एसआई मो. अरशद खान, जगुआर के एसआई सुदामा सिंह, सुखराम उरांव, मुकुंद बानरा, अन्सलेम फ्रांसिस सोय, बिहारी मरांडी, ईश्वरी सिंह, पलामू जिला बल के एएसआई सुबोध कुमार, गढ़वा जिला बल के विनय कुमार पांडेय, जगुआर के बंधना उरांव, गढ़वा जिला बल के हवलदार ईसहाक डोडराय, जगुआर के हवलदार प्रशांत कुमार महतो, रामाशंकर कुमार, अमित गुरूंग, एमानुएल टुडू, सिमडेगा जिला बली के जारका कोरवा, गुमला के धर्मेंद्र कुमार, खूंटी जिला बल के दुर्गा उरांव, कुंवर मुंडा, बोकारो जिला बल के अंजय कुमार सिंह, चतरा के भूषण शर्मा, जैप-10 के अंजुला कुजूर, अनूपा कुमारी और जैप-1 के सूर्य बहादुर धर्ती को मिलेगा। इस प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का भी अनुमोदन मिल चुका है।

### यूपी में योगी...

की सबसे ऊर्वर भूमि के रूप में होता है, उसका अधिकांश हिस्सा उत्तर प्रदेश में है। सालों भर बहने वाली गंगा, यमुना व सरयू जैसी नदियां और हर तरह की खेतीबाड़ी के लिए उपयुक्त नौ तरह की जलवायु के कारण उत्तर प्रदेश ऐसा करने में सक्षम है। इस बाबत लगातार प्रयास भी जारी हैं। इन प्रयासों के क्रम में हाल ही में प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों को अधिक से अधिक लाभ पहुचाने के उद्देश्य से राज्य के 70 जिलों में 110000 हैक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल में प्राकृतिक खेती का कार्य प्रारम्भ करने जा रही है।

अब तक किए गए कार्य और नतीजे : जैविक खेती को लोकप्रिय बनाने के लिए योगी सरकार अपने पहले ही कार्यकाल से प्रयासरत है। पहले कार्यकाल में जैविक खेती के क्लस्टर्स बनाकर किसानों को जैविक खेती से जोड़ा गया। तीन वर्ष के लक्ष्य के साथ 20 हेक्टेयर के एक क्लस्टर से 50 किसानों को जोड़ा गया। प्रति क्लस्ट सरकार तीन साल में 10 लाख रुपए प्रशिक्षण से लेकर गुणवत्तापूर्ण कृषि निवेश उपलब्ध कराने पर खर्च करती है। जैविक उत्पादों के परीक्षण के लिए एक प्रयोगशाला लखनऊ में क्रियाशील है। मेरठ और वाराणसी में काम प्रगति पर है। पिछले दो वर्षों के दौरान 35 जिलों में 38,703 हेक्टेयर क्षेत्रफल पर जैविक कृषि परियोजना को स्वीकृति दी जा चुकी है। इसके लिए 22,86,915 किसानों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। जैविक खेती के प्रति लोग जागरूक हों, इस बाबत 16 दिसम्बर 2021 में कृषि विभाग वाराणसी में 22 जनवरी 2020 को चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर में नमामि गंगे योजना के तहत कार्यशाला और प्रदेश के पांच कृषि विश्विद्यालयों, कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके), कृषि प्रबन्धन संस्थान रहमान खेड़ा पर जैविक खेती के प्रदर्शन के पीछे भी सरकार का यही मकसद रहा है।

# 55 हजार के पार सोना, चांदी भी 68 हजार के पार पहुंची

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

नये साल के पहले कारोबारी दिन आज यानी सोमवार को सर्राफा बाजार में सोने-चांदी की कीमत में तेजी देखने को मिली। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के मुताबिक, 2 जनवरी को सर्राफा बाजार में सोना 246 रुपए महंगा होकर 55,113 रुपए पर पहुंच गया है। अगर चांदी की बात करें तो ये साढ़े 68 हजार के पार निकल गई है। सर्राफा बाजार में आज ये 435 रुपए महंगी होकर 68,527 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। 31 दिसंबर को ये 68,092 हजार पर थी। आर्थिक अनिश्चितता के बीच आरबीआई जैसे दुनियाभर के केंद्रीय बैंकों ने सोने का भंडार बढ़ाया है। केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया के मुताबिक, केंद्रीय बैंकों की तरफ सोने की खरीदारी बढ़ना सकारात्मक संकेत है। इससे सोने की कीमतों को सपोर्ट मिलेगा। अजय केडिया ने कहा कि 2023 में सोना 64,000 रुपए तक पहुंच सकता है। 2022 में सोने-चांदी की कीमतों में शानदार तेजी देखने को मिली। बीते साल सोना 48,279 रुपए से बढ़कर 54,867 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। यानी 2022 में सोने के दाम में 6,588 रुपए की तेजी आई। वहीं चांदी की बात करें तो ये 62,035 रुपए से बढ़कर 68,092 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। यानी 2022 में इसकी कीमत में 6,057 रुपए की तेजी आई है। आप सोना और चांदी का भाव आसानी से घर बैठे पता लगा सकते हैं। इसके लिए आपको सिर्फ 8955664433 नंबर पर मिस्ड कॉल देना है और आपके फोन पर मैसेज आ जाएगा।

# अर्थव्यवस्था में तेजी से दिसंबर में पेट्रोल-डीजल की बिक्री बढ़ी

**एजेंसी। नयी दिल्ली**




कृषि क्षेत्र में खपत बढ़ने से देश में पेट्रोल और डीजल की मांग दिसंबर में सालाना आधार पर बढ़ी है। प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार, पिछले महीने पेट्रोल की बिक्री 8.6 प्रतिशत बढ़कर 27.6 लाख टन हो गई जबकि पिछले साल इसी महीने में 25.4 लाख टन खपत हुई थी। कोविड-19 महामारी से प्रभावित दिसंबर 2020 की तुलना में बिक्री 13.3 प्रतिशत और महामारी पूर्व यानी दिसंबर 2019 की तुलना में 23.2 प्रतिशत अधिक रही। वहीं, मासिक आधार पर बिक्री 3.7 प्रतिशत बढ़ी है। आंकड़ों के अनुसार, देश में सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाले ईंधन डीजल की बिक्री पिछले महीने 13 प्रतिशत बढ़कर 73 लाख टन हो गई। दिसंबर 2020 की तुलना में डीजल की खपत 14.8 प्रतिशत और कोविड-पूर्व यानी 2019 की तुलना में 11.3 प्रतिशत अधिक थी। हालांकि नवंबर 2022 की तुलना में डीजल की बिक्री में 0.5 फीसदी की मामूली गिरावट आई है। जबकि पेट्रोल और डीजल की बिक्री जून के बाद से इस महीने सर्वाधिक रही है। उद्योग सूत्रों ने कहा कि कृषि क्षेत्र में गतिविधियां बढ़ने से डीजल की मांग तेजी से बढ़ रही है। रबी फसल की बुवाई के साथ आरि्थक गतिविधियों में तेजी आई और मांग में वृद्धि हुई। वाहन ईंधन की बिक्री जुलाई और अगस्त में मानसून रहने और कम मांग के कारण घटी थी। विमानन क्षेत्र के खुलने के साथ हवाई अड्डों पर यात्रियों की संख्या कोविड-पूर्व के स्तर पर पहुंच गई।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## NEWS इन ब्रीफ

### सूर्यनगरी एक्सप्रेस बेपटरी, 26 घायल

**जोधपुर।** बांद्रा टर्मिनस-जोधपुर सूर्यनगरी रेल एक्सप्रेस जोधपुर मंडल के राजकियावास-बोमादरा रेलखंड के मध्य सोमवार को के पटरी से उतर गई। इस हादसे में दो दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए हैं। रेलवे के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, गाड़ी संख्या 12480, बांद्रा टर्मिनस-जोधपुर सूर्यनगरी एक्सप्रेस के तेरह डिब्बे सोमवार को तड़के 03.27 बजे जोधपुर मंडल के राजकियावास-बोमादरा रेलखंड के बीच पटरी से उतर गये। इनमें तीन डिब्बे पलट गए। हालांकि इसमें किसी प्रकार की जन हानि नहीं हुई। हादसे में 26 यात्री घायल हुए हैं इनमें एक यात्री गंभीर रुप से घायल हैं।

### कंझावला केस : केजरीवाल ने कहा, दोषियों मिलेगी कड़ी सजा

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कंझावला हादसे को शर्मनाक बताते हुए सोमवार को कहा कि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी। केजरीवाल ने ट्वीट कर कहा : कंझावला में हमारी बहन के साथ जो हुआ, वह बेहद शर्मनाक है। मैं उम्मीद करता हूं कि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी। इस मामले में उपराज्यपाल वीके सक्सेना से मैंने बात की है। उनसे दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। दोषियों के खिलाफ आईपीसी की सख्त से सख्त धाराएं लगाई जानी चाहिए।

### जम्मू में धमाका, एक बच्ची की मौत

**श्रीनगर।** जम्मू के राजौरी में डांगरी गांव में सोमवार सुबह आईईडी ब्लास्ट की घटना में एक बच्ची की मौत हो गई। वहीं, घटना में पांच अन्य घायल हैं और इनमें से एक की हालत गंभीर है। धमाका उन तीन घरों में से एक में हुआ, जहां रविवार शाम आतंकवादियों ने फायरिंग की थी। इस आतंकी हमले में चार हिंदुओं की जान चली गई और सात घायल हैं। एडीजीपी मुकेश सिंह ने कहा कि पुलिस ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी है। एनआईए की टीम भी यहां जांच करेगी।

### पंजाब सीएम के घर के पास मिला बम, हड़कंप

**चंडीगढ़।** पंजाब के सीएम भगवंत मान के घर के पास बम मिलने से हड़कंप मच गया। बता दें कि यह बम भगवंत मान के चंडीगढ़ स्थित आवास के पास बने हेलीपैड से कुछ दूरी पर मिला है। बम मिलने की सूचना के बाद बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंचा और इलाके को सील कर दिया गया है। मालूम हो कि यह इलाका हाई सिक्योरिटी वाला है, ऐसे में इस इलाके से बम मिलने की सूचना से हड़कंप मच गया। जिस जगह बम मिला, वहां से हरियाणा के सीएम मनोहर लाल खट्टर का आवास भी नजदीक है।

### दामाद संग सास हो गयी फरार

**सिहोर।** राजस्थान के सिरोही जिले में दामाद और सास के बीच प्यार और फिर दोनों के साथ फरार हो जाने की घटना सामने आई है। दामाद ने पहले तो ससुर को खूब शराब पिलाकर बेसुध कर दिया और फिर सास को लेकर फरार हो गया। बाद में होश आने पर पीड़ित थाने पहुंचा और शिकायत दर्ज कराई। घटना सिरोही जिले के अनादरा थाना इलाके की है। बताया जा रहा है कि यहां सियाकरा गांव में एक सास को अपने दामाद से ही प्यार हो गया।

# ठंड ने असर दिखाना किया शुरू, पहाड़ी इलाकों में माइनस से नीचे पहुंचा तापमान

**उत्तर भारत में घना कोहरा, दिल्ली में अलर्ट जारी**

**यूपी-राजस्थान समेत चार राज्यों के स्कूलों में छुट्टी की घोषणा**

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

जनवरी की शुरुआत के साथ ही ठंड ने असर दिखाना शुरू कर दिया है। पहाड़ी इलाकों में पारा माइनस से नीचे चला गया है। इसके साथ ही ज्यादातर इलाके कोहरे की सफेद चादर में लिपटे नजर आए। श्रीनगर में रविवार रात पारा -5.4 डिग्री तक नीचे चला गया। दिल्ली में ठंड का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। एक दिन पहले न्यूनतम तापमान 5.5 दर्ज किया गया था। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में राष्ट्रीय राजधानी में कड़ाके की सर्दी पड़ेगी। वहीं, पूरे उत्तर भारत में सोमवार सुबह घना कोहरा छाया रहा। इसके चलते फ्लाइट्स और ट्रेनों पर असर पड़ा। उत्तर प्रदेश में अगले पांच



दिन शीत लहर चलने का अलर्ट है। यूपी, बिहार, राजस्थान और पंजाब के स्कूलों में ठंड के चलते छुट्टियां कर दी गई हैं।

### घने कोहरे ने लोगों की बढ़ा दी हैं परेशानियां

घने कोहरे ने भी लोगों की परेशानियां बढ़ा दी हैं। कई ट्रेन और फ्लाइट कोहरे के कारण लेट हो रही हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा और यूपी समेत पूरे उत्तर भारत में घना कोहरा छाए रहने के आसार हैं। जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी का लगातार जारी है। गुलमर्ग में रविवार रात माइनस 10 डिग्री, पहलगाम में -9.5, श्रीनगर में -5.4 और कुपवाड़ा में -5.7, जम्मू में 4.2 डिग्री टेम्परेचर दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, छह जनवरी तक जम्मू-कश्मीर में न्यूनतम तापमान में और गिरावट की आशंका है। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी इलाकों में भी बर्फबारी जारी है। इस कारण मैदानी इलाकों में ठंड बढ़ गई है। प्रदेश के डैनकुंड, कलातोप, अहला 6 इंच बर्फ से ढक गए हैं। दिल्ली में सोमवार सुबह न्यूनतम तापमान 7.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं, अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मध्य प्रदेश में दिसम्बर भले 10 साल में सबसे गर्म रहा, लेकिन नया साल कड़ाके की ठंड लेकर आया। भोपाल, ग्वालियर, चंबल में घना कोहरा छाया रहा। मौसम विभाग के मुताबिक, 5-6 जनवरी को मावठा भी गिर सकता है। इसकी एंट्री जबलपुर से होगी। यह भोपाल के पास तक एक्टिव रह सकता है। इससे पारा 9 डिग्री तक गिर सकता है।

# भक्तों की पिकअप वैन बाइक और ट्रक से टकराई, 11 की मौत

**राजस्थान में बड़ा सड़क हादसा**

**खंडेला स्थित गणेशधाम दर्शन करने के लिए जा रहे थे श्रद्धालु**

**हादसे पर राज्यपाल, मुख्यमंत्री गहलोत और लोकसभा अध्यक्ष ने जताया शोक**



**एजेंसी। जयपुर**

राजस्थान में सीकर जिले के खंडेला थाना क्षेत्र में एक बड़ा हादसा हो गया। यहां पिकअप वैन के मोटरसाइकिल से टकराने के बाद बोरिंग मशीन ट्रक से भीड़ जाने की घटना में 11 लोगों की मौत हो गयी जबकि कुछ लोग घायल हो गए। पुलिस के अनुसार जयपुर जिले के चौमू इलाके के सामोद से पिकअप में सवार होकर सीकर जिले में खंडेला स्थित गणेशधाम दर्शन करने के लिए ये लोग आ रहे थे कि उनकी पिकअप एक मोटरसाइकिल को टक्कर मारते हुए बोरिंग मशीन ट्रक में जा घुसी। हादसे में मोटरसाइकल पर सवार पति-पत्नी एवं पिकअप में सवार लोगों सहित 11 लोगों की मृत्यु हो गई। हादसे से मची चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को पलसाना चिकित्सालय पहुंचाया गया।

हादसे पर राज्यपाल कलराज मिश्र, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एवं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने शोक जताया है। मिश्र ने दिवंगतों की आत्मा की शांति तथा उनके परिजनों को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है। गहलोत ने कहा कि सीकर के खंडेला क्षेत्र में पलसाना-खंडेला मार्ग पर हुई सड़क दुर्घटना में कई लोगों की मृत्यु अत्यंत दुखद है। शोकाकुल परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं, ईश्वर उन्हें यह आघात सहने की शक्ति प्रदान करें, दिवंगतों की आत्मा को शांति प्रदान करें। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। बिड़ला ने भी हादसे पर दुख व्यक्त किया और कहा कि सीकर में हुए भीषण सड़क हादसे में कई लोगों की मृत्यु हृदयविदारक है। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें तथा शोक संतप्त परिवारों को इस आघात को सहन करने का संबल दें।मेरी गहन संवेदनाएं पीड़ति परिजनों के साथ हैं। उन्होंने ईश्वर से घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना की।

## मां ने तीन महीने की बच्ची को तीसरी मंजिल से फेंका, मौत

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद में एक मां ने अपनी तीन महीने की बच्ची को हॉस्पिटल की तीसरी मंजिल से नीचे फेंक दिया। तीसरी मंजिल से नीचे गिरने की वजह से मासूम की मौत हो गई। 23 साल की मां को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। ये घटना साल के पहले दिन यानी 1 जनवरी की है। गुजरात के एक सिविल हॉस्पिटल में मां ने इस घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने बताया कि तीसरी मंजिल से बच्ची को नीचे फेंकने वाली महिला आणंद के पेटलाड की रहने वाली है। महिला का नाम फरजानबानू मालेक है। महिला ने पुलिस से बताया कि उसकी तीन महीने की बच्ची अमरीनबानू जन्म के साथ ही बीमार थी। वो काफी बीमार रहती थी। मैं उसे दर्द में नहीं देख सकती थी। इसलिए मैंने ये कदम उठाया। मां की इस निर्ममता की कहानी सुन सब कोई हैरान है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि तीन महीने की बच्ची दो हफ्ते पहले हॉस्पिटल में एडमिट हुई थी।

# तीसरी बार ब्राजील के राष्ट्रपति बने लूला सिल्वा



**10 हजार सुरक्षा बलों की मौजूदगी में ली शपथ**

**साइकिल पर समारोह देखने पहुंचे लोग**

**एजेंसी। ब्रासीलिया**

ब्राजील में नए साल के पहले दिन यानी 1 जनवरी को लूला डा सिल्वा ने राष्ट्रपति पद की शपथ ली। वो तीसरी बार राष्ट्रपति बने। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान 10 हजार सुरक्षा बल मौजूद रहे। उनके समर्थक अपने नेता को राष्ट्रपति बनते देखने के लिए प्लेन, गाड़ियों और साइकिलों पर समारोह के स्थान पर पहुंचे। शपथ लेने के बाद लूला डॉ. सिल्वा ने कहा, हम ब्राजील का पुनर्निर्माण करेंगे। सालों तक लड़ाई कर हमने जो अधिकार, आजादी और विकास पिछले कुछ समय में खोया उसे वापस हासिल किया जाएगा। लूला डा सिल्वा ने ब्राजील के गरीब लोगों के जीवन में सुधार, नस्लीय और लैंगिक समानता को लेकर काम करने का वादा किया। ब्राजील में लूला डा सिल्वा के चुनाव जीतने के बाद से बोल्सोनारों के समर्थकों में रोष है। जिसके चलते वहां लगातार दंगे और प्रदर्शन हुए हैं। ऐसे में लूला डा सिल्वा के शपथ ग्रहण समारोह में काफी सुरक्षा मौजूद रही। शपथ ग्रहण समारोह में आने वाले लोगों के बोतल, कैन, फ्लैग मास्ट यानी झंडा लगाने वाला पोल, और खिलौनों वाली बंदूक लाने पर पाबंदी रही। लूला डा सिल्वा ने बिना नाम लिए बोल्सेनारों को धमकी दी। उन्होंने कहा कि उनके शासन में कानून व्यवस्था का पालन होगा। जो भी लोग गलती करेंगे उन्हें सजा भुगतनी होगी।

# ऑस्ट्रेलिया के आसमान में टकराए दो हेलिकॉप्टर, चार लोगों की मौत

**एक लैंडिंग तो दूसरा कर रहा था टेक-ऑफ, थीम पार्क में हुआ हादसा**

**एजेंसी। कैनबरा**

ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड में सोमवार को एक भयानक हादसा हो गया। यहां हवा में दो हेलिकॉप्टर आपस में टकरा गए। हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई जबकि तीन लोगों की हालत गंभीर है। डेली मेल ऑस्ट्रेलिया की रिपोर्ट के मुताबिक, हादसा एक थीम पार्क के पास हुआ। यहां लोग हेलिकॉप्टर में जॉय राइड कर रहे थे।

एक चश्मदीद ने बताया कि एक हेलिकॉप्टर लैंडिंग कर रहा था और दूसरा टेक ऑफ कर रहा था। तभी दोनों में टक्कर हो गई। एक अन्य चश्मदीद एमा बर्च ने भी आंखों देखा हाल बताया। उसने कहा : एक हेलिकॉप्टर जमीन की तरफ आ रहा था। उसी समय दूसरा हेलिकॉप्टर टेक ऑफ कर रहा था। दोनों हेलीकॉप्टर काफी करीब आ गए थे और फिर टकरा गए। हमें तेज धमाके जैसी आवाज सुनाई दी। हमने देखा की एक हेलिकॉप्टर संतुलन खोकर जमीन पर गिर रहा है। उससे धुआं निकल रहा था। हादसा काफी भयानक था। थीम पार्क में मौजूद सभी लोग शॉक में थे।

# मैक्सिको जेल पर हमला, 10 सुरक्षा गार्ड समेत 14 मारे गये

**एजेंसी। मैक्सिको सिटी**

मैक्सिको के उत्तरी शहर सियुडाड जुआरेज में स्थित एक जेल पर कुछ हमलावरों के हमले में दस सुरक्षागार्ड और चार कैदियों की मौत हो गयी है। चिहुआहुआ स्टेट प्रॉसिक्यूटर ऑफिस की ओर से दी गयी जानकारी में यह बताया गया। आधिकारिक बयान में कहा गया कि रविवार को सुबह बख्तरबंद गाड़ी में सवार कुछ बंदूकधारी हमलावरों ने जेल के सुरक्षाकर्मियों पर ताबडतोड़ गोलियां बरसायीं। मैक्सिको के सैनिकों और स्टेट पुलिस ने रविवार को बाद में जेल पर एक बार फिर से कब्जा किया। जेल पर हुए इस हमले में 13 लोग घायल हुए और 24 कैदी मौके का फायदा उठाते हुए जेल से भाग गये। बयान में यह भी कहा गया कि स्थानीय पुलिस ने बख्तरबंद गाड़ी में सवार दो बंदूकधारियों को मार गिराया।

**ईको-फ्रेंडली** | **ह्यूमन कम्पोस्टिंग से दांत-हड्डियां भी हो जाएंगे मिट्टी**

# एक महीने में डेड बॉडी बन जाएगी खाद

**एजेंसी। न्यूयॉर्क**

न्यूयॉर्क में अब डेड बॉडी को ईको-फ्रेंडली तरीके से उपजाऊ खाद में बदला जा सकेगा। अब उसे जलाने या दफनाने की जरूरत नहीं होगी। डेड बॉडी को मिट्टी में बदलने के इस तरीके को ह्यूमन कम्पोस्टिंग कहा जाता है। न्यूयॉर्क के गवर्नर कैथी होचुल ने ह्यूमन कम्पोस्टिंग कानून को पास कर दिया है। वह ऐसा करनेवाला छठा अमेरिकी राज्य बन गया है। 2019 में सबसे पहले वाशिंगटन ने ह्यूमन कम्पोस्टिंग की अनुमति दी थी। इसके बाद 2021 में कोलोराडो और ओरेगन वहीं 2022 में कैलिफोर्निया और वर्मोंट ने इसकी इजाजत दे दी थी। इस प्रक्रिया में डेड बॉडी को स्टेनलेस



स्टील के एक सिलेंडर में रखा जाता है। उसके साथ में बायोडिग्रेडेबल मैटेरियल भी डाला जाता है। माइक्रोब डेड बॉडी और दूसरे मटेरियल को तोड़ते हैं। एक महीने के भीतर डेड बॉडी पोषक तत्वों से भरपूर मिट्टी में बदल जाती है। इस मिट्टी को मृत व्यक्ति के परिवार वाले अपने बगीचे में इस्तेमाल कर सकते हैं। या चाहें तो जंगलों में बिखेरने के लिए दान भी कर सकते हैं।

### दफनाने या जलाने की तुलना में कम ऊर्जा खर्च

रीकंपोज कंपनी की एना स्वेनसन कहती हैं कि इस प्रक्रिया में पारंपरिक रूप से जलाने या दफनाने की तुलना में आठ गुना कम एनर्जी का इस्तेमाल होता है। इससे वायु प्रदूषित नहीं होती है। साथ ही उपजाऊ मिट्टी भी मिल जाती है। इससे अमेरिका में जगह की समस्या भी दूर हो सकती है। दरअसल, अमेरिका में डेड बॉडीज को दफनाने के लिए जगह लगातार कम हो रही है। कई बड़े क्रबिस्तानों के अगले 10-15 सालों में पूरा भर जाने की आशंका जताई जा रही है। ऐसे में ह्यूमन कम्पोस्टिंग से जगह की समस्या दूर हो सकती है।

**एक डेड बॉडी से बनती है 36 बैग मिट्टी :** ह्यूमन कम्पोस्टिंग करनेवाली रीकम्पोज कंपनी के मुताबिक, एक डेड बॉडी से 36 बैग मिट्टी बनती है। इस प्रक्रिया में दांत और हड्डियां भी मिट्टी बन जाते हैं। कंपनी की आउटरीच मैनेजर एना स्वेनसन बताती हैं - परिवार वालों को मिट्टी सौंपने से पहले उसकी जांच की जाती है कि उसमें कोई हानिकारक पैथोजन तो नहीं है। इसके अलावा जिन लोगों की मौत टीबी की बीमारी की वजह से हुई हो या रेडिएशन थेरेपी से इलाज हुआ हो। उनकी डेड बॉडी की ह्यूमन कम्पोस्टिंग नहीं की जाती है।




# अजय ने शेयर की 'भोला' की झलक तब्बू भी मुख्य भूमिका में आयेंगी नजर

**एजेंसी। मुंबई**



बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन ने अपनी आनेवाली फिल्म भोला की झलक सोशल मीडिया पर शेयर की है। 'भोला' एक सस्पेंस-थ्रिलर फिल्म है, जिसमें अजय देवगन एक्शन करते नजर आएंगे। इस फिल्म के निदेशक और निर्माता अजय देवगन ही हैं। इस फिल्म में अजय देवगन के साथ तब्बू की मुख्य भूमिका होगी। अजय देवगन ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इसमें भोला की एक झलक नजर आ रही है। अजय देवगन ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा है : भोला का वर्ष शुरू हो गया। सभी को नए वर्ष की शुभकामनाएं। इसके अलावा उन्होंने शेड्स ऑफ भोला और भोला इन 3डी नामक दो हैश टैग भी लगाए हैं। अजय देवगन की फिल्म भोला 3डी में 30 मार्च 2023 को रिलीज होगी। फिल्म भोला तमिल फिल्म 'कैथी' की हिंदी रीमेक है। इस फिल्म में साउथ सुपरस्टार कार्थी शिवकुमार ने मुख्य भूमिका निभाई थी। फिल्म को लोकेश कनगराज ने निर्देशित किया था।